संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार, 27 दिसंबर 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'वीर बाल दिवस' पर आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। बच्चों से संवाद करते हुए पीएम मोदी।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 18 अंकः 356 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group








आदर्श विचार



"व्यक्ति तभी सफल हो पाता है, जब वह दूरदर्शी होता है।"

- भगवत गीता

मन की बात



"उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य ना प्राप्त हो जाये।"

-स्वामी विवेकानंद

# युवाओं को सशक्त कर रही सरकारः मोदी

## ● विपरित परिस्थितियों में भी राष्ट्र सबसे पहलेः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**राष्ट्र प्रेम**

**यह पहला मौका है जब गणतंत्र दिवस की बजाय वीर बाल दिवस पर देश के बहादुर बच्चों को सम्मानित किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राजधानी दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में 'वीर बाल दिवस' पर आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वीर बाल दिवस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में बहादुरी दिखाने वाले 17 बच्चों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सम्मानित किया। इस अवसर पर पीएम मोदी भी मौजूद रहे और उन्होंने बच्चों से संवाद किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि यह युग मशीनों से आगे बढ़कर मशीन लर्निंग की ओर बढ़ गया है। ये पहला मौका है जब गणतंत्र दिवस की बजाय वीर बाल दिवस पर देश के बहादुर बच्चों को सम्मानित किया गया है। गुरुवार को पीएम मोदी ने वीर बाल दिवस पर एक कार्यक्रम में बोलते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव और चुनौतियों के अनुकूल होने की आवश्यकता है। इसके साथ ही उन्होंने सरकार की युवा-केंद्रित नीतियों पर भी जोर दिया।




### राष्ट्र के उद्देश्य से बढ़कर कुछ भी नहींः मोदी

**वीर** बल दिवस एक स्थायी सबक सिखाता है, "चाहे परिस्थितियां कितनी भी प्रतिकूल क्यों न हों, राष्ट्र के उद्देश्य से बढ़कर कुछ भी नहीं है। राष्ट्र के हित में किया गया प्रत्येक कार्य वीरता का कार्य है।" पीएम मोदी ने की विजेताओं से बात इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के विजेताओं से पीएम मोदी ने बातचीत भी की। पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए मोदी ने कहा कि इन बच्चों ने दिखाया है कि भारत के युवा क्या हासिल करने में सक्षम हैं।

### 'युवाओं के कारण विकसित भारत की सफलता सुनिश्चित'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने भारतीय युवाओं के साहस और सामर्थ्य की सराहना करते हुए कहा कि आज के युवाओं के सामने विकसित भारत का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि युवाओं के कारण विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की सफलता सुनिश्चित है। प्रधानमंत्री गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने इस दौरान सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान का शुभारंभ भी किया। इसका उद्देश्य पोषण संबंधी सेवाओं के कार्यान्वयन को मजबूत करके और सक्रिय सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करके पोषण संबंधी परिणामों और कल्याण में सुधार करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम के दौरान ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) के विजेता बच्चों से भी बातचीत की। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में युवाओं को भविष्योन्मुखी बनाने की जरूरत पर बल दिया और कहा कि युवा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहें। प्रधानमंत्री ने देश की आजादी के समय युवाओं की भूमिका से लेकर मौजूदा समय में विदेशी कंपनियों के शीर्ष पर भारतीयों के काबिज होने का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा, ह्लआज के युवाओं के सामने विकसित भारत का लक्ष्य है। इस दशक में हमें अगले 25 वर्षों के तेज विकास की नींव रखनी है, इसलिए भारत के युवाओं को अधिक से अधिक इस समय का लाभ उठाना होगा।

# पीएम आज 50 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को दोपहर लगभग 12:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 200 जिलों के 46,000 से अधिक गांवों में संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत 50 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की तरफ से गुरुवार को जारी की गई जानकारी के मुताबिक स्वामित्व योजना को प्रधानमंत्री द्वारा नवीनतम सर्वेक्षण ड्रोन तकनीक के माध्यम से गांवों में बसे क्षेत्रों में घरों के मालिक परिवारों को अधिकारों का रिकॉर्ड प्रदान करके ग्रामीण भारत की आर्थिक प्रगति को बढ़ाने के दृष्टिकोण के साथ शुरू किया गया था। यह योजना संपत्तियों के मुद्रीकरण को सुगम बनाने और बैंक ऋण के माध्यम से संस्थागत ऋण उपलब्ध कराने, संपत्ति संबंधी विवादों को कम करने, ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्तियों और संपत्ति कर के बेहतर मूल्यांकन की सुविधा प्रदान करने तथा व्यापक ग्राम-स्तरीय योजना बनाने में भी मदद करती है। 3.1 लाख से ज्यादा गांवों में ड्रोन सर्वे पूरा हो चुका है।



**स्वामित्व योजना**

**ग्रामीण भारत की आर्थिक प्रगति को बढ़ाने के दृष्टिकोण के साथ शुरू किया गया था**

## बेलगावी बैठक में भारतीय मानचित्र के साथ छेड़छाड़ का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली**: कर्नाटक के बेलगावी में गुरुवार से कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की दो दिवसीय बैठक शुरू हो रही है। बैठक परिसर में लगा पोस्टर विवादों में घिर गया है। भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाया है कि इस बैठक को लेकर लगाए पोस्टर में भारत के मानचित्र को गलत दिखाया गया है। इस मानचित्र में कश्मीर को पाकिस्तान के हिस्से में दिखाया गया है। भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसकी नीयत हमेशा से भारत को तोड़ने की रही है।

# राष्ट्रपति ने 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किये

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक समारोह में 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 17 बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए सात श्रेणियों में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किये। सम्मानित होने वालों में सात लड़के और 10 लड़कियां हैं। राष्ट्रपति ने इन्हें एक पदक, प्रमाण पत्र और एक प्रशस्ति पत्र पुस्तिका देकर सम्मानित किया। आज के समारोह में सबसे कम आयु के पुरस्कार विजेता कोलकाता में रहने वाले मास्टर अनीश सरकार उस आयु वर्ग में हैं, जब बच्चे प्ले स्कूल और नर्सरी कक्षा में होते हैं। मास्टर अनीश विश्व में सबसे कम उम्र में विश्व रैंकिंग पाने वाले शतरंज खिलाड़ी बन गए हैं। पंद्रह साल की बेटी हेमबती नाग के माता-पिता का स्वर्गवास हो चुका है। वह छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र से आती हैं।




## उत्तर भारत शीत लहर के आगोश में, पहाड़ों पर गिर रही बर्फ से कांपे मैदान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत समूचा उत्तर भारत शीत लहर के आगोश में है। पहाड़ों पर गिर रही बर्फ से मैदानों में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के कारण दिल्ली समेत कई राज्यों में हल्की बारिश होने और कोहरा छाने की संभावना है। दिल्ली में आज अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने की संभावना है। अगले तीन दिन के लिए घने कोहरे की चेतावनी (येलो अलर्ट) जारी की गई है।

# आरबीआई ने एआई के नैतिक उपयोग पर 8 सदस्यीय पैनल किया गठित

**कमेटी गठित**

**एआई के नैतिक इस्तेमाल के बारे में एक रूपरेखा तैयार करने के लिए 8 सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की**

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई/नई दिल्लीः** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने वित्तीय क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जिम्मेदार एवं नैतिक इस्तेमाल के बारे में एक रूपरेखा तैयार करने के लिए गुरुवार को 8 सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की। ये समिति पहली बैठक की तारीख से छह महीने के अंदर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। रिजर्व बैंक के मुताबिक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मुंबई में कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर पुष्पक भट्टाचार्य इस समिति के अध्यक्ष होंगे। भट्टाचार्य की अध्यक्षता वाली यह पैनल वैश्विक स्तर के साथ-साथ भारत में वित्तीय सेवाओं में एआई को अपनाने के वर्तमान स्तर का आकलन करेगा।




## राजद के 12 नेता एनडीए के संपर्क में हैंः मांझी

**पटनाः बिहार** में जारी सियासी घमासान के बीच केंद्रीय मंत्री औ एनडीए गठबंधन के सहयोगी जीतन राम मांझी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के करीब 12 नेता एनडीए के संपर्क में हैं। जल्दी एनडीए के साथ आ सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने जा रहा है। कहीं किसी पार्टी के बीच मनमुटाव नहीं है। आपलोग अफवाहों पर ध्यान न दें।

## 30 दिसंबर को पंजाब बंद का आह्वान

**टीम एक्शन इंडिया**

**पंजाबः** पंजाब के किसानों ने अपनी मांगों के समर्थन में 30 दिसंबर को पंजाब बंद का आह्वान किया है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने बंद के दौरान आम जनता की सुविधाओं और आपातकालीन सेवाओं को प्राथमिकता देने की घोषणा की है। किसान नेता ने कहा कि बंद के दौरान मेडिकल सेवाएं और अन्य आपातकालीन सुविधाएं सामान्य रूप से जारी रहेंगी। एयरपोर्ट पर यात्रियों और शादी समारोहों के वाहनों को रोका नहीं जाएगा। इसके साथ ही, परीक्षार्थियों को उनके परीक्षा केंद्र तक जाने में पूरी सहायता दी जाएगी।

# कांग्रेस को संगठनात्मक शक्ति को बढ़ाना होगाः खरगे

**चिंतन**

**हमारे समर्थक जानना चाहते हैं कि हम अपने आप को शक्तिशाली बनाने के लिए क्या करने वाले हैं?**

**टीम एक्शन इंडिया**

नई दिल्लीः कर्नाटक के बेलगावी में गुरुवार को कांग्रेस की विस्तारित कार्य समिति की बैठक में "नव सत्याग्रह" की शुरूआत हो गई। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उद्घाटन भाषण में कहा कि हमें अपनी संगठनात्मक शक्ति को बढ़ाना होगा। हमारे समर्थक जानना चाहते हैं कि हम अपने आप को शक्तिशाली बनाने के लिए क्या करने वाले हैं? वैसे लोग जो हमारे समर्थक नहीं है परन्तु केंद्र सरकार से अपनी उम्मीद खो बैठे हैं, वो भी जानना चाहते हैं कि हम कैसे अपने आप को मजबूत बनाएंगे। बैठक शुरू होने से पहले मल्लिकार्जुन खरगे ने झंडोत्तोलन किया। उससे पहले पार्टी अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने मार्च किया। खरगे ने बैठक में शामिल पदाधिकारियों और नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि आज कांग्रेस के इतिहास में बहुत सुनहरा दिन है। गांधी जी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के सौवें वर्ष पर बेलगावी (बेलगांव) में महात्मा गांधी नगर में ऐतिहासिक




### 'संवैधानिक प्रावधानों का आदर नहीं होता'

**सत्ताधारी** दल के लोगों द्वारा संविधान के प्रस्तावना का अपमान होता रहता है। संवैधानिक प्रावधानों और मूल्यों का आदर नहीं होता है। संवैधानिक संस्थाओं को नियंत्रित किया जा रहा है। कभी वोटरों का नाम सूची से काटा जाता है। कभी उनको वोट डालने से रोका जाता है। कभी वोटर सूची संख्या में अचानक वृद्धि हो जाती है। कभी वोट डालने के अंतिम समय में वोट प्रतिशत अप्रत्याशित तरीके से बढ़ जाता है। डा. मनमोहन सिंह की सरकार में हमने किसानों की 72 हजार करोड़ रुपये की ऋणमाफी की।

# सीतारमण ने निर्यात विशेषज्ञों के साथ बजट पूर्व की चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**

नई दिल्लीः केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को राजधानी में निर्यात, व्यापार और उद्योग क्षेत्रों के प्रमुख हितधारकों और विशेषज्ञों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की। इस बैठक में आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 के लिए अंतर्दृष्टि और सुझाव एकत्र करने पर चर्चा हुई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी, 2025 को संसद में अगले वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश करेंगी।निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आगामी बजट में व्यापार एवं सेवा क्षेत्रों को मजबूत बनाने के लिए प्रमुख चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा की गई। इस बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ और मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंथा वी नागेश्वरन भी शामिल हुए।







# औद्योगिक क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पर लौटने में लगेगा एक दिन, सभी छह फीडर शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** चार दिन पहले हुए पावर हाउस में आग लगने के बाद औद्योगिक क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल करने का काम तेजी से जारी है। बिजली निगम द्वारा 20 एमवीए के टी-2 ट्रांसफार्मर से जुड़े सभी छह फीडरों को चालू कर दिया गया है, जिससे करीब 250 फैक्ट्रियों में बिजली सप्लाई शुरू हो चुकी है। हालांकि, आग में जले टी-1 ट्रांसफार्मर से जुड़े आठ फीडरों की सप्लाई अभी बहाल नहीं हो पाई है। जले हुए टी-1 ट्रांसफार्मर को एचवीपीएनएल ने बदल दिया गया है। अब इसके



पैनल और आउटगोइंग केबल को बदलने का कार्य अंतिम चरण में है। बिजली निगम के अधिकारियों के अनुसार, आज शाम तक टी-1 ट्रांसफार्मर का ट्रायल किया जा सकता है। यदि ट्रायल सफल होता है, तो कल से पूरे औद्योगिक क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल हो जाएगी। चार दिन पहले पावर हाउस में आग लगने की घटना के कारण करीब 550 फैक्ट्रियों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है।

बिजली न होने के कारण उद्योगपति डीजीसेट के सहारे अपने उद्योग चला रहे हैं, जिससे उत्पादन प्रभावित हो रहा है। बिजली निगम के त्वरित प्रयासों के बावजूद, अब भी औद्योगिक क्षेत्र में कामकाज सामान्य होने में एक दिन का समय लग सकता है। बिजली निगम के अधिकारियों ने कहा कि आग की वजह से एचवीपीएनएल व यूएचबीवीएन को 4 करोड 15 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। साथ ही, सुरक्षा उपायों को और सख्त किया जाएगा ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

# वीर बाल दिवस पर युवाओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा गन्नौर के नेतृत्व में राजपुर मण्डल के गांव भुर्री में मण्डल महामंत्री श्रवण कौशिक के निवास पर वीर बाल के उपलक्ष्य में कार्यक्रम हुआ। जिसमें भाजपा नेता आजाद सिंह नेहरा ने संबोधित करते हुए कहा कि गुरु गोविंद सिंह के साहबजादे जोरावर सिंह और फतेहसिंह को सरहिंद के नबाब वजीर खान ने आज के दिन जिन्दा दिवार मे चिनवा दिया था। गुरु गोविन्द सिंह के दो बड़े



साहबजादे अजीत सिंह और झुझार सिंह पहले ही आनंदपुर की लड़ाई में शहीद हो गए थे। जब सरहिंद के नबाब वजीर खान दोनों छोटे साहबजादे जोरावर सिंह और फतेहसिंह को दिवार मे चिनवा रहे थे तो उन्होंने कहा था कि धरो ईंटभरो गारे चुनो दिवार हत्यारे हमारी सांस बोलेगी।

## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

निविदा संख्या: 42-क.वि.-नई दिल्ली-2024-25 दिनांक : 26.12.2024

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | भाग–ए: दो वर्ष की अवधि के लिए डीएलआई क्षेत्र (पीएसआई/एनडीएलएस और पीएसआई/एफडीबी) में 25 केवी एसी ट्रैक्शन सिस्टम की पीएसआई रखरखाव गतिविधि की आउटसोर्सिंग। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 1,43,49,325.10/- |
| 3 | बयाना राशि | रु. 2,21,800/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 07.01.2025 (10:30 बजे) से 21.01.2025 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 21.01.2025 (15:00 बजे) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

3947/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हिमांशु उर्फ कुणाल सिंह, पुत्रः** कृष्ण उर्फ लाला उर्फ दिलबाग **पताः** ग्राम रिटौली थाना शिवाजी कॉलोनी जिला, रोहतक, हरियाणा, ने **FIR No. 195/23 U/s 307/302/384/120-B/34 IPCC थानाः रणहौला दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हिमांशु उर्फ कुणाल सिंह,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हिमांशु उर्फ कुणाल सिंह,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 195/23 U/s 307/302/384/120-B/34 IPC थानाः रणहौला दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **हिमांशु उर्फ कुणाल सिंह,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अंकित करण सिंह**
**एल.डी. एमएम–08, पश्चिम–जिला**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/16759/OD/2024**
**(Court Matter)**

## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से व.मं.यां.अभि. के एवं वे अम्बाला के द्वारा ई टेंडर संख्या **116S-WC-07-MC-4-2024-25** के अंतर्गत खूली निविदाएं आमंत्रित की जाती है जिसके बंद होने की तिथि व समय 11.01.2025 11:00 है जो उसी दिन 11.05 बजे वेबसाइट पर खोलें जाएंगे। इस निविदा के अंतर्गत मनुअल ऑफर स्वीकार्य नही होंगे। टेंडर से सम्बंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

ई–निविदा सूचना सं. – **116S-WC-07-MC-4-2024-25**

| S. N. | कार्य का नाम | एडवरटाईजड वैल्यू | धरोहर राशि | कार्य की अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बठिंडा (अंबाला डिवीजन/उत्तर रेलवे) स्थित HS-SPARMV में ट्रांसमिशन सिस्टम के लिए CAMC 3 वर्ष की अवधि के लिए | Rs. 49,60,221 | Rs. 99,200 | 36 महीने | 11.01.2025 |

नोट:
1. टेंडरर द्वारा निविदा दस्तावेज के साथ सभी संबंधित दस्तावेजों को अपलोड करना आवश्यक है।
2. निविदा सूचना/निविदा दस्तावेज की विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें।

संख्याः– **116S-WC-07-MC-4-2024-25** दिनांक: 24.12.2024 **3941/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# 100 छात्रों को 29 दिसंबर को मिलेगा सम्मानः कादियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर द्वारा रविवार 29 दिसंबर को शहर की नई अनाज मंडी में छठा युवा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें गन्नौर क्षेत्र से 10वीं व 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में अव्वल रहने वाले मेधावियों को सम्मानित किया जाएगा। अबकी बार 50 से बढ़ा कर 100 मेधावियों को सम्मान मिलेगा। इस समारोह को लेकर मेधावियों में उत्साह बना है। देवा सोसायटी संस्थापक एवं हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने



बताया कि गन्नौर क्षेत्र के युवाओं को शिक्षा के साथ खेलों से जोड़ने को लेकर बीड़ा उठाया हुआ है। बोर्ड परीक्षा में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मान देने का सिलसिला 30 बच्चों से शुरू किया था, जो अबकी बार 100 बच्चों तक पहुंच गया है।

## उत्तर रेलवे

'एक स्टेशन एक उत्पाद'
**योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैः**

क) **कुल चार (04) स्टॉलः** रोहतक, मुज़फ्फरनगर, मेरठ कैंट, दिल्ली शाहदरा स्टेशनों पर।

ख) **कुल छब्बीस (26) ट्रालीः** आनंद विहार टर्मिनल, बादली, दिल्ली किशनगंज, फरीदाबाद, जींद, जाखल, नरवाना, टोहाना, मानसा, जुलाना, सांपला, नरेला, पालम, नोली, खेकड़ा, सकौती टांडा, शामली, टपरी, तुगलकाबाद, दिल्ली सफदरजंग, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, देवबंद, खतौली और मोदीनगर स्टेशनों पर।

- रोहतक, मुज़फ्फरनगर, मेरठ कैंट स्टेशनों पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
- उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर **ट्रॉली** स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
- NSG 1, 2, 3 और 4 स्टेशनों पर रजिस्ट्रेशन शुल्क 2000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 5 (मेरठ कैंट, जींद, जाखल, नरवाना, टोहाना, मानसा, बादली, दिल्ली किशनगंज, खेकड़ा, शामली, टपरी, जुलाना, सांपला, खतौली, शिवाजी ब्रिज, तिलक ब्रिज, मुरादनगर, देवबंद और दिल्ली सफदरजंग) & NSG 6 (सकौती टांडा) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1000 रु की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
- प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं:–

क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक।
ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार।
ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह।
घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग।
ड.) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
- आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 31.12.2024, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्याः 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइटः www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP%20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023 पर उपलब्ध है।
- इस से सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है। **3944/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आकाश** पुत्र रघुराज, निवासी ई-1/261, नन्द नगरी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 367/17 धारा 279/338 भा.दं.स. तथा 119/177 मोटर वाहन अधिनियम थाना जी.टी.बी. एन्क्लेव, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आकाश** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **आकाश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr. P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्धोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 367/17 धारा 279/338 भा.दं.स. तथा 119/177 मोटर वाहन अधिनियम थाना जी.टी.बी. एन्क्लेव, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **आकाश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **27.03.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः सुश्री संघमित्रा,**
**न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी-01,**
**कमरा नं. 54, द्वितीय तल, शाहदरा जिला,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली।**

**DP/16879/SHD/2024**

## उत्तर रेलवे

### E-TENDER NOTICE

वरि. म. वि. इंजी./ई.एम.यू./गाजियाबाद भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली ई–निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | GEM/2024/B/5712924 Date: 24.12.2024 |
| 2 | कार्य का विवरण एवं स्थान | ईएमयू कार शेड, गाजियाबाद में 24 महीने की अवधि के लिए वेल्डिंग कार्य के उपयोग के लिए 06 (छह) वेल्डर पदों की भर्ती। |
| 3 | निविदा दस्तावेज की कीमत | NIL |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 47,21,062.21 inclusive of GST |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 94,430 (payment mode available on GeM website) |
| 6 | कार्य पूरा करने की अवधि | 02 (Years) |
| 7 | ऑफर की अवधि | 90 (Days) |
| 8 | निविदा विज्ञापन की तिथि (on GeM website) | 24.12.2024 |
| 9 | निविदा जमा करने की तिथि (on GeM website) | 24.12.2024 and 15.01.2025 11:00 Hrs. |
| 10 | निविदा बंद होने की तिथि व समय | 15.01.2025 (11:00 Hrs.) |
| 11 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय (तत्काल जब निविदा जमा करने का काल समाप्त हो जाए) | 15.01.2025 (11:30 Hrs.) |
| 12 | निविदा छपाई की लागत (allocation) | 06041132 |

**Note 1:** All participant Tenderer/Tenderers will submit their requisite documents along with their tender offer. "No post tender correspondence for submission of additional document shall be entertained after opening of the Technical & Commercial offer. Even suo-moto post tender letters of the tenders shall be treated as null & void" **Note 2:** Duplicate documents should not be enclosed/uploaded. निविदा सूचना website **www.gem.gov.in** पर उपलब्ध है।

**GEM/2024/B/5712924 Date: 24.12.2024** **3940/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बी आर ग्लोबल स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** खेड़ी रोड स्थित बी आर ग्लोबल विद्यालय स्कूल परिसर में बालवीर दिवस के उपलक्ष्य में एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता को गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के साहस और बलिदान को सम्मान देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रों को इन वीर शहीदों की शहादत और बहादुरी से प्रेरित करना था। छात्रों ने बड़े उत्साह के साथ इस प्रतियोगिता में भाग लिया और अपने अपनी कला के माध्यम से वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी। विद्यालय के चेयरमैन राकेश यादव, शैक्षणिक निदेशिका पूजा पहल, प्रधानाचार्य यशपाल एवं शिक्षकगण ने दोनों वीर सपूतों को नमन किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि हमारा देश सदा से वीरों की कर्मभूमि एवं जन्मभूमि रहा है। इन वीरों से हमे प्रेरित होना चाहिए

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **84 BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **जय प्रकाश पुत्रः** गोविन्द सिंह, **पताः** गाँव अलाउद्दीन झिंझाना, शामली, उत्तर पद्रेश, ने **FIR No. 06967/2021 U/s 379/411/34 IPC** थानाः जी.टी.बी एन्कलेव, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जय प्रकाश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जय प्रकाश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 06967/2021 U/s 379/411/34 IPC** थानाः जी.टी.बी एन्कलेव, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **जय प्रकाश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**संघमित्रा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01**
**कमरा नं. 54, दूसरी मंजिल, जिला शाहदरा,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/16877/SHD/2024**
**(Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **तोहिद, पुत्रः आरिफ, पताः 01/36, गली नं. 10, अशोक वाटिका, गरेबा गार्डन, सीमापुरी, दिल्ली** ने **FIR No. 148/15, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना दरियागंज, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **तोहिद** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **तोहिद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 148/15, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना दरियागंज, दिल्ली** के अभियुक्त **तोहिद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.01.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**डॉ. राज कुमार सिंह**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05**
**केंद्रीय जिला, कमरा नं. 241**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/16934/CD/2024**

# न्यू टैगोर स्कूल खेवड़ा में वीर दिवस पर मनाया

**राई।** खेवड़ा गांव में स्थित न्यू टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वीर बाल दिवस मनाया गया। जिसमें स्कूल के नन्हे बच्चों ने साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह की पोशाक पहन कर उनकी भूमिका को निभाया।

## उत्तर रेलवे

### ई–नीलामी नोटिस

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी जिसका विवरण सारणीबद्ध है–

| क्र. सं. | कैटगरी एवं विवरण | Area (Sq. ft.) | ई–कैटलॉग | ई–नीलामी की तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शिमला स्टेशन के आउट ऑफ होम में होर्डिंग/यूनिपोल द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1028 | UMB-Advt-06-24 | 06.01.2025 को 10:00 बजे |
| 2 | सरहिन्द स्टेशन के आउट ऑफ होम में होर्डिंग/यूनिपोल द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1152 | UMB-Advt-06-24 | 06.01.2025 को 10:00 बजे |
| 3 | अम्बाला शहर स्टेशन के आउट ऑफ होम में होर्डिंग/यूनिपोल द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 1600 | UMB-Advt-06-24 | 06.01.2025 को 10:00 बजे |
| 4 | सहारनपुर स्टेशन के आउट ऑफ होम में होर्डिंग/यूनिपोल द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 3480 | UMB-Advt-06-24 | 06.01.2025 को 10:00 बजे |
| 5 | बठिंडा स्टेशन के आउट ऑफ होम में होर्डिंग/यूनिपोल द्वारा वाणिज्य विज्ञापन हेतु ठेका। | 2528 | UMB-Advt-06-24 | 06.01.2025 को 10:00 बजे |
| 6 | अबोहर रेलवे स्टेशन पर नॉन–डिजिटल वाणिज्य विज्ञापन ठेका हेतु। | 360 | UMB-RDNND-04-24 | 02.01.2025 को 11:00 बजे |
| 7 | खरड़ रेलवे स्टेशन पर नॉन–डिजिटल वाणिज्य विज्ञापन ठेका हेतु। | 225 | UMB-RDNND-04-24 | 02.01.2025 को 11:00 बजे |
| 8 | घग्गर, दप्पर व लालरू रेलवे स्टेशन पर नॉन–डिजिटल वाणिज्य विज्ञापन ठेका हेतु। | घग्गर-225 दप्पर-225 लालरू-225 | UMB-RDNND-04-24 | 02.01.2025 को 11:00 बजे |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर जाये। **3943/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।




# कांग्रेस को इंडी गठबंधन से बाहर किया जाए: आप

## कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आआपा) के बीच तलवारें खिंच गई, अजय माकन ने केजरीवाल पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए गंभीर आरोप लगाए थे

**मांग**

**कंग्रेस को आईएनडीआईए (इंडी गठबंधन) से बाहर कर दिया जाना चाहिए: संजय सिंह**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली**। दिल्ली में इंडी गठबंधन न सिर्फ बिखर गया है बल्कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आआपा) के बीच तलवारें खिंच गई हैं। कांग्रेस नेता अजय माकन ने कल अरविंद केजरीवाल पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए गंभीर आरोप लगाए थे। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आआपा सांसद संजय सिंह ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस पर पलटवार किया। आआपा ने कहा कि कांग्रेस को आईएनडीआईए (इंडी गठबंधन) से बाहर कर दिया जाना चाहिए। आआपा नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आरोप लगाया कि दिल्ली में कांग्रेस भाजपा के पक्ष में खड़ी है। अजय माकन भाजपा की स्क्रिप्ट पढ़ते हैं और आआपा के नेताओं को कोसते हैं। उन्होंने कल आआपा के संयोजक केजरीवाल को "एंटी नेशनल" कहा। क्या आज तक अजय माकन ने भाजपा के किसी नेता को ऐसा कहा? ये कैसा बयान है? जिस केजरीवाल ने कांग्रेस के उम्मीदवारों के लिए दिल्ली और चंडीगढ़ में प्रचार किया, संसद में हम कांग्रेस के साथ खड़े रहे, उसी पार्टी (यूथ कांग्रेस) के नेता केजरीवाल के खिलाफ एफआईआर करा रहे हैं। हरियाणा चुनाव में हम कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ना चाहते थे लेकिन कांग्रेस के कारण गठबंधन नहीं हुआ। इसके बावजूद हमारे किसी नेता ने कांग्रेस नेताओं के खिलाफ एक शब्द नहीं बोला। आज कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची देखकर साफ पता चल रहा कि जैसे वह भाजपा के दफ्तर से बन कर आ रही है। संजय सिंह ने अत्यंत तल्ख लहजे में कहा, "अजय माकन और उनकी पार्टी ने जो दुस्साहस किया है, उसके लिए कांग्रेस से बात करूंगा।




### स्पोर्ट्स से जुड़े दो लोग आआपा में हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** गुरुवार को खेल और फिटनेस जगत से जुड़े रोहित दलाल, अक्षय दिलवारी और तिलक राज समेत कई बॉडी बिल्डर्स और रेसलर्स आआपा में शामिल हुए। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पार्टी मुख्यालय में उन्हें पटका और टोपी पहनाकर आम आदमी पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि इन लोगों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है और अब ये स्वस्थ रहने के लिए आम लोगों को ट्रेनिंग और प्रेरणा दे रहे हैं। इनके आने से आम आदमी पार्टी को मजबूती मिलेगी। दिल्ली में सरकार बनने के बाद हम स्पोर्ट्स, रेसलिंग और जिम एसोसिएशन के मसलों के समाधान पर काम करेंगे। पार्टी मुख्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि मुझे आज बेहद खुशी है कि रोहित दलाल, अक्षय दिलवारी और तिलक राज और इनके साथ लगभग 70-80 बॉडी बिल्डर्स और रेसलर्स आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। हम सब लोगों का स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है। शरीर है तो जहान है। अगर स्वास्थ्य नहीं होगा तो सब चीजें बेइमानी हो जाती हैं। रोहित दलाल, अक्षय दिलवारी और तिलक राज ने रेसलिंग व अन्य खेलों में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

# प्रदीप भारद्वाज ने लाल सिंह आर्य से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के नरेला विधानसभा से भाजपा युवा नेता प्रदीप भारद्वाज ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर भाजपा अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य से मुलाकात की और स्थानीय विषयों पर चर्चा की। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर भारतीय जनता पार्टी हर मोर्चे पर अपनी तैयारी मुकम्मल करने की कोशिश कर रही है। इसी क्रम में गुरुवार को नरेला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के युवा नेता प्रदीप भारद्वाज ने भाजपा अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य से मुलाकात की। इस दौरान भाजपा अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य के अलावा भाजपा के कई कार्यकर्ता मौजूद रहें। जिसमें बीजेपी युवा नेता प्रदीप भारद्वाज ने कहा कि नरेला में तमाम दलों के नेता यह भ्रम फैला रहे हैं कि बीजेपी संविधान और आरक्षण विरोधी है। उनकी इस चाल को जन-जन तक ले जाने की योजना पर चर्चा की गई और नरेला ग्रामीण इलाका होने और हरियाणा के अधिकांश हिस्से से लगे हुए होने के कारण यहां पर जाति समीकरण का फैक्टर सबसे अधिक है। साथ ही अब पुनर्वास कॉलोनी और पूर्वांचल का भी असर दिखने लगा है। यहां पिछले दो दशक से अधिक समय तक जाट फैक्टर सबसे हैवी रहा है। ऐसे में अगर हरियाणा के समीकरण को देखते हुए बीजेपी यहां से नॉन जाट को उम्मीदवार तय करती है तो आने वाला मुकाबला काफी दिलचस्प होने वाला है। इस दौरान होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर आगामी रणनीति पर भी चर्चा की गई। इस मौके प्रदीप भारद्वाज सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# जंतर-मंतर पर यमुना को प्रदूषण मुक्त करने के लिए दिया धरना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** यमुना सफाई यमुना की जैव विविधता को पुनर्जीवित करने तथा यमुना के रख-रखाव और उसे प्रदूषण मुक्त करने के लिए जंतर-मंतर पर बड़ी संख्या में साधू संत पहुंचे और अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद अपनी मांगों का एक ज्ञापन राष्ट्रपति को सौंपा। कार्यक्रम का आयोजन प्रीतम धाम दशमेश घाट चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से किया गया था। इसमें कई बड़ी संस्थाएं जिसमें एक दाना फाउंडेशन भी शामिल थी। इस आंदोलन में युवाओं व किसानों को जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर गजराज जी महाराज, योगी पवन नाथ जी, आचार्य वाल्मीकि जी, आचार्य रमन झा, कुमारी अरुणा शर्मा, जितेंद्र शर्मा, डॉ गोविंद पासवान, राम निधि सैनी, वरिष्ठ समाज सेवी जवाहर सिंह, विनाथ रतनलाल, जयप्रकाश चौरसिया, सरदार कुलदीप सिंह, असलम, आचार्य अमरनाथ झा, कथावाचक गौरव दुबे, धीरज शर्मा, गौरी शंकर आदि शामिल थे। इस अवसर पर साधू संतों ने कहा कि यमुना बचेगी तभी दिल्ली बचेगी। इसलिए इस नदी को बचाने के लिए हर किसी को घरों से निकलना होगा। अन्यथा यह शहर पीने के पानी के लिए तरस जाएगा। अगर यमुना मइया को नहीं बचाया गया तो एक दिन ऐसा भी आयेगा जब लोग ही नहीं जीव जंतु भी पानी की कमी से मरने लगेंगे। बाबा हरिदास जी महाराज ने कहा कि हमने अपनी मांगों का एक ज्ञापन राष्ट्रपति कार्यालय को दिया है। हम उम्मीद करते हैं कि यह सरकार दिल्ली की इतनी बड़ी आबादी के बारे में गंभीरता से सोचेगी और यमुना को प्रदूषण मुक्त करने के लिए ठोस कदम उठायेगी।



# रक्षा मंत्री सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर सीएसआर सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 27 दिसंबर को नई दिल्ली में सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) सम्मेलन के छठे संस्करण की अध्यक्षता करेंगे। पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के अंतर्गत केंद्रीय सैनिक बोर्ड की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व सैनिकों, विधवाओं और उनके आश्रितों के पुनर्वास, पुनर्स्थापन और कल्याण के लिए उठाए गए प्रयासों पर प्रकाश डालना और इन प्रयासों के लिए सहयोग जुटाना है।

# एनडीएमसी ने महिला सम्मान योजना पर केजरीवाल के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास किया

**बैठक**

**चहल के साथ ही विधायक एवं सदस्य एनडीएमसी वीरेंद्र सिंह कादियान व अन्य लोग मौजूद रहे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् (एनडीएमसी) में गुरुवार को काउंसिल बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता सांसद बांसुरी स्वराज ने की। इसके अलावा एनडीएमसी के अध्यक्ष केशव चंद्रा, उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल के साथ ही विधायक एवं सदस्य एनडीएमसी वीरेंद्र सिंह कादियान व अन्य लोग मौजूद रहे। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने कहा कि आज की काउंसिल बैठक में सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की महिला सम्मान और संजीवनी योजना पर निंदा प्रस्ताव पास किया। चहल ने कहा कि केजरीवाल अपने व्यक्तिगत और राजनीतिक कारणों से प्रधानमंत्री द्वारा लागू की गई आयुष्मान भारत योजना को दिल्ली के नागरिकों तक नहीं पहुंचने दे रहे हैं। नई दिल्ली क्षेत्र के निवासियों के लिए 25 मई 2022 को परिषद ने अपने क्षेत्र निवासियों के लिए केंद्र की प्रमुख ह्लआयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनाह्व (एबी-पीएमजेवाई) योजना के कार्यान्वयन को सैद्धांतिक रूप से मंजूरी दी थी। जिस बैठक में तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल खुद भी मौजूद थे। चहल ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना, जिसे प्रधानमंत्री ने शुरू किया, भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक है। यह योजना राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 की संस्तुति के तहत सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बनाई गई थी।

इस योजना को सभी राज्यों में लागू करने के लिए प्रधानमंत्री ने आदेश दिए थे, लेकिन दिल्ली सरकार ने राजनीतिक कारणों से दिल्ली के नागरिकों को इस योजना से वंचित रखा है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री ने 29 अक्टूबर 2024 को 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को पांच लाख तक का निशुल्क उपचार लाभ देने के लिए जन आरोग्य योजना का विस्तार किया, जो आयुष्मान भारत योजना से अलग है। केजरीवाल राजनीतिक स्वार्थ सिद्ध करने के लिए प्रधानमंत्री की योजनाओं को लागू नहीं होने दे रहे हैं और इसके बजाय दिल्ली की जनता को गुमराह करने के लिए "मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना" और "संजीवनी योजना" जैसी फर्जी योजनाएं पेश कर रहे हैं।



# बुराड़ी: कैम्स कॉन्वेंट स्कूल में मनाया गया क्रिसमस डे



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के कुशक नम्बर-2 स्थित कैम्स कॉन्वेंट स्कूल में क्रिसमस डे पर स्कूली बच्चों द्वारा सेंटा बनकर और टॉफी बांटकर क्रिसमस डे मनाया गया। इस मौके पर स्कूल प्रिंसिपल सोनिया सैनी व अध्यापिकाओं ने बच्चो के साथ क्रिसमस डे मनाया। इस दौरान स्कूल चेयरमैन खेमचन्द सैनी ने बच्चों के साथ केक काटकर बच्चों को केक भी खिलाया। इस मौके पर बच्चों ने भी चेयरमैन व प्रिंसिपल मैडम के साथ केक खिलाकर हर्षोल्लास के साथ क्रिसमस मनाया। इस मौके पर स्कूल चेयरमैन खेमचंद सैनी ने बच्चों को क्रिसमस के बारे में जानकारी दी और कहा कि हमें बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए और हमेशा ही सत्य की राह पर चलना चाहिए। जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एकदिन सफलता अवश्य ही प्राप्त होती है। इसलिए सभी बच्चे मेहनत व लगन से पढ़ाई करें। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।




# आप के दर्जनों कार्यकर्ता कांग्रेस में हुए शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में आम आदमी पार्टी के पटपड़गंज विधानसभा, कृष्णा नगर विधानसभा और लक्ष्मी नगर विधानसभा के पदाधिकारियों के साथ दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का दामन थामा। आम आदमी पार्टी के पूर्व निगम पार्षद सावित्री शर्मा, मौहम्मद सलाउद्दनी, प्रिंस शर्मा और लिबासपुर से पुष्पेन्द्र यादव, सोनिया ने बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी में शामिल होकर कहा कि केजरीवाल के भ्रष्टाचार और पार्टी में तानाशाही में हमारा दम घुट रहा था, जिसके कारण हम दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में विश्वास जताकर कांग्रेस के हाथ के साथ काम करेंगे। आम आदमी पार्टी के नेताओं को दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डा. नरेन्द्र नाथ, पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता ने कांग्रेस पटका पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। कृष्णा नगर प्रत्याशी और जिला अध्यक्ष गुरचरण सिंह राजू, लक्ष्मी नगर विधानसभा प्रत्याशी सुमित शर्मा, और पूर्व निगम पार्षद अशोक जैन भी मौजूद थे।



# मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्ति के लिए विहिप ने की देशव्यापी अभियान की घोषणा

**अभियान**

**विहिप के संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने कहा- 5 जनवरी को विजयवाड़ा से होगी शुरूआत**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** हिन्दू मन्दिरों की सरकारी नियंत्रण से मुक्ति के लिए विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने अगले महीने से देश व्यापी जन-जागरण अभियान शुरू करने की घोषणा की है। विहिप के संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने गुरुवार को यहां प्रेस वार्ता में यह घोषणा की। मिलिंद परांडे ने कहा कि अब सभी राज्य सरकारों को मंदिरों के नियंत्रण, प्रबंधन और दैनंदिनी कार्यों से स्वयं को अविलंब अलग कर लेना चाहिए, क्योंकि उनका यह कार्य हिंदू समाज के प्रति भेदभावपूर्ण है। संतों और हिंदू समाज के श्रेष्ठ लोगों की अगुवाई में आगामी 5 जनवरी से इस संबंध में हम एक देशव्यापी जन जागरण अभियान प्रारम्भ करेंगे। इस अखिल भारतीय अभियान का शंखनाद आन्ध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में आयोजित हैंदव शंखारावम नामक लाखों लोगों के विशेष व विराट समागम में होगा। विहिप संगठन महामंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश की स्वाधीनता के उपरांत जिस हिन्दू-द्रोही काम पर विराम लग जाना चाहिए था, अर्थात मंदिरों को हिंदू समाज को सौंप देना चाहिए था, एक के बाद एक अनेक राज्य सरकारें संविधान के अनुच्छेद 12, 25 और 26 की अनदेखी करती रहीं। जब कोई मस्जिद या चर्च उनके नियंत्रण में नहीं तो भला हिंदुओं के साथ ही यह भेदभाव क्यों।

अनेक उच्च न्यायालयों तथा सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट संकेतों के बावजूद सरकारें मंदिरों के प्रबंधन व सम्पत्तियों पर कब्जे जमा कर बैठी रहीं।

। उन्होंने आगे कहा कि मंदिरों के प्रबंधन और नियंत्रण का कार्य अब हिंदू समाज के निष्ठावान व दक्ष लोगों को सौंप देना चाहिए। इस बारे में हमने सर्वोच्च न्यायालय के वकीलों, उच्च न्यायालयों के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीशों, संतों तथा विहिप के कार्यकताओं को मिलाकर एक चिंतन टोली बनाई है, जिसने मंदिरों के प्रबंधन व उससे जुड़े किसी भी प्रकार के विवादों के निस्तारण हेतु अध्ययन कर एक प्रारूप तैयार किया है। इसमें यह बात और सामने आई है कि जब सरकारें मंदिर समाज को लौटाएंगी तो स्वीकार कैसे करेंगे और किस प्रावधान के अंतर्गत करेंगे।






# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोगों से वीर साहिबजादों के बलिदान से प्रेरणा लेने का किया आह्वान

**नमन किया**

- नशे की लत के खिलाफ जन आंदोलन चलाने का भी किया आग्रह
- प्रधानमंत्री के प्रयासों से हर साल 26 दिसंबर को देशभर में मनाया जाता है ह्वीर बाल दिवस - मुख्यमंत्री






**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीर बाल दिवस के अवसर पर लोगों से गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों द्वारा दिए गए बलिदानों से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को साहिबजादों की तरह साहस, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का महत्व सिखाएं और उनके जीवन में इन मूल्यों को शामिल करें। यही उनके अद्वितीय बलिदान के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी धर्म गुरुओं और सभी सामाजिक संस्थानों से आग्रह करते हुए कहा कि वे नशे जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ एकजुट होकर जन आंदोलन चलाएं, ताकि इस गंभीर समस्या को जड़ से खत्म कर युवा शक्ति को बचाया जा सके।

मुख्यमंत्री आज कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय वीर बाल दिवस कार्यक्रम में उपस्थित संगतगण को सम्बोधित कर रहे थे। दोनों वीर साहिबजादों को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह का अद्वितीय बलिदान हमें राष्ट्रहित में बड़ी से बड़ी कुबार्नी देने के लिए प्रेरित करता है। छोटी सी आयु में शहादत देने वाले वीर साहिबजादों की अमर गाथा इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है।

नायब सिंह सैनी ने वीर साहिबजादों के शहीदी दिवस को हर वर्ष 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से अब हर वर्ष 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' पूरे देश में श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। गुरु गोबिंद सिंह जी के परिवार के सभी सदस्यों ने एक ही सप्ताह 20 से 27 दिसम्बर, 1704 में धर्म व आम जन की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दी थी। उनके परिवार की शहादत को दुनिया के इतिहास की सबसे बड़ी शहादत माना जाता है।

उनकी कुर्बानियां देश, धर्म और समाज की रक्षा के लिए थीं। उनका बलिदान कमजोर और बेसहारा की रक्षा के लिए था। उन्होंने मानव मात्र के लिए सत्य, न्याय और धर्म का संदेश दिया।

साहिबजादों की शहादत का बदला लेने वाले महान वीर बाबा बन्दा सिंह बहादुर जी को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे पहले ऐसे सिख सेनापति हुए, जिन्होंने मुगलों के अजेय होने के भ्रम को तोड़ा। उन्होंने गुरु गोबिन्द सिंह जी के संकल्प को पूरा करते हुए प्रभुसत्ता सम्पन्न सिख राज्य की राजधानी लोहगढ़ की नींव रखी, जो हरियाणा के यमुनानगर जिले में स्थित है।

## सिख एक बहादुर कौम, सिख धर्म ने देश को दिए 10 महान गुरु

**सिख** कौम को बहादुर कौम बताते हुए नायब सिंह सैनी ने कहा कि सिख धर्म ने देश को 10 महान गुरु दिये और इन गुरुओं ने देश और समाज के लिए अनंत कुर्बानियां दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा की पावन धरा से गुरु नानक देव जी सहित सभी गुरुओं का गहरा संबंध रहा है। हिन्द की चादर गुरु तेग बहादुर जी के श्रद्धेय शीश को आनंदपुर साहिब पहुंचाने के लिए अपना शीश देने वाले कुशाल दहिया हरियाणा के सोनीपत में बढ़खालसा गांव के निवासी थे। हरियाणा के यमुनानगर स्थित कपालमोचन तीर्थ का उल्लेख करते हुए कहा कि यही से प्रथम पातशाह गुरु नानक देव जी ने 'सर्वधर्म सम्भाव' के लिए लंगर, संगत और पंगत की अवधारणा शुरू की थी। वहीं पर भंगाणी युद्ध के बाद गुरु गोबिंद सिंह जी 52 दिन ठहरे थे और उन्होंने दस्तारबंदी की प्रथा शुरू की थी। इसी प्रकार, जिला अम्बाला में लखनौर साहिब अकालपुरख गुरु गोबिंद सिंह जी की ननिहाल थी। उनका वहां पर बचपन बीता। धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र और हरियाणा की अन्य क्षेत्रों में समय-समय पर आठ गुरुओं का आगमन हुआ।

नायब सिंह सैनी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत गुरु तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाश वर्ष को देश-भर में मनाने के निर्णय के अंतर्गत हरियाणा सरकार ने 2022 में पानीपत की ऐतिहासिक धरती पर 'हिन्द की चादर' गुरु तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाश वर्ष में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया। जिस मैदान पर वह समारोह आयोजित किया गया उसका नाम 'गुरु तेग बहादुर जी मैदान' रखा गया है। इससे पहले, प्रदेश में गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व और गुरु गोबिंद सिंह जी के 350वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय आयोजन किये गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिरसा में गुरुद्वारा चिल्ला साहिब को 70 कनाल भूमि प्रदान की गई है। यमुनानगर में बनने वाले मेडिकल कॉलेज का नाम हिन्द की चादर गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर रखा गया है। इसी प्रकार, असंध के कॉलेज का नाम गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे बेटे बाबा फतेह सिंह जी के नाम पर रखा गया है। लखनौर साहिब में माता गुजरी के नाम से वी.एल.डी.ए. कॉलेज स्थापित किया गया है। महान गुरु के सम्मान में पंचकूला से पांवटा साहिब राष्ट्रीय राजमार्ग का नाम बदलकर गुरु गोबिंद मार्ग रखने का निर्णय लिया है। साथ ही, विभिन्न स्थानों पर चौक, द्वार, पुस्तकालय, सड़क आदि के नाम गुरुओं के नाम पर रखे गये है।

## भाजपा मंडल स्तर पर मना रही है वीर बाल दिवस - बडौली

**हरियाणा** भाजपा अध्यक्ष मोहन लाल बडौली ने सिख गुरुओं के सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और कहा कि राष्ट्र की प्रगति वीरों के बलिदान को याद रखने और भावी पीढ़ियों के साथ साझा करने पर निर्भर करती है। उन्होंने हरियाणा के लोगों की भावनाओं के अनुरूप प्रदेश के गुरुओं और शहीदों को सम्मान देने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा हर मंडल स्तर पर वीर बाल दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने इतिहास के अनदेखे अध्याय को उजागर करने के लिए 'वीर बाल दिवस' मनाने की घोषणा की इससे पहले, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के.एम. पांडुरंग ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और कहा कि यह दिन गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्रों, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह जी के सर्वोच्च बलिदान को याद करता है।

# विदेशों में धूम मचाएंगे सहकारिता संस्थाओं के उत्पादः डॉ. अरविंद




**टीम एक्शन इंडिया**

**गोहना/बलरामः** सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह का संकल्प हर घर में सहकारिता का लाभ पहुंचाना है। इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में सहकारिता विभाग प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों को लाभ में लाने के लिए तत्पर है। हम सब मिलकर युवाओं, विशेषकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएंगे और उनको रोजगार पाने की बजाय रोजगार देने वाले बनाने का काम करेंगे।

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने प्रदेश भर में सहकार से समृद्धि के संकल्प पर आगे बढते हुए आज गोहाना में जिला स्तरीय सहकारिता जागरूकता अभियान का उद्घाटन किया। कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात की तर्ज पर हरियाणा में प्राथमिक सहकारी समितियों को लाभ में लाने के लिए विशेष कार्य योजना बनाई जा रही है। हमारा लक्ष्य है कि किसान, महिला से लेकर युवा तक सहकारी संस्थाओं हर योजना की जानकारी पहुंचाई जाए, ताकि वो तय कर सकें कि किस योजना में वो आत्मनिर्भर बनते हुए देश, समाज में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें रोजगार पाने की मानसिकता में सकारात्मक बदलाव लाते हुए रोजगार देने की सोच को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाओं के उत्पाद सेना से लेकर विदेशों में दुबई और आबु धाबी तक अपनी धूम मचा रहे हैं और हम सभी मिलकर सहकारी उत्पादों को विदेशों में बढ़ावा देंगे, ताकि हमारी सहकारी समितियों से जुड़े लोगों को अच्छा लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों को समय पर लोन चुकाना और बेहतर विपणन प्रणाली के माध्यम से मुनाफे में लाने के लिए मिलकर काम करना है। उन्होंने कहा कि सहकारिता विभाग विचार कर रहा है कि जो युवा निजी स्थान पर सहकारी संस्थाओं के उत्पादों को बिक्री करते हुए अपना काम शुरू करें।

**सहकारिता का लाभ**

- प्राथमिक सहकारी समितियों को लाभ में लाने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान

# राज्य मंत्री राजेश नागर का हिसार के उकलाना गोदाम पर छापा

**कार्रवाई**

- जिला खाद्य और आपूर्ति विभाग के चार अफसरों को निलंबित करने के आदेश, बड़ी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने आज जिला हिसार के उकलाना स्थित गोदाम पर छापा मारा। गेहूं के कट्टे गीले होने पर उन्होंने कड़ी कार्रवाई करते हुए गोदाम के इंचार्ज फूड एंड सप्लाई इंस्पेक्टर विकास कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए। साथ ही उन्होंने जिला खाद्य और आपूर्ति अफसर अमित कुमार, फूड इंस्पेक्टर विकास कुमार, असिस्टेंट फूड एंड सप्लाई अफसर संदीप सिंह और सब इंस्पेक्टर फूड एंड सप्लाई सचिन को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए।

एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि आज राज्य मंत्री राजेश नागर उकलाना स्थित गोदाम का औचीक निरीक्षण करने के पहुंचे। जांच पड़ताल करने पर उन्होंने पाया कि ट्रक में पड़े गेहूं के कट्टे गीले हैं।

इसके बाद वे गोदाम का निरिक्षण करने भीतर गए तो वहां भी गेहूं के कट्टों में पानी वाला गीला गेहूं स्टोर किया हुआ था। इस पर राज्य मंत्री ने गोदाम इंचार्ज फूड एंड सप्लाई इंस्पेक्टर विकास कुमार से फोन पर बात की। इंस्पेक्टर ने अपने कुरुक्षेत्र में होने की बात कही तो मंत्री नागर ने उससे फोन पर अपनी 'करंट लोकेशन' भेजने को कहा। इस पर विकास कुमार अपनी लोकेशन नहीं भेज पाया और दस मिनट में खुद ही मौके पर आ पहुंचा। खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री ने तुरंत फूड इंस्पेक्टर विकास कुमार पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। गोदाम में और भी अनेक खामियां पाई गईं।

# बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को किया नमन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य पर वीरवार को पंचकूला स्थित हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी द्वारा एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अकादमी के कार्यकारी उपाध्यक्ष डॉ कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने की। पंचकुला के प्रसिद्ध मीडिया पैनलिस्ट एवं चिंतक रमणीक मान सिंह इस संगोष्ठी में मुख्यवक्ता रहे। इस अवसर मान ने कहा कि सिखों का इतिहास बहुत गौरवपूर्ण है। सिख गुरुओं ने देश धर्म के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। इसी परंपरा को निभाते हुए बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने भी मुगल सत्ता को चुनौती देते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी को पहले बाबा त्यागमल के नाम से जाना जाता था। परन्तु अपनी तलवार की तेग बल पर वे तेग बहादुर जी के नाम से जाने गए। गुरु तेग बहादुर जी ने धर्म की रक्षा हेतु अपने त्याग के द्वारा त्यागमल नाम को चरितार्थ किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ कुलदीप चंद अग्निहोत्री ने कहा कि गुरुओं का तप और बल देश और विश्व के लिए प्रेरणादायक है। युवा पीढ़ी को गुरुओं की शिक्षा का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी की शहादत के समय भाई जैता जी का निर्णय साहस से भरा तो था ही पारलौकिक भी था।

# गुरुग्रामः साहब...मेरी प्रॉपर्टी की दो आईडी बनी हैं, कृपया इनको सही कर दो

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम।** गुरुवार को संयुक्त आयुक्त अखिलेश यादव की अध्यक्षता में आयोजित समाधान शिविर में प्रॉपर्टी टैक्स व बागवानी शाखा से जुड़ी शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। समाधान शिविर में सेक्टर-52 निवासी मनीष चहल प्रॉपर्टी टैक्स डाटा संबंधी शिकायत लेकर पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उनकी प्रॉपर्टी की दो आईडी बनी हुई थी, जिसे ठीक कराने के लिए वे कई बार शिकायत कर चुके हैं। संयुक्त आयुक्त ने उनकी शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनकर तुरंत ही संबंधित जोनल टैक्सेशन अधिकारी को समाधान करने के निर्देश दिए। जोनल टैक्सेशन अधिकारी व उनकी टीम ने मौके पर ही मात्र 10 मिनट में शिकायत का समाधान कर दिया।



बागवानी शाखा से संबंधित एक अन्य शिकायत लेकर आए पालम विहार ब्लॉक-सी आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों ने बताया कि नगर निगम गुरुग्राम द्वारा उनके ब्लॉक के पार्कों का रखरखाव आरडब्ल्यूए को दिया हुआ है, लेकिन पिछले नौ माह से रखरखाव शुल्क की अदायगी नहीं हो पाई है। संयुक्त आयुक्त ने मौके पर उपस्थित सहायक अभियंता (बागवानी) को इस बारे में तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। सहायक अभियंता ने बताया कि रखरखाव शुल्क अदायगी की फाइल ऑडिट ब्रांच में प्री-ऑडिट के लिए गई हुई है तथा अगले दो दिन में शुल्क अदायगी कर दी जाएगी।

# मुख्यमंत्री सैनी आज महेंद्रगढ़ को देंगे कई सौगातें

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कल 27 दिसंबर को महेंद्रगढ़ में आयोजित होने वाले धन्यवाद-कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल पर ही महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न 13 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। उन्होंने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री लगभग 543 लाख रुपए की लागत से तैयार 33 केवी सब स्टेशन कोथल खुर्द का उद्घाटन करेंगे। इसी प्रकार निम्बी में लगभग 458.72 लाख रुपए, मांडोला में लगभग 528.45 लाख रुपए व दुलोठ अहीर में लगभग 857.75 लाख की लागत से तैयार विभिन्न तालाबों को जोड़ने के लिए दबावयुक्त पाइपलाइन बिछाने का कार्य का उद्घाटन करेंगे। इसमें पंप हाउस, पंपिंग मशीनरी का निर्माण और तीन वर्षों तक चलने और रखरखाव सहित अन्य कार्य शामिल हैं।

वहीं लगभग 1305.84 लाख रुपए की लागत से तैयार पीएच एनबी-1 से पीएच एनबी-2 के बीच नारनौल शाखा से एस्केप चैनल के रूप में सुरजनवास से 1600 एमएम एनपी-3 आरसीसी पाइपलाइन बिछाकर दोहान नदी का रिचार्ज कार्य का उद्घाटन भी करेंगे।

# छात्रों को नए शोध ती तरफ अग्रसर होना होगाः बंडारू

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि विद्यार्थियों को नवाचार को बढ़ावा देकर नए शोध की तरफ अग्रसर होना होगा। अगर शोध करते समय विद्यार्थियों को असफलता हाथ लगती है तो उन्हें निराश होने की बजाए निरंतर प्रयास जारी रखना होगा। श्री दत्तात्रेय गुरुवार को हरियाणा खेल विश्वविद्यालय राई 51वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि 30 वर्षों बाद यह मौका मिला है जब हरियाणा को इस प्रदर्शनी को आयोजित करने का मौका मिला है




और हर वर्ष आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम 26 से 31 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम वैज्ञानिक परियोजनाओं को प्रदर्शित करने के साथ-साथ छात्रों को राष्ट्रीय एकता का मंच भी प्रदान करता है। भारत के कोने-कोने से आए छात्र अपने विचारों और अनुभवों का एक दूसरे से आदान प्रदान करते हैं। सभी हमारे देश की विविध परंपराओं समृद्ध संस्कृतिए रहन-सहन बोली और भाषा के बारे में एक दूसरे से विचार साझा करते है। उन्होंने आह्वान किया किबच्चों के मन में जाति व धर्म को अलग रख कर केवल एक ही भावना होनी चाहिए कि हम भारतवासी है।

श्री दत्तात्रेय ने वीर बाल दिवस पर श्री गुरु गोविंद सिंह के दो साहबजादों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया था। हम सभी को ऐसे वीर बालकों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।

**प्रदर्शनी**

- हरियाणा खेल विश्वविद्यालय में 51वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

# निकाय चुनावः सरकार ने जारी की आरक्षण की सूची

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा में निकाय चुनाव से पहले सरकार ने आरक्षण सूची जारी कर दी है। गुरुवार को जारी की गई आरक्षण सूची के अनुसार गुरुग्राम नगर निगम का मेयर पद बीसी (ए) वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। फरीदाबाद निगम सामान्य वर्ग की महिला के लिए आरक्षित किया गया है। इसके अलावा रोहतक और यमुनानगर को एस.सी. कैटेगरी के लिए रिजर्व किया गया है। इसमें यमुनानगर को अनुसूचित जाति से संबंधित महिला के लिए आरक्षित किया गया है। प्रदेश में हिसार, पानीपत, करनाल व मानेसर नगर निगम को ओपन रखा गया है। गुरुग्राम में ज्यादातर लोग मानेसर निगम के आरक्षित होने को आधार मानकर चुनाव की तैयारी कर रहे थे, जिन्हें बड़ा झटका लगा है।

हरियाणा के चुनाव आयुक्त धनपत सिंह के मुताबिक निकाय चुनाव दो चरणों में कराए जाएंगे। पहले चरण में गुरुग्राम, मानेसर और फरीदाबाद नगर निगम के चुनाव होंगे। इसके अलावा तीन नगर परिषदों सिरसा, पटौदी व अंबाला सदर और 21 पालिकाओं के लिए चुनाव भी पहले चरण में होगा। फरवरी महीने तक चुनाव होने की उम्मीद है। इसके अलावा नगर परिषद और नगर पालिकाओं में अंबाला सदर, थानेसर, पटौदी, खरखौदा और सिरसा को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। इनमें अंबाला सदर और थानेदार एससी वर्ग की महिला के लिए आरक्षित होगा। इसके अलावा तावड़ू को बीसी (ए) वर्ग की महिला और इंद्री को बीसी (ए) वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है। पुंडरी बीसी (बी) वर्ग की महिला के लिए आरक्षित किया गया है। फर्रुखनगर, कनीना, सीवन, बवानीखेड़ा, हथीन, लौहारू, नारनौंद, रादौर,कलानौर, अटेली मंडी, कलायत, बेरी, नीलोखेड़ी, सिवानी, बराड़ा, जुलाना व जाखल मंडी को सामान्य वर्ग के लिए छोड़ा गया है। इनमें सीवन, सिवानी, कनीना, हथीन व कलानौर सामान्य वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं।

इसके साथ ही सोनीपत और अंबाला में मेयर पद के लिए उपचुनाव कराए जाएंगे। सोनीपत के मेयर निखिल मदान और अंबाला की मेयर शक्ति रानी शर्मा विधायक बन चुकी हैं। इस कारण दोनों निगमों में मेयर का उपचुनाव कराना पड़ रहा है। दूसरे चरण में मार्च-अप्रैल में बाकी बचे पांच नगर निगमों हिसार, पानीपत, रोहतक, करनाल और यमुनानगर के अलावा थानेसर नगर परिषद एवं अन्य पालिकाओं के चुनाव कराए जाएंगे।

**आरक्षित**

- सोनीपत-अंबाला में मेयर उपचुनाव होंगे, हिसार, पानीपत, करनाल व मानेसर में सामान्य वर्ग के साथ कोई भी लड़ सकेगा चुनाव

# नए साल में हरियाणा में होगी 56 सरकारी छुट्टियां, सूची जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा सरकार ने वर्ष 2025 के दौरान अपने कार्यालयों के सार्वजनिक और प्रतिबंधित अवकाशों की सूची अधिसूचित की है। सरकार ने लिखित परक्राम्य अधिनियम 1881 की धारा-25 के अन्तर्गत (हरियाणा में न्यायिक अदालतों को छोडक?) राज्य में सार्वजनिक अवकाश के रूप में मनाए जाने वाले अवकाश भी अधिसूचित किए हैं। इसके अलावा, राज्य सरकार द्वारा कुछ विशेष दिवस भी अधिसूचित किए गये हैं। हालाँकि, इन्हें सार्वजनिक अवकाश के रूप में नामित नहीं किया जाएगा। एक सरकारी प्रवक्ता ने आज यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि मानव संसाधन विभाग द्वारा अधिसूचना जारी की है।




उन्होंने बताया कि अधिसूचना अनुसार सभी शनिवारों व रविवारों को सरकारी कार्यालयों में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। इसके अतिरिक्त, विभिन्न प्रतिष्ठित विभूतियों के जन्मदिवसों, पुण्य-तिथियों व त्योहारों को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इनमें 06 जनवरी को गुरु गोबिंद सिंह जयंती, 12 फरवरी को गुरु रविदास जंयती, 26 फरवरी को महाशिवरात्रि, 14 मार्च को होली, 31 मार्च को ईद-उल-फितर, 10 अप्रैल को महावीर जंयती, 14 अप्रैल डॉ. बी आर अंबेडकर जयंती, 29 अप्रैल को परशुराम जयंती, 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया, 29 मई को महाराणा प्रताप जयंती, 11 जून को संत कबीर जयंती, 31 जुलाई को शहीद उधम सिंह बलिदान दिवस, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, 22 सिंतबर को महाराजा अग्रसेन जयंती, 23 सिंतबर को शहीदी दिवस/ हरियाणा वार हिरोज बलिदान दिवस, 2 अक्तूबर को महात्मा गांधी जयंती/दशहरा, 07 अक्तूबर को महर्षि बाल्मिकी जयंती/महाराजा अजमीढ़ जयंती, 20 अक्तूबर को दिवाली, 22 अक्तूबर को विश्वकर्मा दिवस, 05 नवंबर को गुरू नानक देव जयंती तथा 25 दिसंबर को क्रिसमस शामिल है।

इसके अलावा, शनिवार व रविवार के पड़ने वाले त्योहारों को सार्वजनिक अवकाश की सूची में शामिल नहीं किया गया। इनमें 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस, 02 फरवरी को बंसत पंचमी/सर छोटु राम जयंती, 23 मार्च को शहीदी दिवस/भगत सिंह राजगुरू और सुखदेव शहीदी दिवस, 06 अप्रैल को रामनवमी, 13 अप्रैल को वैशाखी/छठ पूजा, 07 जून को ईद-उल-जुहा (बकरीद), 09 अगस्त को रक्षाबंधन, 16 अगस्त को जनमाष्टमी तथा 01 नवंबर को हरियाणा दिवस शामिल है। इसके अतिरिक्त, आउटसोर्सिस सहित सभी कर्मचारियों को कोई तीन वैकल्पिक अवकाश लेने की अनुमति होगी। इनमें 23 फरवरी को महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती (राज्य स्तरीय समारोह के साथ), 18 अप्रैल को गुड फ्राईडे, 12 मई को बुध पूर्णिमा, 24 मई को महर्षि कश्यप जयंती, 30 मई को गुरु अर्जुन देव शहीदी दिवस, 06 जुलाई को मुर्हरम, 27 जुलाई को हरियाली तीज, 05 सितंबर को मिलाद-उन-नबी या ईद-ई-मिलाद (प्रोफेट मोहम्मद जयंती), 10 अक्तूबर को करवाचौथ, 22 अक्तूबर को गौवर्धन पूजा, 28 अक्तूबर को छठ पूजा, 25 नवंबर को गुरू तेगबहादुर शहीदी दिवस, 24 दिसंबर को गुरु ब्रह्मानंद जयंती और 26 दिसंबर को शहीद उधम सिंह जयंती शामिल है।

**अधिसूचना**

- अवकाश की सूची की जारी, मुख्य सचिव कार्यालय के मानव संसाधन विभाग द्वारा जारी की गई अधिसूचना

# दून इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया जिला स्तरीय वीर बाल दिवस

## संस्कृति और धर्म की रक्षा हेतु दिए गए सर्वोच्च बलिदान को मार्मिक ढंग से पेश कर उपस्थित सभी को भावविह्वल कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** कैथल रोड स्थित दून इंटरनेशनल स्कूल में सरबंस दानी दशमेश पिता के चारों साहिबजादों की महान व लासानी शहादत की पवित्र याद में जिला स्तरीय वीर बाल दिवस का अत्यंत प्रभावशाली आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में करनाल विधायक जगमोहन आनंद, बीजेपी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष बृज गुप्ता, करनाल की पूर्व महापौर रेणु गुप्ता, हरियाणा वेलफेयर सोसाइटी फॉर फिजिकल डिसेबल की चेयरपर्सन मेघा भंडारी, पूर्व महिला जिला अध्यक्ष मीनाक्षी भिंडर, पूर्व एमसी रजनी प्रोचा, मनमीत सिंह बावा, मोहन लोधी, रमेश गिल, पूर्व प्रिंसिपल कमलेश अरोड़ा, एडवोकेट स्वर्ण सिंह व ज्ञानी सुखबीर सिंह इत्यादि ने शिरकत की।




अपने संबोधन में करनाल विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रत्येक भारतीय महान गुरुओं और चार साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान का ऋणी है और इसी उद्देश्य से भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चार साहिबजादों के उस महान बलिदान की पावन स्मृति हेतु 26 दिसंबर के दिन को वीर बाल दिवस घोषित किया गया है, जो कि पूरे देश में एक प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, यह उनका एक सराहनीय प्रयास है और दून इंटरनैशनल स्कूल और स्कूल प्रबंध निदेशक कुलजिन्दर मोहन सिंह बाठ द्वारा उक्त वीर बाल दिवस का जिला स्तर पर अत्यंत प्रभावी आयोजन करवाना एक सराहना योग्य कदम है।

**शहादत**

**प्रत्येक भारतीय महान गुरुओं और चार साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान का ऋणी है : विधायक आनंद**

करनाल की पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता द्वारा भी दून इंटरनेशनल स्कूल के वीर बाल दिवस आयोजन को अदभुद , प्रभावी व उद्देश्यपूर्ण बताया। तत्पश्चात दून इंटरनेशनल स्कूल के सर्वप्रतिभा सम्पन्न विद्यार्थियों ने कार्यक्रम का आरंभ भावमयी शब्द गायन के माध्यम से किया, जिसमें चार साहिबजादों द्वारा देश, संस्कृति और धर्म की रक्षा हेतु दिए गए सर्वोच्च बलिदान को मार्मिक ढंग से पेश कर उपस्थित सभी को भावविह्वल कर दिया।

इसके पश्चात दून स्कूल के बच्चों किरनदीप, सिमरजीत, अंशिका, गुंजन, प्रीत, निमरत, अगम, उज्ज्वल, इशदीप, वैष्णवी, जसकीरत, अंशदीप, गर्व, समरथ, अशप्रीत ने एक लघु नाटिका सफर ए शहादत के माध्यम से चार साहिबजादों की शहादत को प्रभावी व भावमयी ढंग से प्रस्तुत किया और इसी स्कूल के ही दो बच्चों जशनपाल व तृप्त ने शानदार गतका पेश किया।

# श्री खाटू श्याम मंदिर में धूमधाम से मनाई गई सफला एकादशी




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में सफला एकादशी बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। एकादशी पर मंदिर व बाबा श्याम के स्वरूप को फूलों से सजाया और महकाया गया। सुबह से लेकर शाम तक खाटू श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। एकादशी के उपलक्ष्य में मंदिर में कीर्तन का आयोजन भी किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर में पहुंचकर कीर्तन का आनंद उठाया। कीर्तन के दौरान हुए गुणगान के माध्यम से श्रद्धालुओं को सफला एकादशी महत्व बताया गया। मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पंडित दीपक पांडे ने बताया कि पौष माह की कृष्ण पक्ष की तिथि को सफला एकादशी मनाई जाती है। सफला एकादशी का व्रत रखने से सभी कार्यों में सफला हासिल होती है। जीवन में कष्टों का निवारण होता है। इस दिन उपवास रखना शरीर और आत्मा की शुद्धि के लिए बहुत लाभकारी होता है। उपवास करने से मानसिक शांति और संतुलन मिलता है, जिससे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

**सकारात्मक**

**मानसिक शांति और संतुलन मिलता है, जिससे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है**

# ट्रांसपोर्टर ने ड्राइवर के साथ की मारपीट, पैर तोड़े



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला कैथल के ट्रक ड्राइवर को ट्रांसपोर्टर ने कार में किडनैप कर लिया। इसके बाद चार-पांच साथियों के साथ मिलकर पूरी रात उसे पीटते रहे। उसके पैर तोड़ दिए और सिर भी फोड़ दिया। फिर उसे कार की डिग्गी में डालकर जालंधर से कैथल के कलायत ले आए। यहां सुबह ड्राइवर की हालत बिगड़ी तो उसे निजी अस्पताल में फेंककर भाग निकले। दरअसल ट्रक ड्राइवर और ट्रांसपोर्टर के बीच डिलीवरी के दौरान सामान क्रैक होने को लेकर कहासुनी हुई थी। जिसके बाद उन्होंने उससे मारपीट की। यही नहीं उसे धमकी भी दी कि इसे एक्सीडेंट बोलना, अगर पुलिस में शिकायत की तो वे उसे जान से मार देंगे। कैथल के कौल गांव के रहने वाले बलकार सिंह ने बताया कि वह पेशे से ट्रक ड्राइवर है, उसका छोटा भाई मुकेश भी ट्रक ड्राइवर है। मुकेश कलायत में ट्रांसपोर्टर के पास ड्राइवर का काम करता है। उसे 13-14 दिसंबर को ट्रक लेकर गुजरात जाना था, लेकिन उसकी तबीयत खराब हो गई। उसके भाई ने अपनी जगह पर उसे ट्रक ले जाने के लिए कहा। इसके बाद वह गुजरात में माल की डिलीवरी के लिए निकला। उसने वहां ट्रक से सामान डिलीवर किया। इसके बाद ट्रक मालिक ने उसे गुजरात से पंजाब के जालंधर में माल पहुंचाने के लिए कहा। वह माल लोड करके जालंधर पहुंच गया।

बलकार ने बताया कि ट्रक में वॉश बेसिन, टॉयलेट सीट आदि सामान था।

**मारपीट**

**धमकी भी दी कि इसे एक्सीडेंट बोलना, अगर पुलिस में शिकायत की तो वे उसे जान से मार देंगे**

# उधम सिंह के बलिदान को युगों-युगों तक किया जाएगा याद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सेक्टर-32 स्थित शिरोमणि शहीद उधम सिंह कम्बोज चौक पर गुरुवार को शहीद उधम सिंह काम्बोज जी की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने शिरकत की। उन्होंने शहीद उधम सिंह के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित की और हवन यज्ञ में आहूति डाली। संबोधित करते हुए विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि भारत माता के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले शहीद उधम सिंह को युगों-युगों तक याद किया जाता रहेगा।



उन्होंने कहा कि जब जलियांवाला बाग में अंग्रेजों ने निहत्थे शांति प्रिय नागरिकों पर अंधाधुंध गोलियों की बौछार करके सैंकड़ों लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया था। इस नरसंहार का बदला शहीद उधम सिंह ने लिया। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के जनरल डायर को गोली मारी और जलियांवाला बाग में सैंकड़ों लोगों की मौत का बदला लिया।

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि शहीद उधम सिंह एक महान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे, जिनकी वीरता और बलिदान की कहानी हर देशवासी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। ऐसे वीर सपूतों को याद करना हर भारतवासी का ना केवल कर्तव्य बनता है बल्कि उनके साहस की कहानी को अपने बच्चों के सामने भी बखान करना चाहिए ताकि वर्तमान में बच्चों को पता चल सके कि हमारे पुरखों का साहस कैसा था। शहीद उधम सिंह वीरता की सबसे बड़ी मिसाल हैं।

**वीर सपूत**

**धायक जगमोहन आनंद ने कहा कि शहीद उधम सिंह एक महान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे**

# डॉ. अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत आवेदन आमंत्रित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि वंचित वर्ग के मेधावी छात्रों के हितों में प्रदेश सरकार द्वारा डॉ. अम्बेडकर मेधावी छात्रवृत्ति योजना चलाई जा रही है। प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि किसी भी मेधावी छात्र की आर्थिक कारणों से पढ़ाई प्रभावित ना हो। उन्होंने बताया कि यह योजना सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की तरफ से चलाई जा रही है।

उपायुक्त ने छात्रवृत्ति योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2024-25 की अवधि के लिए डॉ. अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के तहत सरल पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन शुरू हो चुके हैं। अनुसूचित वर्ग के जिन शहरी विद्यार्थियों के कक्षा दसवीं में 70, कक्षा बारहवीं में 75 व स्नातक कक्षाओं में 65 प्रतिशत अंक हैं, वे इस छात्रवृत्ति के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसी प्रकार गांवों में अनुसूचित वर्ग के विद्यार्थी के कक्षा दसवीं में 60, बारहवीं में 70 व स्नातक कक्षा में 60 प्रतिशत अंक होने चाहिए। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार पिछड़ा वर्ग-ए के शहर में रहने वाले विद्यार्थी ने मैट्रिक में 70 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों।

# निराश्रित बच्चों को सरकार हर माह दे रही 1850 की वित्तीय सहायता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला में 21 वर्ष तक की आयु का बच्चा जो अपने माता-पिता की सहायता अथवा देखभाल से उनकी मृत्यु होने के कारण, अपने पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने के कारण अथवा माता-पिता के लम्बी सजा, जोकि एक वर्ष से कम न हो या मानसिक व शारीरिक अक्षमता के कारण वंचित हो जाते हैं और जिनके माता-पिता, अभिभावक की सभी साधनों से वार्षिक आय दो लाख से अधिक नहीं है। वह बच्चा हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग द्वारा दी जा रही वित्तिय सहायता का लाभ पात्र है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त विभाग द्वारा एक परिवार में दो बच्चों तक 1850 रुपए प्रति माह प्रति बच्चा पेंशन प्रदान की जा रही है।

**लाभ उठाएं**

**फोटोयुक्त वोटर कार्ड या राशन कार्ड आदि की स्वयं सत्यपित फोटोप्रति सहित परिवार पहचान पत्र होना आवश्यक है**

उन्होंने बताया कि उपरोक्त स्कीम का लाभ लेने के इच्छुक व्यक्ति के पास बेसहारा होने का प्रमाण पत्र, बच्चों के स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र व आवेदक का 5 वर्ष या उससे अधिक की अवधि का हरियाणा राज्य में निवासी होने का दस्तावेज जैसे कि फोटोयुक्त वोटर कार्ड या राशन कार्ड आदि की स्वयं सत्यपित फोटोप्रति सहित परिवार पहचान पत्र होना आवश्यक है। आवेदक के पास यदि उपरोक्त दस्तावेजों में से कोई दस्तवेज नहीं है, तो वह कोई अन्य प्रमाण पत्र सहित 5 वर्ष से हरियाणा में रिहायश का हलफनामा दे सकता है।

# शहर के वार्ड 7 में सुबह सवेरे चला स्वच्छता अभियान

**चरितार्थ**

**इस अभियान में स्थानीय निवासियों और स्वयंसेवकों ने संकल्प से सिद्धि की कहावत को चरितार्थ किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शहर के वार्ड नं 7 की शाम नगर कॉलोनी में सुबह सवेरे स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन सुभाष चंद्र के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने शाम नगर तालाब के आसपास के क्षेत्र की सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस अभियान में स्थानीय निवासियों और स्वयंसेवकों ने संकल्प से सिद्धि की कहावत को चरितार्थ किया। नगर निगम की टीम के साथ स्वयंसेवकों ने तालाब के आसपास के क्षेत्र में फैले कूड़े-कचरे को इका किया और उसे सही तरीके से निपटाने के लिए भेजा। इसके अलावा, उन्होंने तालाब के आसपास के क्षेत्र में उगी हुई घास-फूस को भी काटा। इस अभियान के दौरान तालाब के आसपास के क्षेत्र में लगे पेड़ों की देखभाल के लिए वाइस चेयरमैन सुभाष चन्द्र ने निगम अधिकारियों को तालाब की बाड़बंदी के निर्देश दिए। उन्होंने निगम अधिकारियों से ऐसे लोगों की पहचान करने उन्हें नोटिस देने के आदेश भी दिए जो इस तालाब के आसपास गंदगी डालते हैं। इस अभियान के बाद तालाब के आसपास का क्षेत्र पूरी तरह से साफ हो गया और वहां का वातावरण भी स्वच्छ और सुंदर हो गया। स्थानीय निवासियों ने इस अभियान की सराहना की और कहा कि यह अभियान तालाब के आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाने में बहुत मददगार साबित हुआ है। सुभाष चंद्र ने लोगों को संदेश देते हुए कहा कि इस तरह के अभियान से लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है जिससे वे अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित होते हैं।

उन्होंने कहा कि अपने आसपास सफाई रखना हम सब की जिम्मेदारी है, यह हम सब का सांझा अभियान है जिसमें सबको सहयोग देना चाहिए।

इस अभियान के दौरान लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया गया और उन्हें अपने घरों और कॉलोनी के आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया।

# जनरल वीके सिंह की नियुक्ति से राजपूत समाज में खुशी का माहौल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** परविंदर सिंह चौहान को हरियाणा का महाधिवक्ता (एडवोकेट जनरल) नियुक्त करने पर राजपूत सभा करनाल की ओर से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया गया। इसके साथ ही पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह को मिजोरम का राज्यपाल नियुक्त करने पर देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और केंद्र सरकार का भी आभार जताया गया। करनाल के सेक्टर-8 स्थित महाराणा प्रताप स्मृति भवन में राजपूत सभा की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य तौर पर सभा के प्रधान डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ उप प्रधान कुलदीप नंबरदार उचाना, महासचिव एडवोकेट बृजपाल राणा शामिल हुए।



बैठक में मध्य प्रदेश से आए विद्वान, लेखक और संपादक अरुण सिंह बघेल और दिल्ली से केपी सिंह कुशवाह भी उपस्थित हुए। उन्होंने 29 दिसंबर को त्रिनेत्र बिंदु क्षत्रिय पत्रिका के 25 वर्ष पूर्ण होने पर फरीदाबाद में आयोजित होने वाले रजत जयंती समारोह में पहुंचने का न्योता भी दिया। उन्होंने राजपूत समाज के लोगों के साथ सामाजिक मुद्दों पर लंबी चर्चा भी की। राजपूत सभा के प्रधान डॉ.नरेंद्र प्रताप सिंह तथा सभी पदाधिकारियों ने कहा कि परविंदर सिंह चौहान की एडवोकेट जनरल के रूप में नियुक्ति से राजपूत समाज में खुशी की लहर है। परविंदर सिंह चौहान और उनके पिता एडवोकेट जंग बहादुर सिंह चौहान की मेहनत के कारण ही वे इस पद तक पहुंचे हैं। उनकी नियुक्ति के लिए उन्होंने सरकार का भी धन्यवाद किया।

**जश्न**

**वीके सिंह को मिजोरम का राज्यपाल नियुक्त करने पर देश की राष्ट्रपति और केंद्र का भी आभार जताया**

प्रधान ने कहा कि करनाल राजपूत सभा स्वतंत्र संस्था है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि 29 दिसंबर को फरीदाबाद में होने वाले कार्यक्रम के लिए करनाल से भी समाज के लोग पहुंचेंगे। महासचिव बृजपाल राणा ने सभा द्वारा समाज हित में करवाए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी दी और वर्तमान और भविष्य की योजनाओं के बारे में भी बताया।

इस अवसर पर इतिहासकार बलबीर सिंह चौहान अजमेर सिंह पंवार, राजेंद्र सिंह ऊंचा समाना, रामपाल सिंह, ओमवीर सिंह, एडवोकेट सुनील राणा, दीपक राणा, कुंवर अमित सिंह, नरेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, बिशपाल राणा, भूप सिंह, भूपेंद्र सिंह, प्रदीप राणा, मुकेश कुमार तोमर, अजय सिंह चौहान, सुशील राणा, सुरेंद्र तंवर, गौरव राणा अरड़ाना मैनेजर, दीपक राणा मैनेजर सहित काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

# घर में घुसकर दो महिलाओं ने चोरी की वारदात को दिया अंजाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** कस्बा घरौंडा की तेलू सिंह कॉलोनी में दिन-दहाड़े चोरी की वारदात हुई। चोरी की घटना को दो महिलाओं ने अंजाम दिया। दोनों ने सोने व चांदी के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। घटना के वक्त लडका सो रहा था। जब उसकी मां घर पर लौटी तो उसे सामान बिखरा मिला। उसे यह समझते देर नहीं लगी कि उसके घर में चोरी हुई है। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता अनारकली ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी करके अपने परिवार का पेट पालती हैं। 22 दिसंबर को दोपहर करीब 3 बजे वह काम पर थीं। इसी दौरान उनके घर में चोरी हो गई। घर पर उनका बेटा अकेला था और सो रहा था। इस दौरान दो अज्ञात महिलाएं घर में घुसीं और अलमारी में रखे सामान को चुरा ले गईं। चोरी गए सामान में 2 सोने की अंगूठियां, एक सोने की चेन, एक सोने की नथ, एक चांदी की पायल, चांदी के कड़े, एक घड़ी और एक गुल्लक शामिल है, जिसमें करीब 10-12 हजार रुपये नकद थे। शाम को जब अनारकली घर लौटीं तो चोरी का पता चला।

# गवर्नरों के नेतृत्व में विकास का कार्य सुचारू रूप से चलेगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**वीके** सिंह व आरिफ मोहम्मद खान को गवर्नर मनाए जाने पर 12 अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अफसर रावल ने खुशी जाहिर करते हुए दोनों नेताओं को बधाई दी एवं पार्टी नेतृत्व का आभार प्रकट किया । अफसर रावल ने कहा कि जनरल वीके सिंह को मिजोरम राज्य का गवर्नर नियुक्त किया गया है जबकि आरिफ मोहम्मद खान को बिहार का गवर्नर बनाया गया है । दोनों ही नेता ईमानदार एवं मेहनतकश है। अफसर राहुल ने दोनों नव नियुक्त गवर्नर को बधाई देते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया और कहा कि निश्चित रूप से उक्त दोनों गवर्नरों के नेतृत्व में दोनों प्रदेशों में कानून व्यवस्था एवं विकास का कार्य सुचारू रूप से चलेगा । दोनों गवर्नरों के काम करने के तरीके से दोनों प्रदेशों का शासन वर्ग पूर्णतया ईमानदारी एवं मेहनत से कार्य करेगा । दोनों राज्य की जनता को उक्त दोनों गवर्नरों के नेतृत्व का पूरा-पूरा लाभ मिलेगा । वीके सिंह भारतीय सेना के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं। बता दें कि वीके सिंह इससे पहले भारतीय जनता पार्टी की ओर से सांसद और केंद्र सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। हालांकि, साल 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में उन्हें चुनाव मैदान में नहीं उतारा गया था। वीके सिंह गाजियाबाद से 2014 में पहली बार सांसद चुने गए थे। इसके बाद साल 2019 के लोकसभा चुनाव में भी उन्होंने अपनी जीत बरकरार रखी थी।



**आभार**

**वीके सिंह को मिजोरम राज्य का गवर्नर नियुक्त किया गया है जबकि आरिफ मोहम्मद खान को बिहार का**


**उत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला. उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली (भारत की राष्ट्रपति की ओर से) द्वारा मुहरबंद निम्नलिखित कार्य हेतु एक पैकेट खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का विवरण और स्थान | एक पैकेट खुली ई निविदा सूचना संख्या 1–डब्ल्यू–उप सीईटीएमसीएल–यूटीवी–18–24–25 दिनांक 26.12.2024 का प्रकाशन, जो 20.01.2025 को निविदा कार्य "उप मुख्य अभियंता/टीएमसी/लाइन, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली के टीएमएमडी/केकेडीई, एलकेओ और टीकेडी में ट्रैक मशीन यूटीवी– 2001, 2002, 2004, 3061 और 10072 के पीओएच" के लिए खोली जाएगी। |
| 2. | कार्य समाप्त अवधि | 12 महीने |
| 3. | अनुमानित लागत | ₹ 24641384.55 |
| 4. | धरोहर राशि (ऑनलाइन जमा) | ₹ 273200.00 |
| 5. | निविदा पत्र का मुल्य (ऑनलाइन जमा) | रु– शून्य। |
| 6. | निविदा जमा करने व खुलने की तिथि एवं समय | निविदा प्रपत्र दिनांक 26.12.2024 से दिनांक 20.01.2025 तक सायंकाल 15:00 बजे तक रेल वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। निविदा 20.01.2025 को अपराह्न 15:00 बजे के बाद खुलेगी। |
| 7. | निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण | इस निविदा की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र बिडिंग के लिए IREPS (www.ireps.gov.in) पर दिनांक 26.12.2024 से दिनांक 20.01.2025 तक उपलब्ध रहेगा। निविदा से संबंधित सभी नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र में दी गयी हैं। निविदा सूचना का विवरण इस कार्यालय के सूचना पटल पर भी देख सकते हैं। |

प.सं. 1–डब्ल्यू–उ.मु.अभि.–टी.एम.सी.–ला.–यू.टी.वी–18–24–25 दिनांक 26.12.2024
3945/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

# कांग्रेस की विकृत राजनीति हो रही बेनकाब

**संसद का** शीतकालीन सत्र हंगामे के साथ समाप्त हो चुका है।अपनी आदत के अनुसार विपक्ष विरोध के नाम पर सदन से भी सियासी चिंगारी निकालने का प्रयास कर रहा है। संसद के शीतकालीन सत्र में संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संविधान पर चर्चा का आयोजन किया गया था जिसमें सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं ने संविधान पर अपने- अपने विचार व्यक्त किये। लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में संविधान, आरक्षण और डॉ. आंबेडकर पर कांग्रेस के विचारों को सप्रमाण सदन में रखा जिससे निरुत्तर हुई कांग्रेस ने राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह के संबोधन से 12 सेकेंड का एक टुकड़ा उठाकर उसे बाबा साहेब का अपमान बताते हुए गृहमंत्री के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया। इस झूठे विमर्श को सच सिद्ध करने के प्रयास में पूरा विपक्ष कांग्रेस के नेतृत्व में एक बार फिर एकजुट हो रहा है।

यद्यपि दिल्ली विधानसभा चुनावों में आप और कांग्रेस आमने सामने हैं किन्तु आप के नेता भी गृहमंत्री की कथित टिप्पणी का वीडियो बनाकर गली- गली में घुमा रहे हैं कि शायद इसका लाभ विधानसभा चुनाव में मिल जाए । गृहमंत्री के विरुद्ध उसी प्रकार का वातावरण बनाने का प्रयास किया जा रहा जैसा 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा को आरक्षण विरोधी व संविधान विरोधी साबित करने के लिए किया गया था। अब हर एक दल व नेता डॉ. आंबेडकर को भगवान बनाकर अपनी डूबती हुई राजनीतिक नैया को पार लगाने का स्वप्न देखने लगा है। गृहमंत्री अमित शाह के भाषण के अगले दिन राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा दलितों के प्रति अपना प्रेम दिखाने के लिए संसद परिसर में नीली टी शर्ट और नीली साड़ी पहनकर नमूदार हुए। उप्र में समाजवादी पार्टी भी भला पीछे क्यों रहती उसने भी डॉ.आंबेडकर की तस्वीरों के साथ यूपी विधानसभा में जमकर हंगामा किया ओर सदन की कार्यवाही ठप करने का प्रयास किया। गृहमंत्री के बयान के खिलाफ विपक्ष देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करने का प्रयास कर रहा है। इस पूरे घटनाक्रम में बसपा नेत्री मायावती ने भी आक्रामक तेवर अपनाए हैं किन्तु वह सधे हुए बयान देकर कांग्रेस, भाजपा और सपा तीनों ही दलों को नसीहत दे रही हैं। बसपा नेत्री मायावती कांग्रेस पर हमलावर हैं, उनका कहना है कि बाबा साहेब की उपेक्षा करने वाली और देशहित में उनके द्वारा किये गये संघर्ष को हमेशा आघात पहुंचाने वाली कांग्रेस पार्टी का बाबा साहेब के अपमान को लेकर उतावलापन विशुद्ध छलावा है। बहिन मायावती ने डॉ. आंबेडकर के प्रति प्रेम दर्शा रहे समाजवादियों की पोल भी खोलकर रख दी है, मायावती का मानना है कि आज सपाई बाबासाहेब के नाम पर पीडीए का पर्चा निकाल रहे हैं जबकि वास्तविकता यह है कि सपा ने भी कभी भी डॉ. आंबेडकर का सम्मान नहीं किया था। समाजवादियों ने वास्तव में बाबा साहब सहित बहुजन समाज में जन्मे सभी महान संतों, गुरुओं, महापुरुषों के प्रति द्वेष के तहत नए जिले, नई संस्थाओं व जनहित योजनाओं तक के नाम बदल डाले थे। सपा सरकार में तो डॉ. आंबेडकर का नाम तक सही नहीं लिखा जाता था। कांग्रेस पार्टी आज नीली टी शर्ट व नीली साड़ी पहनकर इतराती हुई घूम रही है।

# संसद में काम कम, हंगामा ज्यादा, जिम्मेदार कौन?

-रोहित माहेश्वरी

> कैबिनेट को जनादेश हासिल है, लिहाजा वह ही बुनियादी और शुरूआती तौर पर बिलों और प्रस्तावों को स्वीकृति देती है। विपक्ष की भूमिका दुश्मन और नफरती पक्ष की ही नहीं होनी चाहिए, क्योंकि संविधान में उसे प्रतिपक्ष माना गया है। संसद जिद अथवा दुश्मनी-भाव से नहीं चल सकती, क्योंकि जो भी बिल और प्रस्ताव संसद में पारित किए जाते हैं, वे पूरकता में ही होने चाहिए। दोनों पक्षों की सहमति और असहमति स्पष्ट होनी चाहिए। अंततः मतविभाजन अथवा ध्वनि-मत से बिल और प्रस्ताव पारित किए जाएं, लेकिन मोदी सरकार के 11वें साल तक राजनीति और संसदीय कार्यवाही दुश्मनी-भाव की ही रही है। हालांकि पहले 10 साल में विपक्ष बेहद कमजोर रहा, लेकिन 18वीं लोकसभा में कांग्रेस और विपक्ष के आंकड़े कुछ ताकतवर हैं, नतीजतन संसद सही अर्थों में अखाड़ा या सब्जी मंडी बनकर रह गई है

**संसद** के शीतकालीन सत्र के दौरान इस बार जिस तरह की तस्वीरें सामने आईं, संभवतः उन तस्वीरों ने करोड़ों देशवासियों के मन में एक सवाल जरूर पैदा कर दिया होगा कि हम सांसद क्यों चुनते हैं? क्या इसलिए कि संसद में जाकर उनके चुने हुए प्रतिनिधि हंगामा करें, धक्का-मुक्की करें? बीती 19 दिसंबर को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन के दौरान जाने-अनजाने ऐसा हंगामा हुआ कि धक्का-मुक्की की बातें सामने आईं। दो सांसदों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। जो सांसद कानून बनाते हैं, वही एक-दूसरे के खिलाफ रपट लिखवाने थाने पहुंच गए। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई गई। संसद के इतिहास में 19 दिसंबर 2024 को काला दिन बताया जा रहा है, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या ऐसे ही दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की संसद चलेगी? क्या हमारे सांसदों की सहनशक्ति या सुनने की क्षमता दिनों-दिन कम होती जा रही है? क्या हमारे माननीय सिर्फ आरोप-प्रत्यारोप करते हुए एक-दूसरे को घेरने में सारी ऊर्जा खर्च कर रहे हैं? क्या सत्ता पक्ष-विपक्ष का मकसद सिर्फ हंगामा खड़ा करना रह गया है? आखिर संसद चलाने की जिम्मेदारी किसकी है-सत्ता पक्ष की या विपक्ष की? संसद में गंभीर मुद्दों पर सार्थक चर्चा कम क्यों होती जा रही है? आज ऐसे ही सवालों के जवाब तलाशने की कोशिश करते हैं? संसद के शीतकालीन सत्र की 20 बैठकों में लोकसभा में करीब 57 फीसदी और राज्यसभा में करीब 43 फीसदी काम हो पाया है। वह भी शोर-शराबे के बीच निपटाना पड़ा है। कुछ प्रस्ताव, रपटें और विधायी कार्य ऐसे होते हैं, जो विप्लव के हंगामों के दौरान ही सदन में पेश करने अनिवार्य होते हैं। एक देश, एक चुनाव पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन का प्रस्ताव ध्वनि-मत से पारित हो सका, क्योंकि उसमें सत्ता और विपक्ष के सांसद होते हैं। अलबत्ता दोनों सदनों में अडाणी, सोरोस और गृहमंत्री अमित शाह के बयान के बाद बाबा अंबेडकर के ही नारे गूंजते रहे। दोनों तरफ टकराव और समानांतर आक्रामकता का माहौल बना रहा। संसद में संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर बहस हुई, लेकिन उस बहस का लब्बोलुआब क्या निकला? लोकसभा में 15 घंटे 43 मिनट



और राज्यसभा में 17 घंटा 41 मिनट तक सांसदों ने अपनी राय रखी। संसद में बहुत सार्थक बहस का मौका पक्ष-विपक्ष दोनों के पास मौका था, लेकिन दोनों पक्षों के ज्यादातर सदस्य अटैक इज बेस्ट डिफेंस वाली रणनीति के साथ चर्चा को आगे बढ़ाते रहे। बहस के दौरान कई बार ऐसा लग रहा था कि चर्चा संविधान के 75 साल पर नहीं इमरजेंसी के 49 साल पर हो रही हो। हम संसदीय कार्यवाही को अब एक तमाशा मानते हैं, क्योंकि कुछ भी सकारात्मक नहीं होता। संसद में सत्ता और विपक्ष दोनों ही अनिवार्य और पूरक पक्ष हैं। बेशक संसद चलाने की जिम्मेदारी सत्ता पक्ष की है, क्योंकि वह ही विधेयक और अन्य प्रस्ताव तैयार करता है। कैबिनेट को जनादेश हासिल है, लिहाजा वह ही बुनियादी और शुरूआती तौर पर बिलों और प्रस्तावों को स्वीकृति देती है। विपक्ष की भूमिका दुश्मन और नफरती पक्ष की ही नहीं होनी चाहिए, क्योंकि संविधान में उसे प्रतिपक्ष माना गया है। संसद जिद अथवा दुश्मनी-भाव से नहीं चल सकती, क्योंकि जो भी बिल और प्रस्ताव संसद में पारित किए जाते हैं, वे पूरकता में ही होने चाहिए। दोनों पक्षों की सहमति और असहमति स्पष्ट होनी चाहिए। अंततः मतविभाजन अथवा ध्वनि-मत से बिल और प्रस्ताव पारित किए जाएं, लेकिन मोदी सरकार के 11वें साल तक राजनीति और संसदीय कार्यवाही दुश्मनी-भाव की ही रही है। हालांकि पहले 10 साल में विपक्ष बेहद कमजोर रहा, लेकिन 18वीं लोकसभा में कांग्रेस और विपक्ष के आंकड़े कुछ ताकतवर हैं, नतीजतन संसद सही अर्थों में अखाड़ा या सब्जी मंडी बनकर रह गई है। यदि लोकसभा की कार्यवाही एक दिन न चले, तो 9 करोड़ रुपए और राज्यसभा की कार्यवाही लगातार स्थगित होती रहे, तो एक दिन में 5.5 करोड़ रुपए का नुकसान हो जाता है। क्या यह पैसा खैरात का है अथवा जॉर्ज सोरोस ही यह फंडिंग करता है? हमें बार-बार सोचने और क्षुब्ध होने को बाध्य होना पड़ रहा है कि क्या संसद के मायने हंगामे, नारेबाजी और विप्लवी स्थितियां ही हैं? क्या देश के गणतंत्र और संवैधानिक कार्यों के लिए ऐसी ही संसद की जरूरत है? नफरत और दुश्मनी की सियासत के लिए क्या संसद चाहिए अथवा उसकी कोई सार्थक भूमिका और जरूरत नहीं है? आम जनता में यहां तक टिप्पणियां की जाने लगी हैं कि हमें संसद की जरूरत ही क्या है, जब संसद में कार्यवाही तो बाधित ही रहती है? सवाल है कि सांसद हर बार माहौल क्यों नहीं बनाते? क्या सांसद केवल हंगामा करने के लिए ही पहुंचते हैं? सांसदों ने लोकसभा को पंगु बना कर रख दिया है। बार-बार हंगामा करने वाले सांसदों को चिन्हित किया जाए और उनकी सूची प्रचारित कराई जाए। ऐसे नियम बनाए जाएं कि वेल में आने या पर्चा लहराने या दूसरा किसी भी कि स्म का हंगामा करने वाले सांसद के खिलाफ खुद-ब-खुद कोई तय कार्यवाही हो जाए। कुछ सांसद वॉकआउट करने के बाद दोबारा सदन में क्यों आ जाते हैं? केवल दिखावा करने के लिए ऐसा करते हैं, उन्हें देश के विकास से कोई लेना-देना नहीं है।

संसद चलाने की जिम्मेदारी जितनी सत्ता पक्ष की है, उतनी ही विपक्ष की भी है। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को शक्तियां ससद से मिलती हैं। सोशल मीडिया की वजह से भी राजनीतिक दलों पर दबाव कई गुना बढ़ा है। सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों को खुश करने के चक्कर में या लोगों की वाहवाही के लिए कई बार शब्दों की लक्ष्मण रेखा पार होती दिखती है। आज की राजनीति की सबसे बड़ी समस्या यह है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष में संवाद की कड़ियां जोड़ने वाले नेताओं का अकाल पड़ गया है। दोनों ओर ऐसे नेताओं की भारी कमी है, जो बातचीत के सिलसिले को आगे बढ़ाने में एक असरदार कड़ी की भूमिका निभा सकें। वह भी भारत के संसदीय लोकतंत्र का ही दौर था, जब नरसिम्हा राव ने कश्मीर मुद्दे पर भारत का पक्ष रखने के लिए संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग में भेजे गए प्रतिनिधिमंडल में विपक्ष के नेता अटल बिहारी वाजपेयी को शामिल किया था। एक दौर वो भी था, जब गंभीर मसलों पर पब्लिक के बीच जाने से पहले विपक्षी नेताओं से सलाह-मशविरा किया जाता था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में भारतीय लोकतंत्र को सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने अपनी सहूलियत के हिसाब से परिभाषित किया है। भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में विपक्ष की भूमिका भी बहुत जिम्मेदारी का काम है। संसदीय लोकतंत्र में विपक्ष का काम है, सरकार के फैसले में कमियां निकालना और लोगों से जुड़े मुद्दों को उठाना तो सत्ता पक्ष का काम है विपक्ष को साधते हुए संसद चलाना, आगे बढ़ना। ऐसे में जब हम 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं तो सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं को गंभीरता से सोचना चाहिए कि ऐसा कौन-सा रास्ता निकाला जाए, जिससे एक-दूसरे पर तीखे कटाक्ष और मतभेद को मनभेद में बदलने वाली मानसिक जकड़न से आजादी मिले। संसद में लोकहित और राष्ट्रहित की बात हो। क्योंकि यहां मसला केवल आमजन के कल्याण का ही नहीं स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रणाली और व्यवस्था की गरिमा को बचाने का भी है। जिसकी मिसालें दुनियाभर में दी जाती हैं।

-स्वतंत्र पत्रकार

## कविता

### तपती दोपहरी में नन्ही गंगा

पुण्य सलिला मां
गंगा की तरह
पांच माह की नन्हीं
छोटी गंगा,
भोली,अबोध,
तपती दोपहर में
शहर में बनती
कई मंजिला अट्टालिका
के नीचे
कंक्रीट की छांव में
अपनी मां की ओढ़नी
के बिछौने पर लेटी
किलकारी मारते
आसमान की तरफ
ताक रही थी,
उसे भान नहीं था
उसकी मां अपनी छाती
में गंगा के लिए
दूध तैयार करने के लिए
भवन निर्माण में
तपती दोपहर में
मेहनत करती
पसीना बहाती
अपना शरीर तोड़ रही थी।
गंगा को गुमान नहीं है

संजीव

# उत्तराखंड में विराजमान हैं शिव की जटाओं से प्रगट होनेवाली देवी भद्रकाली

**रमाकान्त पन्त**

देवी भद्रकाली सभी का मंगल करने वाली, वैभव प्रदान करने वाली,वर देने वालों को भी वरदान देने वाली,सर्व शत्रुविनाशिनी,सर्व सुखदायिनी,सर्व सौभाग्यदायिनी,लोक कल्याणकारिणी,सर्व स्वरुपा,कल्याणी माता हैं। श्री भद्रकाली माता की महिमा अपरम्पार है,आदि व अनादि से रहित भगवती भद्रकाली की कृपा से ही समस्त चराचर जगत की क्रियायें सम्पन्न होती है।जय को भी जयता प्रदान करने वाली माता भद्रकाली है।

दुर्गा सप्तशती में भी कहा गया है-

***जयंती मंगला काली,भद्रकाली कपालिनी।***

***दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोस्तुते।।***

जनपद बागेश्वर की पावन भूमि पर कमस्यार घाटी में स्थित माता भद्रकाली का परम पावन दरबार सदियों से आस्था व भक्ति का अलौकिक संगम है। कहा जाता है कि माता भद्रकाली के इस दरबार में मांगी गई मनौती कभी भी व्यर्थ नहीं जाती है,जो भी श्रद्धा व भक्ति के साथ अपनी आराधना के पुष्प माँ के चरणों में अर्पित करता है,वह परम कल्याण का भागी बनता है। माता श्री महाकाली के अनन्त स्वरुपों के क्रम में माता भद्रकाली का भी बड़ा ही विराट वर्णन मिलता है। जगत जननी माँ जगदम्बा की अद्भुत लीला का स्वरुप अनेक रुपों में माता श्री भद्रकाली की महिमा को दशार्ता है।पुराणों के अनुसार माता भद्रकाली का अवतरण दैत्यों के संहार व भक्तों के कल्याण के लिए हुआ है।कहा जाता है,कि जब रक्तबीज नामक महादैत्य के आतंक से यह वंसुधरा त्राहिमाम कर उठी थी,तब उस राक्षस के विनाश हेतु माँ जगदम्बा ने भद्रकाली का रुप धारण किया तथा महापराक्रमी अतुलित बलशाली दैत्य का संहार किया। रक्त बीज को यह वरदान प्राप्त था कि युद्ध के समय उसके शरीर से गिरने वाली रक्त की बूंदों से उसी के समान महाबलशाली दैत्य उत्पन्न होगें। जगदम्बा माता ने भद्रकाली का विराट रुप धारण करके उसके रक्त की बूंदों का पान करके उसका संहार किया।

धौलीनाग के प्रसंग में भी माता भद्रकाली का बड़ा ही निराला वर्णन मिलता है। उल्लेखनीय है कि धौलीनाग अर्थात धवल नाग का मंदिर बागेश्वर जनपद के विजयपुर नामक स्थान से कुछ ही दूरी पर पहाड़ की रमणीक छटाओं के मध्य भद्र काली पर्वत की परिधि का ही एक हिस्सा है। हिमालयी नागों में धवल नाग यानी धौली नाग का पूजन मनुष्य के जीवन को ऐश्वर्यता प्रदान करता है, महर्षि व्यास जी ने स्कंद पुराण के मानस खण्ड के 83 वें अध्याय में भद्रकाली के प्रिय इस नाग देवता की महिमा का सुन्दर वर्णन करते हुए लिखा है।

## विचार

# भागवत को क्यों दी जा रही है धर्म गुरु नहीं बनने की नसीहत

**संजय सक्सेना**

**अपना देश एक रंग** बिरंगे गुलदस्ते की तरह है। अनेकता में एकता जिसकी शक्ति है। यहां विभिन्न धर्म और उनकी अलग-अलग पूजा पद्धति देखने को मिलती है तो देश का सामाजिक और जातीय ताना बाना भी काफी बंटा हुआ हुआ है। ऐसे में किसी भी मुद्दे पर किसी तरह की प्रतिक्रिया देने से पूर्व सौ बार उसके बारे में सोचना पड़ता है।वर्ना देश का माहौल खराब होने या जनता की भावनाएं भड़कने में देरी नहीं लगती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत का एक बयान इसका सबसे ताजा उदाहरण है। वैसे यह भी सच्चाई है कि भागवत के बयान पर पहली बार हो-हल्ला नहीं मच रहा है।इससे पूर्व भी भागवत के आरक्षण, ब्राह्मणों,डीएनए से जुड़े बयानों पर हंगामा खड़ा हो चुका है। अब संघ प्रमुख मोहन भागवत के मंदिर-मस्जिद वाले बयान पर साधु-संतों की ओर से आपत्ति सामने आई है। देश में हिंदू संतों की प्रमुख संस्था अखिल भारतीय संत समिति ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की हर जगह मंदिर तलाशने और इसके सहारे कुछ लोगों का हिंदुओं का नेता बनने की कोशिश वाली टिप्पणी पर आपत्ति जताई है। समिति ने कहा है कि विभिन्न स्थलों पर मंदिर-मस्जिद विवाद को उठाने वाले नेताओं को अपने दायरे में रहना चाहिए। समिति के महासचिव स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि मंदिर-मस्जिद का मुद्दा धार्मिक है और इसका फैसला धमार्चार्यों की ओर से किया जाना चाहिए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इस मुद्दे को सांस्कृतिक संगठन आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत को छोड़ देना चाहिए।

स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि जब धर्म का विषय उठेगा तो उसे धमार्चार्य तय करेंगे। जब यह धमार्चार्य तय करेंगे तो उसे संघ भी स्वीकार करेगा और विश्व हिंदू परिषद भी। स्वामी जितेंद्रानंद ने कहा कि मोहन भागवत की अतीत में इसी तरह की टिप्पणियों के बावजूद 56 नए स्थानों पर मंदिर पाए गए हैं, जो मंदिर-मस्जिद मुद्दों में रुचि और कार्रवाई का संकेत देते हैं। जितेंद्रानंद महाराज ने जोर देकर कहा कि धार्मिक संगठन जनता की भावनाओं के अनुसार कार्य करते हैं। इन समूहों के कार्य उन लोगों की मान्यताओं और भावनाओं से आकार लेते हैं जिनका वे प्रतिनिधित्व करते हैं, न कि केवल राजनीतिक प्रेरणाओं से। स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती की यह टिप्पणी जगद्गुरु रामभद्राचार्य की ओर से मोहन भागवत से असहमति व्यक्त करने के एक दिन बाद आई है। बता दें जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने अपने बयान में कहा था कि मैं यह स्पष्ट कर दूं कि मोहन भागवत हमारे अनुशासनकर्ता नहीं हैं, बल्कि हम हैं। साधू संत तो भागवत के बयान से नाराज हैं हीं इसके साथ-साथ यह भी पहली बार देखने को मिल रहा है कि आरएसएस प्रमुख को परिवार के भीतर भी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले द्वारका में द्वारका शारदा पीठम और बद्रीनाथ में ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती संघ परिवार के खिलाफ रुख अपनाते थे, लेकिन उन्हें कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित बता कर उनके बयानों को खारिज कर दिया जाता था।

बहरहाल, जगद्गुरु रामभद्राचार्य के साथ-साथ अन्य हिंदू धार्मिक गुरु आरएसएस के सुर में सुर मिलाने को तैयार नहीं हैं। उनका मानना है कि संघ को आस्था के मामलों में धार्मिक हस्तियों के नेतृत्व का सम्मान करना चाहिए। उधर,राजनीति के जानकारों का कहना है कि यह स्थिति धार्मिक मामलों में आरएसएस की भूमिका और प्रभाव को लेकर हिंदू धार्मिक समुदाय के भीतर संभावित झगड़े को भी दशार्ती है।रामभद्राचार्य ने कहा कि संभल में जो कुछ भी हो रहा था वह वास्तव में बुरा था। उन्होंने कहा कि इस मामले में सकारात्मक पक्ष यह है कि चीजें हिंदुओं के पक्ष में सामने आ रही हैं। हम इसे अदालतों, मतपत्रों और जनता के समर्थन से सुरक्षित करेंगे। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ किए गए अत्याचारों पर भी चिंता व्यक्त की।

बता दें हाल ही में आरएसएस प्रमुख


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



***वैधानिक सूचना***

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# साहित्य प्रेम और माहौल से बनी लेखिका प्रियंका

**कहते है** न कि बच्चों को जैसा माहौल घर में मिलता है, उनके भविष्य में उसकी छाप जरूर दिखती है। अगर परिवार में गायन का माहौल है तो बच्चें में गायन के गुण स्वतः आ जाते हैं। ऐसे ही अन्य कलाओं के बारें में भी है। साहित्यिक माहौल वाले परिवार में पली-बढ़ी हरियाणा के हिसार की प्रियंका 'सौरभ' आज नामी संपादकीय लेखिका, शिक्षिका, साहित्यकार और सामाजिक कार्यकर्त्ता है। वे कहती है- "मेरे मायके में मेरे दादा जी और पिता जी को किताबें पसंद थी और अब ससुराल में आने के बाद मेरे पति ने साहित्यिक माहौल दिया है।" इनके पति डॉ सत्यवान 'सौरभ' एक चर्चित कवि और लेखक है तो आये रोज घर में साहित्यिक चर्चाएँ और गतिविधियाँ चलती रहती है। बचपन में डायरी लिखने का अंकुर मन में पड़ चुका था। स्कूल और कॉलेज के दिनों में डायरी में कुछ न कुछ लिखने की आदत रही। राजनीति विज्ञान में मास्टर्स और एमफिल के दौरान समसामयिक विषयों की समझ बढ़ी तो समसामयिक लेख लिखने की आदत बनी। आज ये हिंदी और अंग्रेजी के 10,000 से अधिक समाचार पत्रों के लिए दैनिक संपादकीय लिख रही हैं जो विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित होते हैं। कोरोना काल के दौरान ऑनलाइन गोष्ठियाँ शुरू हुई तो काव्य में रूचि के चलते कवितायेँ लिखने की शुरूआत हुई। इसी दौरान पहला काव्य संग्रह 'दीमक लगे गुलाब' नाम से छपा और काफी चर्चित हुआ। महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर लिखते रहने से दूसरी पुस्तक 'निर्भयाएं' निबंध संग्रह के रूप में आया और तीसरी पुस्तक अंग्रेजी में 'फीयरलेस' बनकर आई। हाल ही में चौथी पुस्तक 'समय की रेत पर' अहमदाबाद से प्रकशित हुई है और साथ ही 'दीमक लगे गुलाब' काव्य संग्रह का दूसरा संस्करण बाजार में आया है। प्रियंका सौरभ कई क्षेत्रों में कार्य कर रही है।

लेखिका होने के अलावा शिक्षिका और सामाजिक कार्यकर्त्ता भी है। महिला सशक्तिकरण, हिन्दी भाषा, भारतीय सभ्यता और विरासत, धर्म, संस्कृति और बच्चों और महिलाओं के लिए साहित्यिक और शैक्षिणिक गतिविधियाँ, सामाजिक सरोकारों को लेकर कार्य करती है।

# कल के लिए योजनाओं पर अमल करें

**संजीव**

**हमें सदैव वर्त**मान में जीना चाहिए, इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 135 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि "आशाओं पर आकाश टिका हुआ है" और निसंदेह आशा,उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है। अच्छी और सही सोच हमेशा अच्छे परिणाम देने वाला होती है, पर बिना सकारात्मक सोच के और बिना किसी सार्थक परिणाम की कल्पना किए हुए उस पर पसीना बहाना बड़ा ही दुष्कर कार्य प्रतीत होता है। अच्छे पद अथवा अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सकारात्मक सोच और उच्च मनोबल तथा संयम को लेकर ही आगे अपनी तैयारी करता है एवं उच्चतम अंक या उच्च पद की प्राप्ति करता है। कोई भी खिलाड़ी ओलंपिक में बिना पदक की लालसा के तैयारी नहीं कर सकता और पदक को लक्ष्य मानकर जब वह पूर्ण मनोबल के साथ आशाओं की लकीरों के मध्य वह जब अपना पसीना मैदान में बहाता है तो वह लक्ष्य प्राप्ति की ओर लगातार अग्रसर होता है और उसे अंत में अपनी सकारात्मक ऊर्जा के कारण वह पदक अवश्य प्राप्त होता है।

## न्यूज फ्लैश

### बुजुर्गों विधवा महिलाओं और विकलांगों का उत्पीड़न बंद करें सरकार: नकीन मेहरा

सोनीपत: **आज** सोनीपत सरकार द्वारा बुजुर्गों विधवा महिलाओं तथा विकलांगों की पेंशन चेकिंग का कार्य चल रहा है जो की पेंशन चेकिंग के नाम पर अवस्थाओं के चलते सभी को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है सीधा-सीधा बुजुर्गों विधवा महिलाओं तथा विकलांगों का उत्पीड़न हो रहा है एक दिन में सैकड़ो पेंशनधारियों को बुलाकर सारा सारा दिन परेशान किया जा रहा है और वहां पर पेंशनधारियों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था नहीं है और ना ही पीने के पानी और वॉशरूम की व्यवस्था है उपरोक्त बातें आप नेता नकीन मेहरा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही नकीन मेहरा ने आगे कहा कि बुजुर्गों विधवा महिलाओं तथा विकलांगों को पेंशन चेकिंग बारे में सही माध्यम से सूचना भी नहीं दी गई जिससे कि हजारों पेंशनधारियों की पेंशन कटने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता नकीन मेहरा ने कहा कि पेंशन के नाम पर बुजुर्गों का उत्पीड़न करने की बजाय जब बुजुर्ग बैंक में पेंशन लेने आते हैं इस वक्त उनकी चेकिंग होनी चाहिए नकीन मेहरा नहीं चेतावनी देते हुए कहा यदि शीघ्र ही पेंशन धारी बुजुर्गों का उत्पीड़न बंद ना हुआ तो सोमवार को सुभाष चौक पर भूख हड़ताल करेगे

### शहीद उधम सिंह और बाबा जोरावर सिंह को किया गया नमन



**समालखा:** जी.वी.एम इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने शहीद उधम सिंह के शहीदी दिवस के अवसर पर विशेष सभा का आयोजन किया गया' इस कार्यक्रम का उद्देश्य शहीद उधम सिंह के बलिदान को याद करना था साथ ही बाबा जोरावर सिंह बाबा फतेह सिंह को याद करते हुए 'वीर बाल दिवस ,'भी मनाया गया स्कूल निदेशक राधे श्याम जांगड़ा कहा कि छात्रों को महान शहीद के जीवन से सीखने और साहस देशभक्ति और बलिदान के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया सभा में उनके जीवन और संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए भाषण कविताएं और एक नाटक सहित प्रदर्शन किया गया' हमारे राष्ट्र के स्वतंत्रता के लिए उनके साहस ,बलिदान और अटूट प्रतिबद्धता को याद करने और श्रद्धांजलि देने के लिए एक मिनट का मौन रखा गया अंत में स्कूल प्रधानाचार्या पम्मी ठकराल ने बच्चों को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया और स्कूल उप प्रधानाचार्या मीनाक्षी ने बच्चों को देश के प्रति देशभक्ति की भावना को प्रेरित करते हुए संकल्प लिया

### शहीद उधम सिंह और बाबा जोरावर सिंह को किया गया नमन



**समालखा ( कुलदीप सिंह )** जौरासी रोड स्थित गीता सीनियर सैकेण्डरी में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में गुरुद्वारा नानक दरबार से सरदार जगतार सिंह बिल्ला तथा हैड ग्रंथी सरदार गुरुमुख सिंह को आमंतिंत्र किया गया। सरदार जगतार सिंह ने स्कूल के बच्चों को गुरु गोबिंद सिंह के वीर सपूतों की निर्भिकता, साहस और बलिदान के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को सिख पंथ से जुड़ा सम्पूर्ण इतिहास बताया। उन्होंने गुरु तेग बहादुर तथा गुरु गोविंद सिंह की के परिवार के द्वारा दिए गए बलिदान का भी वर्णन किया। इस दिन के उपलक्ष्य में स्कूल में स्कूल की प्री प्राइमरी विंग में छोटे बच्चों की ड्राइंग, पेन्टिंग तथा रंग भरो प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता में नन्हें नन्हें बच्चों बी बढ़ चढ़ कर भाग लिया । स्कूल प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा ने बच्चों को बताया कि आज की पीढ़ी को इतिहास से सीख ले कर अपने जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा लेनी चाहिए।

# सीएम ने लोगों से वीर साहिबजादों के बलिदान से प्रेरणा लेने का किया आह्वान

## अपने बच्चों को साहिबजादों की तरह साहस, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का महत्व सिखाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ह्यवीर बाल दिवसह्न के अवसर पर लोगों से गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों द्वारा दिए गए बलिदानों से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को साहिबजादों की तरह साहस, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का महत्व सिखाएं और उनके जीवन में इन मूल्यों को शामिल करें। यही उनके अद्वितीय बलिदान के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी धर्म गुरुओं और सभी सामाजिक संस्थानों से आग्रह करते हुए कहा कि वे नशे जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ एकजुट होकर जन आंदोलन चलाएं, ताकि इस गंभीर समस्या को जड़ से खत्म कर युवा शक्ति को बचाया जा सके।





मुख्यमंत्री आज कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय वीर बाल दिवस कार्यक्रम में उपस्थित संगतगण को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, भाजपा जिला अध्यक्ष सुशील राणा ने गुरुद्वारा साहिब छठी पातशाही में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष अरदास की और प्रसाद चखा। इसके उपरांत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग की तरफ से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सभागार में छोटे साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान को समर्पित सफर-ऐ-शहादत स्मारिका का विमोचन किया। दोनों वीर साहिबजादों को नमन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह का अद्वितीय बलिदान हमें राष्ट्रहित में बड़ी से बड़ी कुबार्नी देने के लिए प्रेरित करता है। छोटी सी आयु में शहादत देने वाले वीर साहिबजादों की अमर गाथा इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीर साहिबजादों के शहीदी दिवस को हर वर्ष वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लेने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का धयवाद व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से अब हर वर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पूरे देश में श्रद्धा के साथ मनाया जाता है।

## बलदेव नगर में रोडवेज कंडक्टर व वकील में हुई हाथापाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** शहर के बलदेव नगर के पास हरियाणा रोडवेज बस में सवार वकील और बस कंडक्टर में कहासुनी इतनी बढ़ गई कि बस ड्राइवर, कंडक्टर ने वकील संदीप सिंह बराड़ के साथ हाथापाई की। जिसके बाद सूचना पाकर थाना बलदेव नगर एसएचओ व उनकी टीम भी मौके पर पहुंच गई। वहीं जानकारी पाकर वकील भी मौके पर पहुंच गए और पुलिस से कार्रवाई की मांग की। सिटी मीडिया से बात करते हुए वकील संदीप सिंह बराड़ ने बताया कि वह करनाल जाने के लिए हरियाणा रोडवेज की बस में सवार हो गया था। जिस पर कंडक्टर ने कहा कि आप गलत बस में सवार हो गए हो, जिस पर वकील ने कहा कि आप मुझे आगे कहीं भी उतार दो, लेकिन ड्राइवर ने बस नहीं रोकी। वकील ने बताया कि जब मैंनें बस रोकने की बात कही तो कंडक्टर ने मेरे साथ गाली गलौच करनी शुरू कर दी। जिस पर बहर बढ़ती देख ड्राइवर ने बस रोककर मुझे उतरने के लिए कहा। वकील ने कहा कि जब मैं उतरने लगा तो कंडक्टर ने मुझे गले से पकड़ लिया और इतने में ड्राइवर भी आ गया और मेरे साथ मारपीटी शुरू कर दी।

## रहस्यमय परिस्थितियों में मां-बेटी हुई लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में महिला और उसकी बेटी लापता हो गई। महिला एक प्राइवेट स्कूल में रिसेप्शनिस्ट की जॉब करती थी। महिला का मोबाइल नंबर भी स्विच ऑफ आ रहा है। परिजनों ने आसपास के एरिया में काफी तलाश की, लेकिन कोई भी सुराग नहीं लग पाया। पीड़ित पति ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने गुमशुदगी रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। करनाल निवासी पीड़ित पति ने पुलिस को बताया कि उसकी 34 वर्षीय पत्नी 25 दिसंबर की सुबह करीब 8.30 बजे बिना किसी को बताए घर से चली गईं।

## योग संस्थान वॉलंटियर्स को करवा रहा योगाभ्यास

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** भारतीय योग संस्थान पंजीकृत द्वारा जिला रेड क्रॉस समिति, कुरुक्षेत्र के तत्वावधान में राजकीय माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर 13 में दिनांक 23 से 28 दिसंबर तक आयोजित किए जा रहे जूनियर रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर के प्रतिभागी वॉलंटियर्स को योगाभ्यास करवाया जा रहा है । जिला रेड क्रॉस समिति की प्रधान उपायुक्त कुरुक्षेत्र, नेहा सिंह, आईएएस एवं सचिव डॉ सुनील कुमार के कुशल निर्देशन एवं जिला प्रशिक्षण अधिकारी अंजू कश्यप के नेतृत्व में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में 17 विभिन्न सरकारी व निजी विद्यालयों के 95 जेआरसी वॉलंटियर्स के साथ-साथ



उनके काउंसलर्ज.शिक्षक भाग ले रहे हैं ।

संस्थान के प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता हरियाणा, गुलशन कुमार ग्रोवर ने शिविर में उपस्थित वॉलंटियर्स व काउंसलर्ज.को योग का अर्थ व महत्व समझाते हुए महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग का संक्षिप्त परिचय करवाया । उन्होंने योग और व्यायाम में मुख्य अंतर भी बताए । उन के द्वारा शिविर के प्रतिभागियों को बहुत आसान परंतु अत्यंत उपयोगी योगासन, गहरे लंबे श्वास, प्राणायाम व ध्यान साधना का अभ्यास करवाया जा रहा है । वह जेआरसी वॉलिंटियर्स को

**परिचय करवाया**

▶▶ योग का अर्थ व महत्व समझाते हुए महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग का संक्षिप्त परिचय करवाया

याददाश्त बढ़ाने और तनाव से मुक्ति पाने के उपाय भी बता रहे हैं जो सभी को बहुत पसंद आ रहे हैं। विभिन्न विद्यालयों से आए काउंसलर्ज.के साथ साथ जिला रेड क्रॉस समिति की जिला प्रशिक्षण अधिकारी अंजू कश्यप एवं प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षक किरण कश्यप भी इस शिविर में योगाभ्यास कर लाभ प्राप्त कर रही हैं।

## पूर्व सरपंच को मजदूरों ने दी धमकी



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के कस्बा घरौंडा के गांव फरीदपुर के पूर्व सरपंच एवं फैक्ट्री मालिक ने पांच मजदूरों पर चोरी और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। आरोपी मजदूर ठेके पर काम करने आए थे, लेकिन कुछ दिन बाद उनकी मशीनें चोरी करके फरार हो गए। इसके अलावा आरोपियों ने हाल ही में गली में आकर उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पूर्व सरपंच की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरीदपुर गांव के पूर्व सरपंच रविंद्र त्यागी ने शिकायत में बताया कि उनकी बरसत गांव में एक फैक्ट्री है, जहां कारपेट बनाने का काम होता है। बीती 30 जून को पांच मजदूर उनके पास काम करने के लिए आए थे। इन मजदूरों ने काम शुरू करने के लिए 1.50 लाख रुपए एडवांस में लिए थे। पूर्व सरपंच का आरोप है कि दो दिन काम करने के बाद मजदूरों ने लंच के समय फैक्ट्री से पांच ऑटोमैटिक इलेक्ट्रिक टफ्टिंग गन मशीनें चोरी कर लीं।

## पीर की मजार हटाने को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** पंचायत भवन के समीप पीर की मजार का मसला लगातार गमार्ता जा रहा है। एक बार प्रशासन की तरफ से पीर की चारदीवारी गिरवा कार्रवाई अमल में लाई जा चुकी है, वहीं जिसके बाद मुस्लिम पक्ष ने भी प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था और कहा था कि उनके पास सभी जरूरी दस्तावेज मौजूद हैं। वहीं 10 दिसंबर को हिंदू संगठनों ने नगर निगम में चेन ताला लेकर प्रदर्शन किया था और निगम को कार्रवाई के लिए 15 दिन की



मोहल्लत दी थी। 26 दिसंबर को वह 15 दिन की मियाद खत्म होने के बाद विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के सभी कार्यकारिणी सदस्य एवं कार्यकर्ता संपदा अधिकारी एवं एसडीएम दर्शन कुमार को एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन देने पहुंचे । ज्ञापन सौंपते हुए पांच सदस्यीय एक्शन कमेटी के सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप सचदेवा ने एसडीएम साहब को बताया कि पिछले कब्जे को हटाने की कार्रवाई अभी तक विभाग द्वारा शुरू की जा चुकी है जिसकी नोटिस की प्रति भी परिषद को उपलब्ध करवाई जा चुकी है जिसकी मियाद 25 दिसंबर को समाप्त हो चुकी है लेकिन उसके बावजूद भी कब्जा धारी मौके पर ट्रॉलियों द्वारा मिट्टी गिरवा कर अपने कब्जे का विस्तार लगातार कर रहा है। जिसके चलते वहां पर मिट्टी गिरवा कर अंबाला हिसार राज्य मार्ग के समतल कब्जाधारी ने कच्ची पक्की दुकानों को स्थापित करना शुरू कर दिया है। एसडीएम दर्शन कुमार ने विश्व हिन्दु परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को आश्वासन देते हुए बताया कि जल्द ही इस मामले में अगला नोटिस देकर कार्रवाई को आगे बढ़ा दिया जाएगा।

**दस्तावेज**

▶▶ मुस्लिम पक्ष ने भी प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था और कहा था कि उनके पास सभी जरूरी दस्तावेज मौजूद हैं।

## सुभाष सुधा ने किया विरासत सांस्कृतिक प्रदर्शनी का अवलोकन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में आयोजित झंकार कार्यक्रम के तहत विरासत हेरिटेज विलेज कुरुक्षेत्र की ओर से एक दिवसीय सांस्कृतिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का अवलोकन पूर्व विधायक व मंत्री सुभाष सुधा ने गणमान्य लोगों के साथ किया। यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक श्री अशोक रोशा ने दी। उन्होंने बताया कि विद्या भारती से संबद्ध एवं हिन्दू शिक्षा समिति हरियाणा द्वारा



संचालित श्रीमद्भगवद्गीत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में 25 दिसंबर 2024 को झंकार 2024 का आयोजन करने किया गया। इस आयोजन में जहां एक ओर सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए वहीं पर दूसरी ओर विरासत हेरिटेज विलेज कुरुक्षेत्र की ओर से विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

## युवक पर चाकू से किया हमला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में आधा दर्जन से अधिक लोगों ने एक युवक पर हमला कर दिया। पीड़ित काम की तलाश में घर से निकला था। आरोपी उसके पास से 4700 रुपए और गले से चांदी की चेन लूटकर फरार हो गए। पीड़ित ने मेडिकल करवाने के बाद पुलिस को शिकायत दी। घटना सेक्टर-3 क्षेत्र की है। करनाल निवासी पीड़ित सागर ने बताया कि हमलावरों ने अचानक चाकू से उस पर वार करना शुरू कर दिया। उसके हाथ पर दो-तीन बार चाकू से चोट पहुंचाई। सागर अपनी जान बचाने के लिए भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन हमलावर उसका पीछा करते रहे।

## पाईट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वीर बाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत:** गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों द्वारा दी गई शहादत को नमन करते हुए पाईट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जपजी साहिब का पाठ , साहिबजादों की जीवनी तथा शहादत का इतिहास के साथ वीर बाल दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया । गतके के माध्यम से विद्यार्थियों में जोश एवं साहस का संचार करने के लिए प्रेरित किया गया । कार्यक्रम को करवाने का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति से जोड़े रखने के लिए प्रोत्साहित करना है । मैनेजमेंट कमेटी के प्रबंधक श्री हरिओम तायल जी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे तथा उन्होंने भी विद्यार्थियों को वीर





साहबजादों की तरह देश के लिए वीरता का भाव बनाए रखने के लिए प्रेरित किया । इस सारे कार्यक्रम का श्रेय स्कूल के प्रधानाचार्या रेखा बजाज एवं उप प्रधानाचार्या बॉबी सिंह को जाता है।यह आयोजन गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सिंह सभा ऐन अफ एल टाउनशिप के सहयोग से गुरु वाणी प्रचार व गुरु इतिहास बच्चो को बताया गया। पा ई ट परिवार द्वारा पानीपत समाज से गणमान्य अतिथियों को आमंत्रित किया । इस अवसर पर मुकेश

**वीरता का भाव**

▶▶ टाउनशिप के सहयोग से गुरु वाणी प्रचार व गुरु इतिहास बच्चों को बताया गया।

मुख्याध्यापक आर्य स्कूल , दयानंद खुंगर, कँवर रवींद्र सिंह सैनी , सरदार उपकार सिंह , सरदार जसबीर सिंह कपूर , सरदार अगम अपार सिंह, सरदार जगतार सिंह, रमेश बजाज, मुकेश तलवार , जगदीश अरोड़ा, मुकेश गुलाटी , अतुल चोपड़ा ,सरदार हरजीत सिंह सपरिवार उपस्थित रहे।

## वीर बाल दिवस इतिहास में मानवता और वीरता की मिसाल: डा. मिश्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :**साहिबजादों की वीरता केवल सिख धर्म तक सीमित नहीं है, यह सम्पूर्ण मानव समाज के लिए एक प्रेरणा का स्त्रोत है। वास्तव में धर्म केवल पूजा पद्धति नहीं है, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। वीर बाल दिवस हमें साहिबजादों की अनोखी वीरता और बलिदान की याद है। यह दिन हमें सिखाता है कि सत्य, धर्म और मुद्रा की रक्षा के लिए किसी भी उम्र में, किसी भी परिस्थिति में अडिग रहना चाहिए। यह विचार बीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित शौर्य संवाद कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ वीर साहिबजादों को नमन



कर हुआ। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों ने वीर साहिबजादों की याद में जीवन भर सत्य एवं धर्म के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों पर वीर साहिबजादों की याद में अनेक संस्मरण प्रस्तुत किये।

डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा साहिबजादों का बलिदान हमारे लिए प्रेरणा का स्त्रोत है और हमें अपने जीवन में उनके आदर्शों का पालन करने की प्रेरणा देता है।यह दिन हर भारतीय को यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम भी अपने धर्म, सत्य और देश की रक्षा के लिए साहिबजादों की तरह संकल्प लें।यह दिन सिख धर्म के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी के दो छोटे साहिबजादे, जोरावर सिंह और फतेह सिंह को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है। इन युवा साहिबजादों ने धर्म और मानवता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था। इन्हीं के सम्मान और याद में वीर बाल दिवस मनाया जाता है। सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह ने धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

उनके परिवार की शहादत राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अभूतपूर्व बलिदान था। उनके दो छोटे साहिबजादों ने निरंकुश शासक के आगे झुकने से इनकार कर दिया और डट कर आततायी का सामना बाबा।

डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह क्रमशः 7 और 5 वर्ष के थे, जब उन्हें मुगल सेना ने गिरफ्तार किया. 26 दिसंबर को 1705 में इन महान सपूतों को धर्म नहीं बदलने पर वजीर खान ने उन्हें जिंदा दीवार में चुनवा दिया था।इस शहादत को नमन करने के लिए वीर बाल दिवस मनाया जाता है। 9 जनवरी 2022 को गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि 26 दिसंबर यह प्रत्येक वर्ष श्री गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत की स्मृति में वीर बाल दिवस मनाया जायेगा।

**प्रेरणा दिवस**

▶▶ सत्य, धर्म और मुद्रा की रक्षा के लिए किसी भी उम्र में, किसी भी परिस्थिति में अडिग रहना चाहिए

## चार साहिबजादे की शहादत को दिखाकर चंदन स्कूल में मनाया वीर बाल दिवस दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा: चंदन** बाल विकास पब्लिक स्कूल, दुर्गा कॉलोनी ,समालखा में वीरवार को उधम सिंह जयंती तथा वीर बाल दिवस के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया उधम सिंह तथा वीर बालक को श्रद्धांजलि देते हुए उनके बारे में बताया गया। सर्वप्रथम वीर शाहिद उधम सिंह से संबंधित भाषण व कविताएं हुई साथ ही गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों के बलिदान की कहानी भाषण और कविता के माध्यम से बताई गई। दूसरी और कक्षा आठवीं के



बच्चों ने चार साहिबजादे नामक नाटक की प्रस्तुति दी साथ ही प्रोजेक्टर पर एनीमेशन वीडियो के माध्यम से बच्चों को गुरु गोविंद सिंह के शहीद परिवार की कहानी दिखाई गई जिससे बच्चों में गुरु गोविंद सिंह के बाल वीरों के प्रति श्रद्धा के साथ-साथ देश प्रेम की भावना का भी संचार हुआ।

## न्यूज फ्लैश

### दुष्कर्म करने का आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: बहालगढ़** थाना सोनीपत पुलिस ने शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मुकेश निवासी तियरा बिहार का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। बिहार हाल में बहालगढ़ निवासी एक महिला ने गत एक नवंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि आरोपित उसकी नाबालिग बेटी को शादी करने का झांसा देकर भगा ले गया। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन सुराग नहीं मिला। मामले को लकेर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी उप निरीक्षक ओमप्रकाश की टीम ने नाबालिग लड़की को बरामद कर उसकी मेडिकल जांच करवाने के बाद अदालत में बयान दर्ज करवाएं। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### पारिवारिक विवाद में आईटीआई अध्यापक और पत्नी को पीटने का आरोप

**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद में आईटीआई में तैनात अध्यापक व उसकी पत्नी को पीटकर घायल करने व धमकी देने के आरोप का मामला आया है। शिकायत में मारपीट का आरोप उनके बेटे, दो बहनों व जीजा पर लगा है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-23 में रहते है और आईटीआई अध्यापक है। वह 23 दिसंबर की शाम को ककरोई रोड से गुजर रहे थे। इसी दौरान दो गाड़ी उसके पास रूकी। जिसमें से उसका बेटा, मां, दो बहनें और जीजा उतरें। उन्होंने उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग आए तो आरोपित गाड़ियों में सवार होकर भाग गए। इसके बाद आरोपित उनके घर पहुंचे और घर में घुस कर उसकी पत्नी को पीटा। इसके बाद उसके चाचा के घर में आरोपित घुस गए। उनके साथ भी मारपीट की। आरोपित पहले भी जान से मारने की धमकी दे चुके है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच अधिकारी एसआई राजेश कुमार ने बताया कि जल्द से जल्द आरोपितों के खिलाफ आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### खेतों से सोलर प्लेट चोरी व तोड़ फोड़ करने का आरोप, किसान ने पुलिस को दी शिकायत

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र के गांव अटेरना में दो किसानों के खेतों में लगी सोलर प्लेटों व कॉपर चोरी करने सहित तोड़फोड़ करने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव अटेरना निवासी मुकेश ने बताया कि उसने अपने खेत में सोलर सिस्टम लगा रखा है। किसी ने गत 22 दिसंबर को सोलर की दो प्लेट व कॉपर तार चोरी कर ली। जबकि दो प्लेट तोड़ दी। वहीं उसके भतीजे मोहित के खेत से भी एचपी सोलर की तीन प्लेट चोरी कर ली। जबकि कंट्रोलर सहित कॉपर वायर चोरी कर ली। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी विकास कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# आर्ट फेस्ट में दिखी उभरते कलाकारों की प्रतिभा

**-ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में आयोजित आर्ट फेस्ट के विजेताओं को नकद पुरस्कार से किया गया पुरस्कृत**

**प्रोत्साहित किया**

**बच्चों की विषयानुसार रुचि को पहचान कर उसे उसी दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में आयोजित आर्ट फेस्ट में उभरते कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। पेंटिंग कंपटीशन में अक्ष, तमन्ना, भूमि व आर्या ने अपने-अपने ग्रुप में पहला स्थान हासिल किया। समारोह में कला श्री अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश आकाश, विद्यालय के चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन ,वंशज जैन व स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा ने विजेताओं को नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता के चारों वर्ग में पहले तीन स्थानों पर रहे प्रतिभागियों को क्रमशः 3100, 2100 व 1100 रुपये के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। विजेताओं के साथ-साथ अन्य सभी प्रतिभागियों को भी स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र व आकर्षक गिफ्ट देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया।

प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक व कला श्री अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश आकाश ने कहा कि आज के आधुनिक युग में अभिभावकों, विद्यालयों की प्रबंध समितियों व अध्यापकों को चाहिए की वे बच्चों की विषयानुसार रुचि को पहचान कर उसे उसी दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि फाइन आर्ट्स के क्षेत्र में भी रोजगार की असीम संभावनाएं छिपी है। छात्र-छात्राएं आगे चलकर बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स व मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स जैसे कोर्स कर फिल्म प्रोडक्शन, विजुअल इफेक्ट, एनीमेशन, ग्राफिक डिजाइन, इंडस्ट्रियल डिजाइन, विजुअल आर्ट, टेक्नीकल आर्ट, इंटीरियर डिजाइन, मेटलवर्किंग, पेंटिंग, फोटोग्राफी, टेलीविजन प्रोडक्शन जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं। स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कहा कि स्कूल में आर्ट फेस्ट की शुरूआत करने के पीछे मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों व उभरते कलाकारों को अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं में ड्राइंग-पेंटिंग के प्रति अभिरुचि बढ़ रही है । यही कारण है कि इस आयोजन में शहर के विभिन्न स्कूलों से पहुंचे पांच सौ से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लेकर अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का दम दिखाया।

**समारोह में इन विजेताओं को किया गया पुरस्कृत :** आर्ट फेस्ट के पहले ग्रुप में आर्या जैन ने पहला, तनिष्क ने दूसरा व तरिका ने तीसरा स्थान हासिल किया। दूसरे ग्रुप में भूमि ने प्रथम, अनाया ने द्वितीय व चिरंतना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीसरे ग्रुप में तमन्ना दहिया ने पहला, साकेत गुलिया ने दूसरा व तृति ने तीसरा स्थान पाया, जबकि चौथे ग्रुप में अक्ष पहले, सोनाक्षी दूसरे व उद्धव तीसरे स्थान पर रहे । आर्ट फेस्ट के दौरान नौनिहालों ने हैंड पेंटिंग में अपना जलवा दिखाया, जबकि पहली से तीसरी कक्षा के बच्चों ने कैनवास पर नेचर सीन को उकेरा। चौथी से छठी कक्षा के बच्चों ने कार्टून मेकिंग में अपनी प्रतिभा दिखाई, जबकि सातवीं व आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने सस्टेनेबल टूरिज्म डेवलपमेंट विषय पर शानदार पेंटिंग बनाकर देश की विशेषताओं को सबके सामने प्रस्तुत किया।

# शहीद बाल दिवस पर चार साहिबजादों को किया याद



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** सूरा सो पहचानिये जो लरे दीन के हेत पूर्जा-पूर्जा कट मरे कबहुँ न छाड़े खेत।
हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरु तेग बहादुर जी, माता गुज्जर कौर, चार साहिबजादे एवं सभी शहीदों की याद मे शहीदी सभा गुरुद्वारा मंजी साहिब में 24 व 25 दिसम्बर को अनेक प्रतियोगिताएं कराई गई। जिसमें कुल 700 से 800 छात्रों ने भाग लिया जिसमे मुरलीधर डी ए वी विद्यालय के 30 छात्रों ने प्रतियोगिताओं मे भाग लेकर पुरस्कार प्राप्त किये। जिसमे गुरबाणी कंठ में अवनीत कौर कक्षा दसवीं ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नौवीं कक्षा के हरमन सिंह व नदर सिंह ने दुमाला प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शेष सभी प्रतिभागियों को मैडल व सर्टिफिकेट प्रदान किये गए। इसके साथ ही मुरलीधर डी ए वी पब्लिक विद्यालय मे गुरु गोबिन्द सिंह जी के चार साहिबजादों के बलिदान को याद करते हुए पूरे विद्यालय के लगभग 2000 छात्रों व सभी अध्यापक गण व विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ आर आर सूरी जी द्वारा चार साहिबजादे फिल्म बड़े स्क्रीन पर देखी गई ताकि सभी छात्रों को यह जानकारी मिले कि कितनी छोटी आयु मे ही चार साहिबजादों ने धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दे दिया था। डॉ आर आर सूरी ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें चार साहिबजादों के बलिदान को याद करते हुए स्वंय मे भी ऐसा उत्साह व जोश उत्पन्न करना चाहिए कि जब जरुरत पड़े तो हम भी देश की रक्षा कर सकें व किसी भी दुश्मन को अपने पर हावी न होने दे।

# बाइक चोरी करने व फोन छीनने की वारदात में शामिल पांच हजार का बदमाश गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: क्राइम** यूनिट सेक्टर-3 पुलिस ने युवक पर हमला कर बाइक चोरी करने व फोन छीनने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित तीन साल से फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपित पर पांच हजार रुपये का इनाम रखा था। गिरफ्तार आरोपित जर्मन जीत निवासी बरवाला तरनतारन पंजाब का है। पुलिस आरोपित को पेश कर आगामी जांच के लिए पूछताछ करेगी। जखोली निवासी सोहन ने ने गत 9 फरवरी को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह वर्धमान कुंडली में नौकरी करता है। वह बाइक पर सवार होकर कच्ची नहर पुलिया से गांव अटेरना की तरफ जा रहा था। उसी दौरान बाइक पर तीन लड़के पहुंचे। जहां दो के हाथों में डंडे थे। साथ ही एक तलवार भी थी। उस पर हमला करके मोबाइल फोन व बाइक छीनकर फरार हो गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। वारदात में शामिल आरोपित काफी दिनों से फरार चल रहा था। पुलिस आयुक्त की तरफ से 21 मई से पांच हजार रुपये का इनाम रखा था।

# खिलाडियों ने ऑल इंडिया वूमेन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीते पदक

**नाम रोशन किया**


**कीर्ति ने 54 किलो भारवर्ग में स्वर्ण पदक व विशु राठी ने 57 किलो भारवर्ग में कांस्य पदक जीते**



**टीम एक्शन इंडिया**
**बठिंडा:** पंजाब की गुरु काशी यूनिवर्सिटी में 18 दिसंबर, 2024 से 24 दिसंबर, 2024 तक ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी वूमेन बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी की कीर्ति ने 54 किलो भारवर्ग में स्वर्ण पदक व विशु राठी ने 57 किलो भारवर्ग में कांस्य पदक जीते। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि इस चैंपियनशिप में भारत की सभी यूनिवर्सिटियों से 1300 वूमेन बॉक्सरों ने भाग लिया। जिसमें 54 किलो भारवर्ग में कीर्ति ने अपने पहले मुकाबले में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर यूनिवर्सिटी की आइस प्रजापति को 5-0 के स्कोर से, दूसरे मुकाबले में दिल्ली यूनिवर्सिटी की रिया को 5-0 के स्कोर से, तीसरे मुकाबले में मणिपुर यूनिवर्सिटी की सुमन कुमारी को 5-0 के स्कोर से, चौथे मुकाबले में कर्मवीर भैरव पाटिल यूनिवर्सिटी की स्वप्ना को 5-0 के स्कोर से, पांचवे मुकाबले में चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी की रुचिका को 5-0 के स्कोर से, सेमीफाइनल मुकाबले में महाराजा गंगा सिंह यूनिवर्सिटी की सुनीता को 5-0 के स्कोर से, अपने अंतिम व फाइनल मुकाबले में गुरु काशी यूनिवर्सिटी कि हरमीत कौर को 3-2 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक जीता । 57 किलो भारवर्ग में विशु राठी ने अपने पहले मुकाबले में श्री लाल बहादुर शास्त्री यूनिवर्सिटी की कोमल को 5-0 के स्कोर से, दूसरे मुकाबले में म.म.ए.यू.र. यूनिवर्सिटी की पिंकी को 5-0 के स्कोर से , तीसरे मुकाबले में रोहतक कि महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी की निकिता को 5-0 के स्कोर से, चौथे मुकाबले में गुरु जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी की विधि को 5-0 के स्कोर से व पांचवे मुकाबले में सी.यू.म.सी. यूनिवर्सिटी की प्रिया को 4-1 स्कोर से हराकर कांस्य पदक जीतकर अपनी एकेडमी व कोच का नाम रोशन किया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने कीर्ति व विशु राठी को बधाई दी व आगामी प्रतियोगिता के लिए दोनों बॉक्सरों को शुभकामनाएं दीं।

# नगर पालिका ने शहर में तिरंगा लाइट लगाना शुरू किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।** अब शहर तिरंगे के रंग में रंगा नजर आएगा। नगर पालिका ने शहर में तिरंगा लाइट लगवाने का कार्य शुरू कर दिया है। नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी, जेई नवदीप की देखरेख में राव तुलाराम चौक से बालाजी चौक तक खंभो पर तिरंगा लाइट लगाने शुरू हो गया है। शहर में करीब 9 लाख रुपये की लागत से नगर पालिका की ओर से शहर मुख्य मार्गों पर तिरंगा लाइट लगाई जाएगी। एक माह में इसका कार्य शुरू किया जाएगा।



जेई नवदीप ने बताया कि नगर पालिका पालिका की ओर से शहर में तिरंगा लाइट लगाने के लिए अक्तूबर में करीब 9 लाख रुपये का टेंडर लगाया गया था। 9 दिसंबर को टेंडर अलॉट कर दिया गया। सोमवार से तिरंगा लाइट लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। शहर में एक साथ तिरंगे की झलक दिखेगी। बाद में यह केसरिया, सफेद, हरे रंग में बदलती रहेगी। एक मिनट में कई बार तिरंगे की आकृति दिखेगी। शहर में करीब 150 तिरंगा लाइट लगाने का लक्ष्य रखा है। शहर में मुख्य मार्गों पर लगे खंभों पर एलईडी व लड़ी लगाई जाएगी। प्रथम चरण में इन स्थानों पर लगेगी लाइट शहर के राव तुलाराम चौक से बालाजी चौक, रिवासा फ्लाई ओवर, माजरा चुंगी से रेलवे फाटक तक, कैंची मोड पर तिरंगा लाइट लगाई जाएगी। असके बाद बालाजी चौक से मसानी चौक, मसानी चौक से भगवान परशुराम चौक, भगवान परशुराम चौक से कॉलेज रोड तक, भगवान परशुराम चौक से बालाजी चौक तक, बाला जी चौक से रेलवे रोड तक, विश्वकर्मा चौक से डॉ. भीमराव आंबेडकर चौक तक तिरंगा लाइट लगाई जाएगी।

**जगमग**

**अब शहर तिरंगे के रंग में रंगा नजर आएगा। नगर पालिका ने शहर में तिरंगा लाइट लगवाने का कार्य शुरू कर दिया**

# पुलिस ने इक्को चालक को चौकी में बुलाया, उससे पहले फंदे से लटककर दे दी जान

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र में मामले में सुनवाई करने के लिए पुलिस ने इक्को चालक को चौकी में बुलाया, लेकिन चालक का शव संदिग्ध हालत में फंदे से लटका मिला। परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल की टीम को बुलाकर जरूरी नमूने एकत्रित किए। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां मृतक के पिता के बयान पर तीन युवकों पर आत्महत्या के लिए विवश करने का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव सरगथल हाल में दहिया कॉलोनी निवासी धर्मबीर ने बताया कि उसका बेटा रविंद्र (27) इक्को चलाता था। गत 15 दिसंबर को अंकित, राहुल व जग्गू ने उसकी गाड़ी को बुक किया था। किसी बात को लेकर उनका झगड़ा हो गया। जिसमें एक युवक को गंभीर चोट लग गई। अंकित नाम के युवक ने मामले के लेकर कोर्ट काम्लेक्स चौकी में रविंद्र के खिलाफ 20 दिसंबर को शिकायत कर दी। पुलिस ने इस संबंध में मंगलवार को रविंद्र से चौकी में आने के लिए कहा। बुधवार सुबह रविंद्र का शव घर पर फंदे से लटका हुआ मिला। परिजनों ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल की टीम को बुलाकर घटना स्थल से नमूने एकत्रित कर शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां मृतक के पिता धर्मबीर ने अंकित, राहुल व जग्गू नाम के युवक पर आत्महत्या के लिए विवश करने के आरोप की शिकायत पुलिस को दी। जांच अधिकारी मनोज ने बताया कि मृतक के पिता के बयान पर आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दुकान के बाहर से बाइक चोरी

**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र में दुकान के बाहर से बाइक चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रगति नगर निवासी साहिल ने बताया कि गत 23 दिसंबर को अपने दोस्त की बाइक मांग कर लाया था। बाइक को ककरोई चौक के पीछे वाली गली में दुकान के बाहर खड़ी कर-के अपनी दुकान पर चला गया। उसके बाद जब वह दुकान से काम खत्म करके बाहर आया तो उसकी बाइक गायब मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। सीसीटीवी की जांच की तो युवक बाइक चोरी करते हुए पाया गया।

# हर्षित ने अमेरिकन गणित ओलंपियाड में गोल्ड अवार्ड जीता

**टीम एक्शन इंडिया**
**विद्यालय** के गर्व और आनन्द का विषय बने ग्रेड 11 के मेधावी छात्र, हर्षित नैन, जिन्होंने अमेरिकन गणित ओलंपियाड 2024 में गोल्ड अवार्ड प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता रळएट एजुकेशन रिसर्च सेंटर द्वारा आयोजित की गई थी, जो दक्षिणी इलिनॉय विश्वविद्यालय से संबद्ध है। यह एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय गणित प्रतियोगिता है, जिसमें छात्रों को गणित के जटिल सवालों को हल करने के लिए चुनौतियां दी जाती हैं। इस प्रतियोगिता में हर्षित ने अपनी बेमिसाल गणितीय क्षमता और समस्या हल करने की कला का प्रदर्शन किया, और इस अवार्ड को हासिल करके न केवल अपने परिवार का नाम रोशन किया, बल्कि विद्यालय का भी गौरव बढ़ाया। अमेरिकन गणित ओलंपियाड में गोल्ड अवार्ड प्राप्त करना एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि यह पुरस्कार अमेरिका के प्रमुख विश्वविद्यालयों में अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम में प्रवेश के लिए एक अहम मानदंड माना जाता है। यह सफलता हर्षित के लिए भविष्य के अनेक अवसरों के द्वार खोलने का संकेत है। विद्यालय में इस अवार्ड की खुशी का माहौल था और हर्षित का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष, डॉ. विजय पाल नैन ने उसे शुभकामनाएं दीं और उसकी कड़ी मेहनत की सराहना की। सचिव श्री गौतम नैन ने भी उसकी उपलब्धि को स्कूल के लिए गर्व का विषय बताते हुए उसे प्रेरित किया कि वह और भी सफलता प्राप्त करे।



**प्रतियोगिता**

**यह एक गणित प्रतियोगिता है, जिसमें छात्रों को गणित के जटिल सवालों को हल करने के लिए चुनौतियां दी जाती हैं**

# ओपी चौटाला: गांव चौटाला में श्रद्धांजलि सभा का होगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत।** हरियाणा प्रदेश के पांच बार मुख्यमंत्री रहे एवं इनेलो सुप्रीमो स्वर्गीय चौ. ओमप्रकाश चौटाला का अंतिम संस्कार शनिवार को तेजाखेड़ा फार्म पर किया गया। सोमवार को उनके पोत्र कर्ण चौटाला और अर्जुन चौटाला ने हरिद्वार जाकर रस्मों के अनुसार पूजा पाठ करवाया और पवित्र गंगा नदी में उनकी अस्थियां विसर्जित की। उनकी तेरहवीं पर 31 दिसंबर को गांव चौटाला में चौ. साहबराम स्टेडियम में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा।
इनेलो के सफिदो हल्के के पूर्व विधायक रामफल कुण्डू ने बताया कि प्रदेश के लोग जो किन्हीं कारणों से चौटाला साहब के अंतिम संस्कार पर नहीं पहुंच पाए थे उनकी भावनाओं को देखते हुए सभी 22 जिलों में अस्थि कलश यात्रा निकाली जाएगी ताकि लोग चौटाला साहब को श्रद्धांजलि अर्पित कर सकें। सभी 22 जिलों के लिए 22 कलश तैयार किए गए हैं जिनमें चौटाला साहब की अस्थियां होंगी जिसे सभी 22 जिलों में पानी में विसर्जित किया जाएगा। यह कलश यात्रा 27 दिसंबर को फतेहाबाद से शुरू होगी और हिसार, भिवानी, दादरी, महेंद्रगढ़(नारनौल) होते हुए रेवाड़ी पहुंचेगी। 28 दिसंबर को गुरुग्राम से शुरू होगी और फरीदाबाद, पलवल, मेवात, झज्जर, रोहतक होते हुए सोनीपत पहुंचेगी। 29 दिसंबर को पानीपत से शुरू होगी और जींद, कैथल, करनाल, यमुनानगर, पंचकूला, अंबाला होते हुए कुरुक्षेत्र पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय चौ. ओमप्रकाश चौटाला हरियाणा के ही नहीं बल्कि राजस्थान और पंजाब समेत यूपी के किसानों से जुड़े रहे थे जिसके कारण वहां के किसानों ने इच्छा जाहिर की है कि उनकी अस्थियां राजस्थान, पंजाब और यूपी के विभिन्न तीर्थ स्थलों पर ले जाकर पानी में विसर्जित की जाए। 31 दिसंबर को श्रद्धांजलि सभा के बाद पुष्कर, आनंदपुर साहिब और प्रयागराज में स्वर्गीय चौ. ओमप्रकाश चौटाला की अस्थियां पानी में विसर्जित की जाएंगी। इसके लिए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। इस कलश यात्रा में उनके साथ अदित्य देवीलाल, कर्ण चौटाला और अर्जुन चौटाला साथ रहेंगे।
इस मौके पर जिलाध्यक्ष कृष्ण मलिक, रिटायर्ड एसपी अनूप दहिया, ओमप्रकाश गोयल, कुणाल गहलावत, विकास मलिक, बालकिशन शर्मा, सुरेन्द्र सिरसाढ, अशोक राणा, भैयराज दहिया, राजेश हसीजा, ताहर सिंह चौहान, महाबीर शर्मा, जयसिंह रोहट, पप्पू दहिया,धर्मवीर दहिया आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**श्रद्धांजलि**

**सोमवार को उनके पोत्र कर्ण चौटाला और अर्जुन चौटाला ने हरिद्वार जाकर रस्मों के अनुसार पूजा पाठ करवाया**

# गाड़ी का शीशा तोड़कर 11 लाख रुपये की राशि चोरी करने का आरोपित काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: राई** थाना सोनीपत पुलिस ने गाड़ी का शीशा तोड़कर तकरीबन 11 लाख रुपये की राशि चोरी करने के चौथे आरोपित को पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर लेकर अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार आरोपित चंदू निवासी मंदगिरी दिल्ली का है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सेक्टर-4 गुरूग्राम निवासी अजय ने गत चार सितंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय व गुरुग्राम में बतौर अधिवक्ता के तौर पर कार्यरत है। उसे चंडीगढ़ में पेशेवर के दौरे के दौरान दस लाख 90 हजार रुपये की राशि मिली थी। उसे अपने लैपटॉप में सुरक्षित रखा हुआ था। वह 24 अगस्त को एक बजे अपनी कार से गुरुग्राम लौट रहा था। वह अपनी कार में केएमपी रैंप पर चढ़ा उसी दौरान बाइक सवार युवक चलती कार में पहुंचे। उन्होंने कहा कि कार का टायर पंचर हो गया है। उसने कहा कि कार से ऐसा कोई संकेत नहीं मिल रहा है। उसके बाद किसी नुकीली वस्तु से टायर पर हमला कर दिया। उससे कार का संतुलन बिगड़ गया। एक युवक ने बाइक से उसकी कार के ऊपर तेल फेंक दिया। उसके बाद इंजन से धुआं उठने लगा। उसने गाड़ी का बोनट खोला तो उसी दौरान एक युवक ने कार से लैपटॉप बैग में रखी रुपये व लैपटॉप लेकर फरार हो गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

**रिमांड पर भेजा**

**चोरी करने के चौथे आरोपित को पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर लेकर अदालत में पेश किया।**

# छोटे साहिबजादों के शहीदी दिवस पर किड्ज़ी किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक विद्यालय में शहीदी दिवस मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** :आज कौम के महान शहीदों की शहादत को समर्पित छोटे साहिबजादों के शहीदी दिवस पर किड्ज़ी किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक विद्यालय सेक्टर-3, कुरुक्षेत्र द्वारा शहीदी दिवस मनाया गया। जहाँ दलजीत कौर,मनदीप कौर ने मूलमंत्र का जप किया ईशमीत कौर,श्री मति दलजीत कौर एवं भाई गुलजार सिंह जी ने ,वाहों वाहों गुरु गोविंद सिंह जी, वाटाँ लमियाँ ते रस्ता पहाड़ दा ,तुरे जांदे गुरा दे दो लाल जी,वेला आ गया है दादिया जुदाई दा, आदि शब्दों का शब्दकीर्तन किया । बच्चो को चार साहिबजादों की एनीमेटेड प्रेरणादायक वीडियो



दिखाकर उनके जीवन के बारे में विस्तार से बताया गया। विद्यार्थियों द्वारा सतनाम वाहेगुरु का बार-बार स्मरण किया गया । विद्यालय के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ जी ने बताया कि आज मातृभूमि, देश और धर्म के लिए अपनी शहादत देने वाले गुरु पुत्रों एवं गुरु माता के प्रति नमन करने, श्रद्धा एवं कृतज्ञता अर्पित करने का दिवस है। कोम के लिए चारों साहिबजादों बाबा अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह, फतेह सिंह और माता गुजरी ने अपनी शहीदी दी। धर्म की खातिर खुशी-खुशी शहादत और जंग में दुश्मनों को धूल चटाने वाले गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों के बारे में

**याद किया**

**गुरु पुत्रों एवं गुरु माता के प्रति नमन करने, श्रद्धा एवं कृतज्ञता अर्पित करने का दिवस है**

शायद ही कोई ऐसा होगा, जो नहीं जानता होगा। जहां गुरुजी के दो बड़े साहिबजादे जंग में लड़ते हुए शहीद हो गए वहीं दो छोटे साहिबजादों को जिंदा दीवार में चिनवा दिया गया। ये नन्हीं जाने अपने पीछे आज एक मिसाल छोड़ गई हैं। हमें हमेशा उनकी शहादत को याद रखना चाहिए।
बच्चों को बताया गया कि कोई धर्म कोई मजहब गलत नहीं होता गलत केवल इंसान के विचार हो सकते हैं। हमें हमेशा धर्म से ऊपर उठकर हक और सच की लड़ाई लड़नी चाहिए और हमेशा सच का साथ देना चाहिए और अगर जरूरत पड़े तो इसके लिए हमें अपने प्राण तक न्यौछावर कर देने चाहिए तभी हम एक अच्छे समाज की सृजन कर सकें।इसके साथ ही शहीद उद्यम सिंह जयंती पर शहीद उधम सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण की गई तथा कक्षा पांचवीं से आठवीं के छात्रों द्वारा एक एक्ट प्रस्तुत किया गया।जिसमें दशार्या गया कि कैसे जनरल माइकल ओ ड्वायर ने जलियांवाला बाग में निहत्थे भारतीयों पर गोलियां चलाई थी।

# शेयर मार्केट में कमाई का लालच देकर 34.83 लाख ठगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिले** में साइबर ठगों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। साइबर ठगों ने एक युवक को शेयर मार्केट में कमाई का लालच देकर 34.83 लाख रुपये की राशि ठगी ली। ठगों ने उसे फ्री शेयर ट्रेडिंग सिखाने के बहाने झांसे में लिया था। पीड़ित ने मामले को लेकर साइबर थाने में शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। वहीं राई थाना क्षेत्र में युवक को झांसे में लेकर उसके खातों से तीन लाख से ज्यादा की राशि निकाल ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। चार मरला निवासी सुमित कुमार अरोड़ा ने बताया कि उसके पास

**शिकायत**

**ठगों ने उसे फ्री शेयर ट्रेडिंग सिखाने के बहाने झांसे में लिया था। पीड़ित ने मामले को लेकर साइबर थाने में शिकायत दी**

गत 14 दिसंबर को टेलीग्राम पर फ्री में ट्रेडिंग सीखने का संदेश मिला था। जिसके बाद उसे पायल अग्रवाल के तौर पर परिचय देने वाली युवती ने उसको वाट्सएप ग्रुप में जोड़ लिया। बाद में उनको कुछ समय तक शेयर ट्रेडिंग के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद इसी बीच उनको कमाई का लालच देकर कुछ टास्क भी दिए गए। जिनको पूरा करने पर कुछ रुपये भी दिए गए। शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर उनसे अलग-अलग खातों में 34.83 लाख रुपये डलवा लिए गए। इसके बाद जब वह रुपये निकालने लगे तो नहीं निकले। उनसे और रुपये मांगे जाने लगे। लेकिन उसके रुपये वापिस नहीं किए जा रहे है। इस संबंध में परिजनों को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। साइबर थाना पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई गिरीश ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द ठगों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। वहीं सेक्टर-35 स्थित एक्सप्रेस सिटी निवासी रेजीडेंट के चार बैंक खातों से साइबर ठगों ने 3.44 लाख रुपये की नकदी निकाल ली।

## न्यूज फ्लैश

### गीता विद्यालय में बाल दिवस एवं तुलसी पूजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** :आज गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के द्वारा संचालित लाजपत छात्रावास के सभागार में धर्म जागरण के हरियाणा प्रांत के संगठन मंत्री चंद्र के मार्गदर्शन में तुलसी पूजन एवं वीर बाल दिवस को यज्ञ की आहुतियाँ डालकर बहुत ही श्रद्धा भाव से मनाया गया ।इस कार्यक्रम में छात्रावास के 100 छात्रों के साथ-साथ उनके आचार्य एवं विद्यार्थी विस्तारक गुलशन और प्रदीप की पूर्ण समय गरिमा में उपस्थिति रही। सर्वप्रथम वीर शहीद बालको को श्रद्धा भाव से यज्ञ की आहूतियों के द्वारा श्रद्धांजलि समर्पित की। तुलसी माँ को गंगाजल से स्नान कराकर जल समर्पित कर पूजा अर्चना की गई । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता चंद्र ने अपने उद्बोधन में बताया कि आज भारत देश की सनातन धर्म संस्कृति को अनेकों शक्तियों के द्वारा कमजोर करने का बहुत ही पुरजोर पडयंत्र चल रहा है। हमें अपने धर्म को इससे बचाने के लिए सर्वप्रथम अपने धर्म के बारे में और उसकी विशेषताओं के बारे में बहुत ही गहन अध्ययन द्वारा तथा विद्वत जनों से जानकारी पर प्राप्त करनी चाहिए। तभी हम अपने धर्म की रक्षा करने में सफलता प्राप्त कर सकेंगे । यह सभी के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने बिना किसी संप्रदाय के नाम लिए ही श्रोताओं को उनसे होने वाली हानियों तथा अपने धर्म को बचाने के लाभों के बारे में विशेष जानकारियां दी। उनका कहना है कि यदि हमारा धर्म सुरक्षित है तो हमारा देश भी सुरक्षित रहेगा। इसी श्रृंखला में गुरु पुत्रों के चारों वीर बालको फतेह सिंह, जोरावर सिंह,अजीत सिंह, जुझार सिंह, माता गुजरी के बलिदान तथा गुरु गोविंद सिंह के त्याग के बारे में बहुत ही विस्तार से बताया। इस अवसर पर विस्तारक गुलशन ने बलिदान कहांदा ए देश ते मरना, धर्म ते मरना,गुरु गोविंद बच्चे वारे सी, ओ भी भारत माँ दे प्यारे सी ,और छात्र लक्ष्य बादल ने भी गुरु पुत्रों पर पंजाबी भाषा में एक गीत प्रस्तुत किया जिसके बोल थे --वाटां लमियां ते रस्ता पहाड़ दा तुर जांदें गुरां दे, दो लाल जी । सरसा नदी दे विछोह पै गया ,उस वेले दा सुन लो हाल जी ।इस अवसर पर कार्यक्रम में छात्रावास अधीक्षक सुशील चौधरी ,छात्रावास संरक्षक राजकुमार राणा, आचार्य सतीश शास्त्री ,अरुण कुमार ,प्रिंस कुमार अक्षय बूरा व संजय यादव रत्नेश मौर्य मनोज कुमार उपस्थित रहे। कल्याण मंत्र व शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### शरीर दान कर अमर हुई सत्या देवी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : गांव किशपुरा की शंकर कॉलोनी निवासी 76 वर्षीया सत्या देवी के शरीर को मरणोपरांत मेडिकल रिसर्च के लिए दान किया गया है। फ्यूचर इंस्टीटयूट आफ मेडिकल साईंस बरेली में सत्या देवी की पार्थिव देह को एंबुलेंस के माध्यम से भेज दिया गया है। देर सायं जैसे ही सत्या देवी के शरीर को मेडिकल रिसर्च के लिए एंबुलेंस के माध्यम से मेडिकल कॉलेज में ले जाया जा रहा था तो पूरा वातावरण सत्या देवी अमर रहे के नारों से गूंज गया।
शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेल्फेयर फोर्स कमेटी के सेवादारों समेत अन्य लोगों ने मानव श्रृंखला बनाकर सत्या देवी को अंतिम विदाई दी। सत्या देवी के बेटे अजायब सिंह इन्सां ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका पूरा परिवार डेरा सच्चा सौदा के जुड़ा हुआ है। सत्या देवी ने जीते जी मरणोपरांत शरीरदान का फार्म भरा हुआ था। इतना ही नही उन्होने कई बार परिवार के सामने जिक्र भी किया था कि मृत्यु के बाद उनका शरीर दान किया जाए। गत दिवस उनकी मृत्यु के बाद उन्होने डेरा सच्चा सौदा में संपर्क किया और मेडिकल कॉलेज में एंबुलेंस के माध्यम से शरीर को ले जाया गया। डेरा सच्चा सौदा के 85 मैंबर कमेटी के सदस्य संदीप अन्नू ने कहा कि अब तक कुरुक्षेत्र जिला में डेरा सच्चा सौदा के अनुयायियों द्वारा मरणोपरांत कई शरीर दान किए जा चुके हैं। डेरा सच्चा सौदा की मुहिम रंग ला रही है व मेडिकल के स्टूडेंट्स को रिसर्च के लिए मानव शरीर उपलब्ध हो रहे हैं। उन्होने कहा कि डेरा सच्चा सौदा की संगत के लाखों लोगों ने मरणोपरांत शरीर दान का फार्म भरा हुआ है।

# गीता आदर्श कॉलेज ऑफ एजुकेशन में रक्तदान शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्र/ लाडवा** : गीता आदर्श कॉलेज ऑफ एजुकेशन मैहरा में वीर बाल दिवस और स्वतंत्रता संग्राम के महानायक शहीद उधम सिंह की जयंती पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारम्भ गीता आदर्श कॉलेज ऑफ एजुकेशन मैहरा के चेयरमैन यतेंद्र वर्मा ने किया जबकि शिविर की अध्यक्षता महासचिव सुनीता वर्मा ने की। शिविर में समाजसेवी नरेश सैनी विशेष रूप से पधारे हुए थे। 173 बार रक्तदान और 85 बार प्लेटलेट्स दे चुके राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित राष्ट्रीय स्वर्ण स्वर्ण पदक विजेता, शतकवीर डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा शिविर संयोजक रहे। नागरिक अस्पताल करनाल के रक्त



कोष के क्षेत्रीय रक्त संचरण अधिकारी डॉ. संजय वर्मा के दल द्वारा रक्त संग्रहण किया गया। गीता आदर्श कॉलेज ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन यतेंद्र वर्मा ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर शिविर का शुभारम्भ किया और कहा कि आज का दिन भारत के इतिहास में बहुत ही अधिक महत्वपूर्ण है जो वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इसके साथ ही शहीद उधम सिंह जयंती का दिन हमारे लिए गौरव का इतिहास वर्णित करता है। शिविर के संचालन में कॉलेज के कर्मचारियों ने सहयोग किया और रक्तदान किया। कार्यक्रम में पूर्व ब्लॉक समिति चेयरमैन राहुल शर्मा, भाजपा नेता राहुल सैनी, नरेंद्र मंढ़ाण, बलिंद्र मंढ़ाण, दर्शन सिंह सोम नाथ कटारिया, राहुल कश्यप, रेनू बाला शर्मा, जगमाल सिंह, गुरदयाल सिंह, विकास नम्बरदार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। शिविर में महिलाओं ने भी रक्तदान किया
जिसमें रेनू बाला शर्मा सहित 26 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम के अंत में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए। नशा करने वाले युवाओं को नशे की सुई नहीं अपितु रक्तदान की सुई लगवानी चाहिए ताकि अपना स्वास्थ्य लाभ हो और अन्य लोगों के प्राणों की रक्षा की जा सके। ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह साहब के दिशानिर्देशों और पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।
उन्होंने ब्यूरो का हेल्पलाइन नंबर 9050891508 साझा करते हुए कहा कि इस पर नशा तस्करी को रोकने के लिए सूचनाएं देकर नशा मुक्त अभियान में सहयोग करें।

# बेटे को विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर आठ लाख ठगे

**सोनीपत**: शहर थाना क्षेत्र के छोटू राम चौक क्षेत्र के रहने वाले व्यक्ति के बेटे को न्यूजीलैंड भेजकर आठ लाख रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। पीड़ित को जब ठगी का पता लगा तो उन्होंने पुलिस आयुक्त को शिकायत दी। पुलिस आयुक्त कार्यालय से मिली शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामलों की गंभीरता से जांच कर रही है। छोटू राम चौक क्षेत्र निवासी रविंद्र ने पुलिस आयुक्त को शिकायत दी कि महिला सहित तीन लोगों ने उनके बेटे को विदेश भेजकर नौकरी लगवाने का झांसा देकर ठगी की है। पीड़ित ने बताया कि जयदीप ने उनकी जान पहचान थी। जयदीप के माध्यम से वह दिल्ली निवासी वंदना खुल्लर से 2 फरवरी को सोनीपत ओमेक्स सिटी में मिले थे। उन्हें पता लगा कि जयदीप के बेटे यशदीप को वंदना विदेश भेज रही है। उन्होंने वंदना से कहा था कि उनके बेटे को भी विदेश भेज देना। तब उन्हें कहा गया था कि यशदीप के साथ उनके बेटे को भी विदेश भेजकर वहां होटल में काम के लिए वर्क वीजा दिला देंगे। इसके लिए 10 लाख रुपये की मांग की थी। साथ ही झांसा दिया था कि वहां पर भारत के हिसाब से उसे साढ़े तीन लाख रुपये मिलेंगे। उन्होंने उसे झांसे में ले लिया।
रविंद्र का आरोप है कि उन्हें 9 फरवरी को सुभाष चौक के पास बुला लिया गया। वहां पर उन्होंने अपने दोस्तों से एकत्रित कर चार लाख रुपये उसे दे दिए। बाद में चार लाख रुपये आईटीआई चौक पर दिए गए।

# माध्यमिक विद्यालय संगोहा में वीर बाल दिवस मनाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संगोहा में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्रों जोरावर सिंह जी और फतेह सिंह जी की शहादत की याद में बाल वीर दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दो युवा शहीदों की बहादुरी और बलिदान पर प्रकाश डालने वाले भाषणों से हुई। एक पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जहां छात्रों ने जोरावर सिंह जी और फतेह सिंह जी के जीवन के दृश्यों को चित्रित करके अपने कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को दो युवा शहीदों द्वारा प्रदर्शित साहस, बलिदान और भक्ति के मूल्यों का अनुकरण करने के लिए प्रेरित करना था। डॉ. गुरदीप सिंह, श्री विनोद जी, शम्मी, शशि जी, राजीव जी, मैडम अवनीत कौर ,मैडम नीलम का विशेष धन्यवाद।

# गर्म कपड़े वितरण कर मनाया भगवान का जन्म कल्याणक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**समाज** सेवा संगठन की ओर से 26 दिसम्बर वीरवर को सेक्टर 25 हनुमान मंदिर के पास झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों महिलाओं को गर्म सूट जैकेट शाल वितरण की शुरूआत मुख अथिति राजिंदर जैन की अथिति ने कहा समाज सेवा संगठन सभी धर्मों के महोत्सव पर जरूरत मन्द की सेवा करता है बहुत काबिले तारीफ है हम सबको संगठन का सहयोग करना चाहिए। संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया संगठन ने 8 दिसम्बर को गर्म कपड़े वितरण अभियान की




शुरूआत की थी उसी कड़ी में आज सेक्टर 25 हनुमान मंदिर के पास झुग्गियों में रहने वाले बच्चों महिलाओं को गर्म सूट जैकेट शाल वितरण कर जैन धर्म के तीर्थंकर भगवान पारसनाथ व चन्द्र प्रभु का जन्म कल्याणक मनाया। और 27 दिसम्बर को गुरु द्वारा सिंह सभा बत्रा कालोनी और 29 दिसम्बर को हरि सिंह चौक के पास विश्वकर्मा मंदिर में आस पास की कालोनी के जरूरत मन्द बच्चों महिलाओं को गर्म कपड़े वितरण किए जाएंगे।

# प्राथमिक विद्यालय में मनाया बाल शहीदी दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

**छाजपुर** कलां गांव की पंचायत और विद्यालय ने मिलकर बाल शहीदी दिवस मनाया जिसमें बच्चों ने कविता और ड्राइंग प्रस्तुत की। चयनित बच्चों को सरपंच राजेंद्र रावल ने सम्मानित किया। इसी अवसर पर कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाऊंडेशन द्वारा समर्थित एम डी डी ऑफ इंडिया संस्था द्वारा बाल विवाह, बाल दुर्व्यवहार व बाल श्रम के खिलाफ शपथ प्रोग्राम का आयोजन भी किया गया। इसमें बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा बाल विवाह निषेध अधिनियम के बारे में विस्तार से बताया गया।
सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता




पायल ने बताया कि कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है या उसको बढ़ावा देता है या उसमें सहायता करता है तो 112 नम्बर व? 181नम्बर पर फोन करके सुचित करें। बाल? विवाह करवाने वाले को 1 साल की सजा व 2 लाख जुमार्ना भी लग सकता है या दोनों भी हो सकते हैं। बाल विवाह रूपी बुराई को जड़ से खत्म करना जरूरी है , एम डी डी जिला समन्वयक संजय कुमार ने कहा कि एम डी डी ऑफ इंडिया पिछले कई वर्षों से बालाधिकारों को लेकर कार्यरत है और "न्याय तक पहुंच" कार्यक्रम के अंतर्गत बाल विवाह, बाल दुर्व्यवहार व बाल श्रम के खिलाफ

**मांग**

**बाल विवाह के दुष्परिणामों तथा बाल विवाह निषेध अधिनियम के बारे में विस्तार से बताया गया**

जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इस अवसर पर एम डी डी आफ इंडिया संस्था से जिला समन्वयक संजय कुमार, सामुदायिक सामाजिक कार्यकर्ता पायल, सरपंच राजेंद्र रावल, पंच राजेंद्र, अध्यापक कुलदीप सिंह, जगमिंद्र, देवेंद्र, पूनम शर्मा के अलावा सैंकड़ों छात्र छात्राएं भी शामिल रहे।

# चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: कुंडली** थाना सोनीपत पुलिस ने गाड़ी से कॉपर वॉयर चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विजय निवासी यूपी हाल में गाजियाबाद यूपी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। नई दिल्ली कुंडली निवासी विजय ने गत पांच दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह तीन दिसंबर को दोपहर 12 बजे हरियाणा वायर कंपनी से मथुरा रोड-पलवल कंपनी से गाड़ी में मॉल लोड करके चला था। गाड़ी के ड्राइवर का नाम विजय निवासी लोनी गाजियाबाद यूपी था। वह गाड़ी में सामान लेकर वॉयर वर्धमान में सेक्टर-53 में आया था। चालक के पास फोन किया उसका फोन बंद आ रहा था। जीपीएस के जरिए गाड़ी की लोकेशन पता की तो गाड़ी कुंडली टोल के पास खड़ी मिली। गाड़ी के पास पहुंचा तो पता चला कि गाड़ी में न तो मॉल मिला और न ही चालक मिला। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। जांच अधिकारी अशोक कुमार की टीम ने वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से बीस हजार रुपये बरामद किए है। आरोपित को अदालत में पेश किया।

# वीर बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : राजकीय माध्यमिक विद्यालय दुनिया माजरा खण्ड पेहवा में वीर बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सबसे पहले प्रार्थना सभा में मुख्य अध्यापक जसवीर सिंह सैनी द्वारा बच्चों को वीर बालक बच्चों के जीवन परिचय से अवगत कराया और उनके महान बलिदान के बारे में बताया गया इसके अतिरिक्त बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्राप्त करने वाले बच्चों एवं पुरस्कार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और 'विकसित भारत के संदर्भ में मेरा विजन' विषय पर बच्चों से लेखन निबंध लेखन एवं अन्य प्रतियोगिताएं करवाई गई।



इसके ट्रिक के कक्षा पहली से आठवीं के बच्चों ने रचनात्मक लेखन, पोस्टर बनाना और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आदि करवाई गई। विद्यालय के शिक्षक हरदविंद्र सिंह ने बताया कि बच्चों का बलिदान असमरणीय है एवं संसार में इस तरह के उदाहरण बहुत ही कम मिलते हैं। सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका सविता सैनी ने ड्राइंग कंपटीशन में भाग लेने वाले बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें रचनात्मक ढंग से कार्य करने के सुझाव दिए।
संस्कृत अध्यापक जसमहिन्द्र सिंह ने विकसित भारत के संदर्भ में भारत के प्रधानमंत्री के विजन एवं बच्चों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया।

# गायक अमन सरोहा ने लोगों को नाचने पर किया मजबूर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/( कमाल हुसैन)**

**हर साल** की तरह 70 माइलस्टोन ढाबा पर क्रिसमस के मौके पर गायक अमन सरोहा ने गीत और भजन गाकर लोगों को नाचने पर मजबूर कर दिया । इस अवसर पर 70 माइलस्टोन ढाबा के मालिक रेशम सिंह हरबंस सिंह और मनप्रीत सिंह उर्फ.मन्नू ने बताया की हमारे ढाबे पर ग्राहकों के मनोरंजन के लिए हर साल ऐसे ही प्रोग्राम किया जाता है । स्वादिष्ट खाने के साथ-साथ हमारा प्रयास रहता है कि लोगों की ज्यादा से ज्यादा सेवा की जाए । इस मौके पर ढाबे पर मौजूद राजेश ,नवीन ,जयप्रकाश ,अरविंद



,सोनू ,दिनेश ,समर सिंह ,जगपाल ,नफे चंद ,अशोक कुमार ने बताया की 70 माइलस्टोन ढाबा पर बहुत ही स्वादिष्ट खाना मिलता है । इसके साथ ही लोगों के मनोरंजन के लिए हर त्यौहार पर इसी तरह प्रोग्राम किए जाते हैं।

# राजकीय प्राथमिक पाठशाला निवारसी कॉलोनी में मनाया वीर बाल दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : आज राजकीय प्राथमिक पाठशाला निवारसी कॉलोनी खण्ड लाडवा जिला कुरूक्षेत्र में वीर बाल दिवस 2024 मनाया गया जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों व अध्यापकों, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों व मुख्य अतिथि गाँव निवारसी के सरपंच श्री प्रदीप कुमार नें सहभागिता की ककार्यक्रम के आरम्भ में सभी बच्चों को सिक्खों के दसवें गुरु गोविन्द सिंह जी के साहिबजादों वीर बालकों के बलिदान की



कहानी ऑडियो के माध्यम से सुनाई गयी तथा उनके प्रति सभी नें पुष्पांजलि अर्पित की गयी ' उसके बाद विद्यालय की तरफ से गाँव में गुरबाणी संकीर्तन रैली निकाली गयी जिसमें पाँच बच्चों को पंज प्यारे की भूमिका में अग्रणी पंक्ति में लें जाते हुए सभी बच्चों नें संकीर्तन संचालन किया।




# एमपी क्लब में हुई ब्राह्मण समाज की विशेष बैठक, हुआ नई कार्यकारिणी का गठन







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के एमपी क्लब में ब्राह्मण समाज राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के द्वारा एक आम सभा का आयोजन किया गया। संस्था के द्वारा इस कार्यक्रम की शुरूआत मंत्रो उच्चारण के साथ दीप प्रज्वलित करके की गई। इसके बाद सभी ने मिलकर भगवान परशुराम जी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और कार्यक्रम की शुरूआत की।
इस विशेष बैठक का आयोजन कई उद्देश्यों के साथ हुआ। इनमें पुराने कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत करना, तीन वर्ष पूरे होने पर पुरानी कार्यकारिणी भंग करने के साथ ही नई कार्यकारिणी का गठन करना। सभी का व्यक्तिगत परिचय करवाना। ब्राह्मण युवक-युवतियों के विवाह के लिए किये गए प्रयासों और उनके नतीजों को सभी के साथ साझा करना। पूरे कार्यकाल के दौरान किए गए अन्य कार्यों को सभा के सामने रखना। इनके अलावा नई कार्यकारिणी का गठन करना मुख्य उद्देश्य रहा। आपको बता दें कि पिछले 18 वर्षों से ये संस्था ब्राह्मणों के उत्थान के लिए काम कर रही है। जहाँ हर साल 25 दिसंबर को

### बैठक का आयोजन

- ब्राह्मण समाज राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र ने किया भव्य आयोजन
- भारी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों ने की शिरकत
- तीन वर्षीय कार्यकाल के लिए ब्राह्मण समाज ने चुना अपना नया प्रेजिडेंट

एक विशेष बैठक का आयोजन किया जाता है। इसमें भारी संख्या में ब्राह्मण समाज के नामवर लोग मौजूद होते है। इस साल की बैठक में भी भारी संख्या में ब्राह्मण रत्नों ने शिरकत की।
इस दौरान सभा के महासचिव आचार्य विद्यारतन ने सम्पूर्ण लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। साथ ही पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया। इसके बाद ब्राह्मण समाज के 5 सबसे वरिष्ठ सदस्यों से प्रधान पद के लिए नाम सुझाने का आग्रह किया गया। पंचों की एक राय में सुभाष शर्मा का नाम सामने आया। इसके बाद पंचों ने सुभाष शर्मा के नाम का प्रस्ताव रखा। साथ ही महासचिव पद के लिए पुनः आचार्य विद्यारतन का नाम प्रस्तावित हुआ जिसे सभा में मौजूद सभी मौजूदा सदस्यों ने एक स्वर में स्वीकार करते हुए मुहर लगा दी। सभी ने मिलकर संस्था के नवनियुक्त प्रधान सुभाष शर्मा का माला पहनाकर स्वागत किया।
ब्राह्मण समाज एनसीआर सभा जो सन् 2006 में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली द्वारा रजिस्टर्ड कराई गई थी, जिसके संस्थापक अध्यक्ष स्व. पंडित दीपचंद शर्मा दिल्ली के सीनियर ब्राह्मण नेता व दिल्ली कांग्रेस के बहुत बड़े नेता रहे, कुलदीप वत्स तत्कालीन दिल्ली ओलम्पिक के अध्यक्ष संस्थापक उपाध्यक्ष, आचार्य डॉ० विद्यारतन भारद्वाज संस्थापक महासचिव, सुभाष शर्मा संस्थापक सचिव, निर्मित गौड़ अधिवक्ता संस्थापक पीआरओ, रवि गौड़ संस्थापक कोषाध्यक्ष, कृष्ण कुमार शर्मा, पहलवान, विनोद वशिष्ठ नारायणा दिल्ली,व राजीव शर्मा, मस्जिद मोठ सभी संस्थापक कार्यकारिणी सदस्य रहे।




# महाराजा सूरजमल का नांगलोई में मनाया गया बलिदान दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: महाराजा** सूरजमल महान क्रांतिकारी थे। उनका 261वां बलिदान दिवस नांगलोई जाट सभा के द्वारा महाराजा सूरजमल स्टेडियम में हवन और प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि दी। हवन डा स्वतंत्रानन्द शास्त्री रोहतक के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था के द्वारा कार्यक्रम में आए महत्वपूर्ण व्यक्तियों को महान व्यक्तियों के चित्र देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने



महाराजा सूरजमल के ऐतिहासिक कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. हरपाल सिंह जटराणा ने शहीद स्मारक दिल्ली गेट पर लगी महाराजा सूरजमल की प्रतिमा के आगे महाराजा लगवाने का आवाहन किया और महान क्रांतिकारी राजा महेंद्र प्रताप की प्रतिमा नए संसद भवन में लगवाना और उन्हें 'भारत रत्न' दिलवाने का प्रस्ताव रखा। जिसमें सभी ने अपनी सहमति जाहिर की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कर्नल सुभाष देशवाल, रामेश्वरम मलिक(पूर्व मुख्य न्यायाधीश) डॉ बिजेंद्र सिंह (चेयरमैन नैफेड), यशपाल मलिक, सतीश नान्दल, जसबीर कराला, मनोज शोकीन आदि अधिकतर वक्ताओं ने कहा कि आने वाला समय शिक्षा का समय है इसलिए शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए।

# कांग्रेस के राजीव कौशिक 'आप' में हुए शामिल





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** संजय नगर में एक बैठक के दौरान आदर्श नगर जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव राजीव कौशिक ने आम आदमी पार्टी एवं अरविंद केजरीवाल की नीतियों से प्रभावित होकर अपनी टीम के साथ आम आदमी पार्टी की सदस्यता ली। इस मौके पर आदर्श नगर विधानसभा से 'आप' प्रत्याशी मुकेश गोयल ने राजीव कौशिक को पार्टी का पटका पहनाकर आप में शामिल करवाया। इस मौके पर दीपक डडवाल, मुकेश गर्ग, नरेश गुप्ता, राजीव बंसल, हरीश ग्रोवर, भुवनेश गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता, अविनाश, रवि वधवा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर मुकेश गोयल ने कहा कि मैं राजीव कौशिक एवं उनकी समस्त टीम को आप परिवार में शामिल होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। इस मौके राजीव कौशिक ने बताया कि मैं आम आदमी पार्टी की नीतियों व कार्यों से प्रभावित होकर आप में शामिल हुआ हूं।
इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

# गंदगी से बेहाल हुआ मुकुंदपुर, जनता त्रस्त-सरकार मस्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: देश की राजधानी** कही जाने वाली दिल्ली पिछले ग्यारह सालों से गंदगी से त्रस्त है तो वहीं दिल्ली के लोगों की इस गंदगी के चक्कर में दुर्दशा ही बिगड़ती जा रही है। तो वहीं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अपने शीश महल के लिए भ्रष्टाचार में व्यस्त रहे। ऐसा कहना है बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र स्थित मुकुंदपुर वार्ड में रहने वाले लोगों का। क्षेत्र के लोगों ने कहा कि हम लोगों के लिए न तो पीने के पानी की कोई व्यवस्था है, और न ही पक्की सड़के है और न ही कोई अन्य सुविधाएं मिली है। क्षेत्रीय लोगों ने कहा कि पूरे ग्यारह सालों तक तो केजरीवाल भ्रष्टाचार करने में व्यस्त रहे तो वहीं उनके विधायक संजीव झा भी क्षेत्र में कभी नज़र ही नही आए और अब जब विधानसभा चुनाव नजदीक आ गया है तो पुनः संजीव झा अपने घर से निकलकर घर-घर वोट मांगने के लिए निकल पड़े है।



**श्याम सिंह, पूर्व निगम प्रत्याशी मुकुंदपुर वार्ड** ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक संजीव झा ने विकास के नाम पर लोगों को झूठे वादे करने के अलावा कुछ नहीं किया है। केजरीवाल ने दिल्ली का और विधायक संजीव झा ने विकास तो बुराड़ी के नसीब से ही छीन लिया है। श्याम सिंह ने कहा कि मुकुंदपुर वार्ड की हालत दयनीय हो गई है हमारे क्षेत्र में न तो कोई मोहल्ला क्लीनिक है, बस नाम के लिए एक डिस्पेंसरी चलाई जा रही है, जो कि कांग्रेस के शासन काल के समय की है। उन्होंने कहा कि लोग अब जागरूक हो गए है और इस बार न तो केजरीवाल के झांसे
में आने वाले है और न ही विधायक संजीव झा की चिकनी चुपड़ी बातों में फंसने वाले है।
**राजन पांडे, मुकुंदपुर ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस** ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने क्षेत्र में अनेक सुविधा लोगों को दी हुई थी, लेकिन जब से केजरीवाल सरकार आई है तब से हालत दयनीय हो चुकी है। पांडे ने कहा कि विधायक संजीव झा द्वारा क्षेत्र में सीवर लाइन डलवाई गई है, उसमें सारा मेटेरियल घटिया इस्तेमाल किया गया है। फ्री पानी के नाम पर केवल बेवकूफ बनाया गया है, क्षेत्र में कभी पानी नहीं आता है और कभी आता है तो वह इतना दूषित होता है जिसे पीना तो दूर की बात है हाथ भी धोने योग्य नहीं होता है। जिसके चलते लोगों को पानी भी मंहगे दामों पर खरीदकर पीना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर मुकुंदपुर में विकास लाना है तो कांग्रेस प्रत्याशी मंगेश त्यागी को वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाये।






**संजीव मिश्रा, सामाजिक कार्यकर्ता** ने कहा कि मुकुंदपुर क्षेत्र में एक नहीं अनेकों तरह की समस्या से पीड़ित लोग है। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में पीने के पानी की समस्या से लेकर बिजली, सड़क, सुरक्षा, स्वास्थ, एजुकेशन सहित अनेकों समस्याओं का अंबार लगा हुआ है।
मिश्रा ने कहा कि क्षेत्र में दस फूट चौड़े नाले तो बनाए गए है बावजूद इसके सडकों पर लबालब पानी भरा रहता है। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर विधायक संजीव झा ने पैसे डकारे है तो वहीं बजट के नाम पर केजरीवाल एंड पार्टी बडे-बडे घोटाले करके दिल्ली की जनता को समस्या से जूझने के लिए छोड़ दिया है।
संजीव मिश्रा ने कहा कि पूरे ग्यारह सालों तक तो केजरीवाल और उसके विधायक अपने-अपने घरों में घूसे रहे और अब विधानसभा चुनाव नजदीक आ गया है तो दिल्ली की महिलाओं को बेवकूफ बनाने के लिए 2100 रूपऐ देने का लालच देने लगे है।
**दिलीप कुमार** ने बताया कि केजरीवाल सरकार द्वारा लोगों को भ्रमित किया गया है। मुकुंदपुर में विकास तो दूर-दूर तक दिखाई ही नहीं देता है। क्षेत्र की हालत देखकर ऐसा प्रतीत होता है जैसे हम देश की राजधानी दिल्ली में नहीं बल्कि किसी बिहड़ जंगल में रहते हो। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में चारो ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। कूड़े के ढ़ेर लगे हुए है, सफाई का तो क्षेत्र में नामोनिशां तक नहीं है और निगम के सफाईकर्मी भी क्षेत्र में कभी नज़र नहीं आते है।
दिलीप कुमार ने आगे कहा कि क्षेत्र में जो पानी निकासी के लिए सीवर-नाले बनाए गए थे जो कि पूरे टूटे पड़े हुए है जिसकी वजह से नालों का गंदा पानी सड़कों पर भरा रहता है जिससे जहां एक ओर तो गंदगी का माहौल बना हुआ है तो वहीं खतरनाक बिमारियों का भी साया मंडराता रहता है। दूषित पानी पीने से कई लोग बिमार भी हो चुके है।



# मथुरा के ड्राई एरिया में खूब छलक रहे जाम

## लव विंग्स नामक टेस्टोरेंट पर आबकारी विभाग की कार्रवाई, आबकारी टीम ने परिसर से अलग अलग ब्रांड की 52 केन बीयर बरामद की

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। श्रीकृष्ण** जन्मस्थान के आसपास के बडे क्षेत्र को सरकार द्वारा ड्राई एरिया घोषित किया गया है। इस क्षेत्र में मांस और शराब की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित है साथ ही सेवन पर भी रोक है। बावजूद इसके जिम्मेदार विभागों की लापरवाही के चलते इस क्षेत्र में बार बार न केवल मीट की दुकानों पर मीट बिक्री का पकड़ा जाना जारी है बल्कि ड्राई एरिया में जाम भी खूब छलकाये जा रहे हैं। नए साल पर मदिरा की खपत बढ़ जाती है। इसे देखते हुए जिलाधिकारी ने जनता से भी अपील की है कि वह अवैध अड्डों



से मदिरा न खरीदें साथ ही अवैध कारोबारियों को भी मदिरा नहीं परोसने की चेतावनी दी है। इसके बाद पुलिस और आबकारी विभाग लगातार कार्यवाही कर रहा है। एक के बाद एक गाजे और शराब की कई बडी खेप पकडी गई हैं, जिन्हें तस्करी कर ले जाया जा रहा था। आबकारी विभाग द्वारा विशेष अभियान के अंतर्गत आबकारी टीम मथुरा हरियाणा बॉर्डर से आने वाले रास्तों पर लगातार चेकिंग कराई जा रही है। साथ ही साथ नववर्ष व क्रिसमस पर्व के उपलक्ष्य में होने वाले आयोजनों में बिना इवेंट बार लाइसेंस प्राप्त किए मदिरा पान की रोकथाम के लिए चेकिंग भी की जा रही है। आबकारी विभाग की टीम को जानकारी मिली किं जनपद मथुरा में घोषित ड्राई जोन एरिया में स्थित लव विंग्स नामक रेस्टोरेंट में अवैध रूप से मदिरा पान कराया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी की उपस्थिति में आकस्मिक छापा मारा गया। छापे के दौरान रेस्टोरेंट में बीयर परोसी जा रही थी तथा परिसर से ट्यूबर्ग ब्रांड 28 व बडवाइजर ब्रान 24 कुल 52 केन बीयर बरामद हुई। इस रेस्टोरेंट के मालिक पुष्पेंद्र व उनके मैनेजर, वेटर आर्यन को गिरफ्तार करते हुए उनके विरुद्ध संबंधित थाने में एफ आई आर दर्ज कराई गई। उल्लेखनीय है कि उक्त रेस्टोरेंट द्वारा अपने ऑनलाइन विज्ञापन में के रूप में अल्कोहल भी प्रदर्शित किया गया है।

# महाकुम्भ में पांच एकड़ में की जायेगी स्टेट पवेलियन की स्थापना

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः उत्तर** प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा महाकुम्भ में लगभग 05 एकड़ में उत्तर प्रदेश स्टेट पवेलियन की स्थापना की जायेगी। पर्यटक यहां प्रदेश के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों सहित अन्य आकर्षणों की झलक देख सकेंगे। हस्तशिल्प बाजार और सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित कई अन्य आयोजन भी होंगे। पवेलियन में लोकप्रिय एवं प्रसिद्ध हस्तशिल्प बाजार सजाई जायेगी। इसके अलावा धार्मिक स्थलों की झांकी भी प्रस्तुत की जायेगी। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रत्येक क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की अपनी विशिष्टता है। धार्मिक-आध्यात्मिक, प्राकृतिक पर्यटन स्थलों के साथ-साथ यहां के व्यंजन, हस्तशिल्प, गीत और नृत्य पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।



महाकुम्भ में लगभग 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की सम्भावना है। इन्हें प्रदेश की प्रसिद्ध विरासत से परिचित कराने का प्रयास किया जा रहा है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि महाकुम्भ क्षेत्र सेक्टर 7 नागवासुकी मंदिर के समीप लगभग पांच एकड़ क्षेत्र में उत्तर प्रदेश स्टेट पवेलियन का निर्माण हो रहा है। उत्तर प्रदेश के 12 प्रमुख सर्किटों- रामायण सर्किट, कृष्ण ब्रज सर्किट, बुद्धिस्ट सर्किट, महाभारत सर्किट, शक्तिपीठ सर्किट, आध्यात्मिक सर्किट, सूफी-कबीर सर्किट, जैन सर्किट, बुंदेलखंड सर्किट, वाइल्ड लाइफ एवं ईको सर्किट, क्राफ्ट सर्किट, स्वतंत्रता संग्राम सर्किट के महत्वपूर्ण स्थलों को दशार्या जाएगा। साथ ही, 15,000 स्क्वायर फीट के वृहद मानचित्र पर थ्री-डी तकनीक के माध्यम से अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज, कुशीनगर, सारनाथ, नैमिषारण्य सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों को दशार्या जाएगा। इन स्थलों के महात्म्य के बारे में बताया जाएगा। जयवीर सिंह ने बताया कि प्रत्येक जिले की वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) के लिए 75 स्टॉल लगाए जाएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए तीन मंच बनाए जाएंगे। खान-पान के 20 से अधिक स्टॉल लगेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने नई दिल्ली में अपनी पहुंच का विस्तार किया

**नई दिल्ली।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (उत्कर्ष एसएफबीएल) इंजीनियर्स एन्क्लेव–पीतमपुरा, नई दिल्ली में अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा करते हुए प्रसन्न है। यह विस्तार वित्तीय समावेशन को बढ़ाने और इंजीनियर्स एन्क्लेव–पीतमपुरा के निवासियों को आवश्यक बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस लॉन्च के साथ, बैंक पूरे देश में



1019 बैंकिंग आउटलेट और नई दिल्ली राज्य में 35 बैंकिंग आउटलेट तक पहुंच गया है। विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ, श्री गोविंद सिंह ने कहा, "इंजीनियर्स एन्क्लेव, पीतमपुरा में हमारा नया बैंकिंग आउटलेट, नई दिल्ली में हमारे नेटवर्क को मजबूत करने के लिए हमारे समर्पण को दशार्ता है। अपने समृद्ध इतिहास और मजबूत सामुदायिक संबंधों के लिए जाना जाने वाला, इंजीनियर्स एन्क्लेव, पीतमपुरा, राजधानी का एक अभिन्न अंग है। यह क्षेत्र अपने दर्शनीय स्थलों जैसे कि सुंदर डिस्ट्रिक्ट पार्क, जो हलचल भरे शहर के भीतर एक हरा–भरा आश्रय है, और प्रतिष्ठित पीतमपुरा टीवी टॉवर के लिए प्रसिद्ध है, जो दिल्ली के मनोरम दृश्य प्रस्तुत करता है। इस आउटलेट का उद्घाटन इंजीनियर्स एन्क्लेव, पीतमपुरा की गतिशील और तेजी से बढ़ती आबादी का समर्थन करने और इस जीवंत पड़ोस में विकास को बढ़ावा देने की हमारी यात्रा में एक कदम आगे है।" बैंक के द्वारा अपने ग्राहकों को तमाम तरह के वित्तीय उत्पाद और सेवाएं प्रदान कराई जाती हैं जिनमें सेविंग और करेंट अकाउंट्स, फिक्स्ड डिपाजिट और रेकरिंग डिपाजिट जैसी सेवाएं शामिल हैं। ग्राहकों की आर्थिक महत्वकांक्षाओं को पूरा करने के लिए, बैंक कई तरह के लोन उत्पाद– जैसे हाउसिंग लोन, बिजनेस लोन और संपत्ति के एवज में लोन उपलब्ध कराती है।

### होंडा मोटरसाइकिल ने लॉन्च किया नया 2025 यूनिकॉर्न

**करनाल ।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज नई यूनिकॉर्न लॉन्च की है, जो OBD2B मानकों के अनुरूप है। यह बाइक परफॉर्मेंस और भरोसे का एक सदाबहार प्रतीक है। इसे आज के तरव?की पसंद राइडर्स की मांगों को पूरा करने के लिए अब हाई–टेक फीचर्स से लैस किया गया है। 2025 होंडा यूनिकॉर्न की कीमत दिल्ली में एक्स–शोरूम कीमत 1,19,481 रुपये रखी गई है। नई यूनिकॉर्न को पेश करते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ श्री त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, "होंडा यूनिकॉर्न हमेशा से भारत के प्रीमियम यात्री वर्ग में अग्रणी रही है। पिछले कुछ वर्षों में, इसने लाखों ग्राहकों का भरोसा जीता है और यह गुणवत्ता, विश्वसनीयता और आराम का पर्याय बन चुकी है। नए 2025 मॉडल के लॉन्च के साथ, हम इसकी विरासत को और मजबूत कर रहे हैं। नए फीचर्स और अपडेट्स यूनिकॉर्न के आकर्षण को नई पीढ़ी के ग्राहकों तक पहुंचाएंगे।" लॉन्च पर होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के सेल्स और मार्केटिंग डायरेक्टर श्री योगेश माथुर ने कहा, "2025 यूनिकॉर्न में होंडा की प्रमाणित इंजीनियरिंग को एडवांस फीचर्स, व्यावहारिकता और OBD2B मानकों के अनुरूप अपडेटेड इंजन जैसी कई खास खूबियों के साथ जोड़ा गया है। ये प्रगति हमारे ग्राहकों को बेजोड़ वैल्यू प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दोहराती है। नया यूनिकॉर्न प्रीमियम यात्री वर्ग में एक बेंचमार्क स्थापित करता है। हमें विश्वास है कि यह समझदार राइडर्स के लिए पसंदीदा विकल्प बना रहेगा।"

**नया यूनिकॉर्न: एडवांस फीचर्स और कुशल** इंजन

होंडा यूनिकॉर्न दो दशकों से भारतीय दोपहिया वाहन बाजार में एक विश्वसनीय नाम रहा है। शानदार डिजाइन, उन्नत तकनीक और बेजोड़ टिकाऊपन के संयोजन के साथ, यह लाखों राइडर्स की पहली पसंद रही है। 2025 मॉडल इस विरासत को आगे बढ़ाता है, जो नवीनतम उत्सर्जन मानकों का पालन करते हुए स्टाइल, आराम और तकनीक का मिश्रण पेश करता है।

### पेट्रोल पम्प के सामने ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, युवक की हुई मौत

**बाराबंकी: जिले के** हैदरगढ़ नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित पेट्रोल पम्प से मोटरसाइकिल में पेट्रोल भरवाने के बाद वापस लौट रहे युवक को गुरुवार करीब 11 बजे ट्रक ने रौंद दिया। जिसके युवक की दर्दनाक मौत हो गई।

## बसपा ही एक ऐसी पार्टी जो गरीब कार्यकर्ताओं की कमाई पर निर्भर

**लखनऊः** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी ही एक ऐसी है जो आर्थिक मामले में गरीब कार्यकताओं के खून-पसीने की कमाई पर निर्भर है, जबकि अन्य दल बड़े पूंजीपतियों व धन्नासेठों के धनबल के सहारे राजनीतिक गतिविधियां चलाते हैं। यह वर्ष 2023-24 में विभिन्न दलों को मिले अकूत चंदे के आंकड़ों से भी साबित है। मायावती ने एक्स पोस्ट में कहा कि वर्ष 2023-24 में चंदा के मामले में भाजपा पहले, बीआरएस दूसरे और कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही। इन दलों को करोड़ों रुपयों का चंदा मिला, जबकि बसपा कार्यकताओं के खून-पसीने की कमाई पर निर्भर रहती है।

# कन्नौज पुलिस बनी यूपी की पहली डिजिटल पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**कन्नौजः कन्नौज** पुलिस के सभी थाने मोटी-मोटी फाइलों के जंजाल से मुक्त हो गये। इसी के साथ कन्नौज पुलिस पूरे प्रदेश में पहला ऐसा जिला बन गया है, जहां सारे थाने ई ऑफिस सिस्टम प्रणाली पर पूरी तरह से काम करते नजर आ रहे हैं। दरअसल, स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा की ओर कदम बढ़ाते हुए कन्नौज पुलिस सभी थानों, सीओ ऑफिस और एडिशनल ऑफिस समेत तमाम पुलिस ऑफिसेज में ई-ऑफिस सिस्टम को लागू कर दिया है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा डिजिटल इंडिया





मिशन को बढ़ावा देने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। इसी के तहत उत्तर प्रदेश पुलिस में तकनीकी सुधार और आधुनिकरण की दिशा में बड़े कदम उठाये जा रहे हैं। इसी दिशा में कन्नौज पुलिस ने बड़ी पहल करते हुए सभी थानों को 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के अवसर पर पूरी तरह से डिजिटल करते हुए ई ऑफिस से जोड़ दिया है। इस पहल के तहत थानों में मोटी-मोटी फाइलों का जमाना खत्म हो गया है और ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से प्रशासनिक कार्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुचारू रूप से संचालित हो गये हैं। वहीं, कन्नौज उत्तर प्रदेश का पहला ऐसा जिला बन गया है, जहां सभी पुलिस थानों और कार्यालयों में शत-प्रतिशत ई-ऑफिस प्रणाली पर काम शुरू हो गया है। पुलिस अधीक्षक कन्नौज ने हाल ही में पुलिस कार्यालय में आयोजित एक समारोह में डिजिटल परिवर्तन की शुरूआत की थी। इस दौरान सभी थाना प्रभारियों, क्षेत्राधिकारियों और राजपत्रित अधिकारियों को लैपटॉप वितरित किए गए थे।

पुलिस अधीक्षक आनंद ने बताया कि डीजीपी प्रशांत कुमार ने सुशासन दिवस के अवसर पर ई-ऑफिस प्रणाली का शुभारंभ किया। यह प्रणाली एनआईसी (नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर) द्वारा तैयार की गई है और यह केन्द्रीय सचिवालय नियमावली (सीएसएमईओपी) पर आधारित है। ई-ऑफिस प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए जिले में डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया गया है। सभी पुलिस थानों और कार्यालयों को आवश्यक तकनीकी उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं।

# मुक्त विविः प्रदेश के 128 केन्द्रों पर 60 हजार छात्र देंगे परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराजः उप्र राजर्षि** टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के सत्र दिसम्बर 2024 की परीक्षाएं 27 दिसम्बर से प्रारम्भ हो रही है। पूरे प्रदेश में 128 परीक्षा केन्द्रों पर लगभग 60 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। यह जानकारी गुरुवार को कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने दी। उन्होंने बताया कि परीक्षाएं 25 जनवरी तक आयोजित की जाएगी। प्रयागराज तथा गाजीपुर में सर्वाधिक आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उचित छात्र संख्या का मानक स्थापित करते हुए प्रत्येक जनपद में एक परीक्षा केंद्र बनाने का प्रयास किया गया है, जिससे परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कुलपति ने बताया कि प्रदेश के पांच केंद्रीय कारागारों में भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिनमें बरेली, फतेहगढ़, अयोध्या, गोरखपुर तथा गौतमबुद्ध नगर प्रमुख हैं। परीक्षाएं दो पालियों में प्रातः10 से 1 एवं दोपहर 2 से 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि प्रयागराज में लगने वाले विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक मेले महाकुम्भ को ध्यान में रखते हुए प्रमुख स्नान पर्व के आसपास परीक्षा नहीं रखी गई है। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण परीक्षा इस बार 26 दिनों में आयोजित की जाएगी।

विश्वविद्यालय ने परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए समय सारणी को 30 दिन पूर्व प्रकाशित कर दिया था। इस बार समयसारणी को चार खण्डों में विभक्त किया है।

जिसके अंतर्गत सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स की परीक्षाएं 27 दिसम्बर से 2 जनवरी तक, कार्यक्रमों की परीक्षा 27 से 25 जनवरी तक, स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की परीक्षाएं 11 से 25 जनवरी तक तथा पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षाएं एक व दो जनवरी को आयोजित की जाएंगी।

## दो मासूमों को बेकाबू वाहन ने कुचला, मौके पर मौत

**सुल्तानपुर**

**कोतवाली** देहात के हनुमानगंज बाजार मे बुधवार की देर रात अज्ञात बेकाबू वाहन ने घर के सामने सड़क पार कर रहे दो मासूमों को कुचल दिया । दोनो की मौके पर मौत हो गयी है। पुलिस मौके पर पहुचीं। दुर्घटना के बाद हाइवे पर लंबा जाम लग गया है। देहात कोतवाली के सुलतानपुर वाराणसी हाइवे पर बुधवार की रात बीच बाजार में तेज रफ्तार वाहन ने दो मासूमो को रौंद दिया । दोनों की मौके पर ही मौत हो गयी तथा वाहन चालक भाग निकला। मृतक बच्चों की पहचान मो फैज (16) व मो जैद( 18) पुत्र चांदबाबू निवासी हनुमानगंज के रूप मे हुई

# कांग्रेस पदाधिकारी की मौत की न्यायिक जांच की मांग



**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः 18 दिसंबर** को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के आवाहन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विधानसभा घेराव का आयोजन किया गया था। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश युवक कांग्रेस के पूर्व सचिव प्रभात पांडे की मौत हो गई थी। प्रभात पांडे की मृत्यु पर जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने न्याय के लिए निष्पक्ष, न्यायिक जांच तथा दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही कराए जाने की मांग की है। मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भी दिया गया। भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष का काम है जनता की मूलभूत समस्याओं के लिए सरकार का ध्यान आकृष्ट करना और जब सरकार नहीं सुनती है तो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत धरना, प्रदर्शन, आंदोलन और घेराव के कार्यक्रम किए जाते हैं किंतु इस सरकार की नीति रही है कि यह विपक्षियों को धरना प्रदर्शन भी नहीं करने देते, प्रदेश की विधानसभा घेराव के समय कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रभात पांडे की पुलिस लाठीचार्ज में मृत्यु हुई है। हम राज्यपाल से मांग करते हैं कि प्रभात पांडे की मृत्यु की निष्पक्ष और न्यायिक जांच करवाई जाए। इस दौरान विनोद चतुर्वेदी, दुर्गेश बघेल, प्रकाश शर्मा, डॉह्ल देव चौधरी, अशोक शर्मा, अखलाक चौधरी, लोकेश प्रधान, राजकुमार तिवारी, बृजेश कुमार शर्मा एड., मनोज शर्मा एड., गिर्राज सिंह छोकर सलमान चौधरी, देवी, विजय सिंह लोधी, नसरुद्दीन अब्बासी, इन्द्रजीत गौतम मुन्ना चौधरी, ओवैस शाह, गुड्डू खान, समीम ,सुनील सैनी, , चिरागुद्दीन, मनोज शर्मा,मोहन सिंह, देवी सिंह, तेजवीर चौधरी, प्रेमचंद धनगर, राजू जाटव, प्रेम बाबू निषाद, माधुरी प्रसाद, नीरज निषाद, विजय सिंह लोधी, बिन्नी वाल्मीकि, गोपाल वाल्मीकि, जय किशन बाल्मिक आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने तीन गांजा तस्करों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**जालौनः उरई** कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम को संयुक्त रूप से बड़ी कामयाबी मिली है। दोनों टीमों ने अंतरराज्यीय मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 3 शातिर तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से करीब 50 लाख रुपए की कीमत का 135 किलो अवैध गांजा बरामद किया है। जिसे वह लोग डिमांड के हिसाब से सप्लाई करते थे। यह एक डीसीएम में कृषि यंत्रों के सहारे ढककर ले जा रहे थे। पुलिस ने तीनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेज दिया। इस मामले का खुलासा करते हुए जालौन के






पुलिस अधीक्षक डॉक्टर दुर्गेश कुमार ने बताया कि उरई कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी तथा एसओजी प्रभारी और सर्विलांस टीम को सूचना मिली कि उरई कोतवाली क्षेत्र के राठ रोड स्थित विजय विक्रम पैलेस पेट्रोल पम्प के आगे एक डीसीएम में हार्वेस्टर के टैंक में अवैध तरीके से गांजा रखा हुआ है, जिसे जालौन के साथ-साथ अलग-अलग इलाकों में सप्लाई के लिए लाया गया है। इस सूचना पर उरई कोतवाली पुलिस के साथ एसओजी तथा सर्विलांस टीम पहुंची। जांच की तो इस दौरान डीसीएम में रखे कृषि यंत्र के टैंक में अवैध गांजा रखा हुआ था, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। इस दौरान डीसीएम गाड़ी में सवार मध्य प्रदेश के अनूपपुर जनपद के थाना पुष्पराजगढ़ के रहने वाले गणेश प्रसाद राठौर पुत्र दिलदार राठौर तथा मध्य प्रदेश के ही छतरपुर जनपद के महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुसमा महाराजपुर के रहने वाले प्रमोद सैन पुत्र सुखलाल, मनोज रैकवार पुत्र स्वर्गीय घनश्याम दास को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान तीनों ने बताया कि वह डिमांड के अनुसार विभिन्न जनपदों में गांजा की सप्लाई करते थे।

# सात समंदर पार से आए मेहमान परिंदे, ग्रामीण बने पहरेदार

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुरा।** सर्दियों का मौसम शुरू होते ही नारद कुण्ड पर प्रवासी पक्षियों का आना शुरू हो गया है। इन परिंदों को पीछे की बहुत सालों से यहां की धरती और यहां की जलवायु रास आती है। इन दिनों यहां के अलावा यमुना किनारे और गंगनहर के किनारे रंग बिरंगे प्रवासी पक्षियों के कलरव से गुलजार हैं। वन विभाग की ओर से मेहमान परिंदों की सुरक्षा के लिए इंतजाम किये जाते हैं जिससे शिकारी इनका शिकार न कर सकें। इस साल क्षेत्रीय वन विभाग ने इन मेहमान पक्षियों के स्वागत और सुरक्षा के लिए इस तरह के इंतजाम नहीं किए हैं। हालांकि कुंड के आसपास के गांवों के ग्रामीणों को पक्षियों का यहां



आना पसंद है। वह खुद पक्षियों की पहरेदारी करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि पक्षियों का कोई शिकार न कर सके। ग्रामीण लोकेश सिंह कहते हैं। ये पक्षी हर साल यहां आते हैं, ये हमारे मेहमान हैं, उनकी सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है और सभी ग्रामीण इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हैं। तहसील मांट से 25 किमी दूर डडीसरा गावं के जंगल में नारद कुण्ड स्थित है। इन दिनों में प्रवासी पक्षियों को प्राकृतिक आवास और प्रजनन के लिए अनुकूल वातावरण और पसंदीदा भोजन पर्याप्त मात्रा में मिलता है। इन पक्षियों में रेड क्रस्टेड पोचर्ड, ग्रे लेग गूस, बार हेडेड गूस, टफ्टेड डक, पिन टेल, कामन टील, नीलसर, अबलक, कुर्चिया बतख, टिमटिमा, टिकड़ी, स्पून टेल, रूडी सेल्डक (ब्राह्मनी) समेत तमाम प्रजातियों के विदेशी पक्षी यहां आकर सर्दियों के मौसम में प्रवास करते है चौधरी चोखलाल, डा. जागनसिंह, चन्द्रपाल प्रधान, हाकिम चौधरी आदि लोगो ने कहा कि नारद कुण्ड पर प्रवास बाले पक्षियों की देखवाल की जाती है तथा दूरदराज से आने बाले शिकारियों को इधर नहीं आने दिया जाता है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि 66.5 डिग्री देशांतर से ऊपर के देशों में अधिक सर्दी पड़ती है। वहां बर्फ जम जाने के कारण परिंदों के लिए भोजन और प्रजनन का संकट पैदा हो जाता है। तब यह हजारों किलोमीटर का सफर तय कर भारतीय उपमहाद्वीप में आ जाते हैं। पर्याप्त भोजन और सुरक्षा मिलने से इन परिंदों को तराई इलाका काफी पसंद आता है। प्रवासी पक्षी ऐसा स्थान चुनते हैं जहां उनके लिए पर्याप्त भोजन पानी, घास के मैदान और प्रजनन के लिए सुरक्षित घने पेड़ और झाड़ियां उपलब्ध हों। यह प्रवासी पक्षी नवंबर माह में साइबेरिया, रूस, चीन वियतनाम और यूरोपीय देशों से नवंबर के प्रारंभ में यहां आते हैं और प्रजनन के बाद जब सर्दी कम होने लगती है तो फरवरी माह के अंत तक अपने देश लौट जाते हैं। इलाके में प्रवासी पक्षी बड़ी संख्या में आते हैं।

# फिल्मी अंदाज में दवा व्यापारी को दबोच ले गई सीआईए

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** हरियाणा की सीआईए टीम ने शहर के घंटाघर इलाके में छापेमारी कर फिल्मी अंदाज में एक दवा व्यापारी को दबोच लिया। जिससे वहां अफरातफरी मच गई। व्यापारी के एक मामले में वांछित होने की दलील देते हुए पुलिस टीम वहां से जाने लगी तो भीड एकजुट हो गई। स्थानीय पुलिस के हस्तक्षेप के बाद भी टीम वहां से निकल सकी। घटनाक्रम के अनुसार गुरुवार की शाम करीब चार बजे हरियाणा के बल्लभगढ़ सर्कल की सीआईए टीम कोसीकलां के घंटाघर इलाके



में संचालित सिटी केमिस्ट पर पहुंची। जहां उन्होंने अपनी घेराबंदी कर केमिस्ट की दुकान संचालक नवीन कुमार को दबोच लिया। हालांकि इस दौरान पुलिस टीम एवं व्यापारी में तीखी नौंक झौंक हुई। इस बीच पुलिस व्यापारी को धकियाते हुए गाड़ी तक ले जाने लगी। इस दौरान बड़ी संख्या में भीड एकजुट हो गई।




## फास्ट न्यूज

### सीरिया: राष्ट्रपति के 20 से अधिक समर्थक मारे गए

**दमिश्क।** सीरिया में अब अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद के समर्थकों की जान पर बन आई है। सैन्य संचालन विभाग ने राजधानी दमिश्क, ग्रामीण इलाकों, होम्स, लताकिया और टार्टस के कई इलाकों में अभियान चलाकर असद के 20 से अधिक समर्थकों को मार गिराया और कम से कम 45 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। सीरियाई सैन्य संचालन विभाग असद के इन समर्थकों को आतंकवादी मान रहा है। अरबी न्यूज एजेंसी '963+' के अनुसार सैन्य संचालन विभाग के करीबी सूत्र ने बताया कि मेजेह 86, रिपब्लिकन गार्ड के आवासों, दमिश्क के डुम्मर प्रोजेक्ट, कुदसाया, अल-हमा और असल अल में सुरक्षा अभियान शुरू किया गया है। सैन्य संचालन विभाग ने वांछित व्यक्तियों और आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए चार दिन का समय दिया था। अभियान में अपदस्थ शासन से जुड़े कम से कम 20 आतंकवादी मारे गए और 45 से अधिक को गिरफ्तार कर लिया गया।

### विराट पर लगा मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना

**नई दिल्ली।** स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली पर गुरुवार को मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट के पहले दिन आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्मानालगाया गया है।

# हर भारतवासी के लिए देश व राष्ट्र सर्वोपरि: योगी

## सिख गुरुओं की प्रेरणा से बढ़ेंगे तो काबुल-बांग्लादेश होने से बच पाएंगे: सीएम योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिख परंपरा काफी समृद्ध है। इन्होंने विपरीत परिस्थितियों में लड़ते हुए न केवल अपनी परंपरा को सुरक्षित-संरक्षित रखा, बल्कि देश व धर्म के लिए भी बलिदान देकर नई प्रेरणा प्रदान की। एक तरफ इनका गौरवशाली इतिहास है तो दूसरी तरफ सुनते हैं कि काबुल में सिखों के दो, चार-दस परिवार ही बचे हैं। जब बांग्लादेश की घटना व पाकिस्तान के अंदर अत्याचार के बारे में सुनते हैं, तब सिख



गुरुओं के त्याग-बलिदान का स्मरण होता है। सिख गुरुओं के आदर्श हमें आगे बढ़ने की ऊर्जा देंगे। उनका आशीर्वाद हमारी प्रेरणा है। उस प्रेरणा से आगे बढ़ेंगे, तब काबुल-बांग्लादेश होने से बच पाएंगे, तब किसी ननकाना साहिब के लिए आंदोलन-संघर्ष की जरूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि वह हमें स्वतस्फूर्त भाव से प्राप्त होगा।

### गुरु परंपरा के प्रति श्रद्धा का भाव बनता है समृद्धि व खुशहाली का कारण

**सीएम** ने कहा कि गुरु नानक देव से लेकर गुरु गोविंद सिंह महाराज, चार साहिबजादों से लेकर पंच प्यारों तक, सिख गुरुओं का इतिहास देश व धर्म के लिए शहादत का इतिहास है। यह केवल कौम का नहीं, देश का इतिहास है। यह भारतवासियों के लिए प्रेरणा है। जाति-पाति का भेदभाव समाप्त हो, इसके लिए गुरुनानक ने शबद-कीर्तन की प्रेरणा दी। मिल-बांटकर खाने के लिए जिस लंगर की शुरूआत की, उसका अनुसरण आज भी हर गुरुद्वारा कर रहा है। गुरु परंपरा के प्रति श्रद्धा का यह भाव ही समृद्धि व खुशहाली का कारण बनता है। भेद परिवार में नहीं, शत्रु-मित्र में होता है।

मुख्यमंत्री आवास पर गुरुवार को वीर बाल दिवस (साहिबजादा दिवस) का मुख्य आयोजन किया गया।

# सीएम नीतीश ने योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के प्रथम चरण के तीसरे दिन गुरुवार को सीतामढ़ी जिले के रीगा चीनी मिल के पुनरुद्धार कार्य का शुभारंभ किया। साथ ही डुमरा प्रखंड के मनियारी गांव के विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से सीतामढ़ी जिले के लिए 236 करोड़ 60 लाख रुपये की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके तहत 141 करोड़ 12 लाख 92 हजार रुपये की योजनाओं का उद्घाटन तथा 95 करोड़ 47 लाख 78 हजार रुपये की योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत निर्मित सतुआही पोखर, मनियारी (डुमरा में) नौका विहार तथा पोखर किनारे योग सह ध्यान केंद्र, खुला व्यायामशाला एवं बाल क्रीड़ा स्थल का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जल-जीवन-हरियाली अभियान का गुब्बारा उड़ाया। साथ ही सतुआही पोखर में दो हंसों का जोड़ा भी छोड़ा। योग सह ध्यान केंद्र का निरीक्षण किया।

# एमपी कैबिनेट ने दी जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम की स्वीकृति

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक हुई। बैठक में मंत्रि-परिषद ने मध्य प्रदेश जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम, 2024 लागू किये जाने की स्वीकृति प्रदान की। इसके साथ ही मंत्रि-परिषद ने सिंहस्थ 2028 को देखते हुए क्षिप्रा नदी के तट पर घाट निर्माण और प्रदेश में स्थापित 11 के.वी. फीडर्स को सौर ऊर्जा से ऊर्जीकृत किये जाने की स्वीकृति भी दी है। नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि महा-



रजिस्ट्रार कार्यालय, भारत सरकार से प्राप्त प्रारूप नियम के अनुरूप मध्य प्रदेश जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम, 2024 तैयार किया गया है। इसके अंतर्गत मध्य प्रदेश जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम, 1999 की विभिन्न धाराओं में संशोधन किया गया है। मध्य प्रदेश जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम, 2024 के मुख्य बिंदुओं में जन्म और मृत्यु प्रमाण-पत्र के डिजिटल रजिस्ट्रीकरण और इलेक्ट्रॉनिक परिदान का उपबंध, रजिस्ट्रीकृत जन्म और मृत्यु का राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय डाटाबेस तैयार करना, दत्तक ग्रहण किये गये।

# 'सीएम धामी ने राष्ट्रीय खेलों की मशाल और प्रचार रथ को दिखाई झंडी

**टीम एक्शन इंडिया**

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को हल्द्वानी के गौलापार अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम से 38वें राष्ट्रीय खेलों की मशाल और खेल विभाग के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर खेल मंत्री रेखा आर्य, लालकुआं और भीमताल के विधायक, तथा खेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि



उत्तराखंड के लिए यह गौरव की बात है कि 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी राज्य को मिली है। उन्होंने इस आयोजन को प्रदेश का एक बड़ा उत्सव बनाने के लिए जनता से सहयोग की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकल्प से शिखर तक के नारे के साथ इस आयोजन में जनसहभागिता महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।सीएम धामी ने यह भी कहा कि खेलों की मशाल युवा पीढ़ी को प्रेरित करेगी और राष्ट्रीय खेलों के माध्यम से उत्तराखंड के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर मिलेगा।

# 30 दिसंबर को संदेशखाली जाएंगी मुख्यमंत्री ममता

**टीम एक्शन इंडिया**

**दक्षिण 24 परगना:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक सरकारी कार्यक्रम के सिलसिले में अगले सोमवार यानी 30 दिसंबर को संदेशखाली का दौरा करेंगी। गुरुवार को नबान्न विधानसभा भवन से एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह 30 दिसंबर को संदेशखाली का दौरा करेंगी। उस दिन दोपहर एक बजे ममता एक सरकारी कार्यक्रम में शामिल होंगी और जरूरतमंदों को कपड़े बाटेंगी।




**नजीर** जहां सड़क बनाना ही कठिन था वहां योगी सरकार ने बना दिया एक्सप्रेसवे

# सीएम योगी के दृढ़ संकल्प की नजीर है गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर:** लो लैंड के कारण जहां सामान्य सड़क बनाना ही दुरूह था, वहां योगी सरकार ने एक्सप्रेसवे बना दिया है। यह एक्सप्रेसवे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दृढ़ संकल्प की नजीर भी है। यूं तो यह एक्सप्रेसवे गोरखपुर से आजमगढ़ के बीच चार जिलों से गुजरता है लेकिन इसकी कनेक्टिविटी से राजधानी लखनऊ की राह भी और आसान हो रही है। रोड इंफ्रास्ट्रक्चर की इस शानदार सौगात का नाम है गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे। इसका 98 प्रतिशत काम पूरा होने के साथ वाहनों का आवागमन भी



होने लगा है। प्रदेश में रोड कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने पर लगातार काम कर रही योगी सरकार नए साल में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर आवागमन की पूर्ण सुविधा के साथ इसका औपचारिक लोकार्पण भी करने की तैयारी में है। इस एक्सप्रेसवे से गोरखपुर क्षेत्र, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ, आगरा एवं दिल्ली तक त्वरित एवं सुगम यातायात कॉरिडोर से जुड़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता वाली परियोजनाओं में से एक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे गोरखपुर बाईपास एनएच- 27 ग्राम जैतपुर के पास से प्रारंभ होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर जनपद आजमगढ़ के सालारपुर में समाप्त हो रहा है। 91.35 किमी लंबे इस एक्सप्रेसवे की अद्यतन कुल लागत 7283.28 करोड़ रुपये (भूमि अधिग्रहण पर व्यय समेत) है। इससे जनपद गोरखपुर, अम्बेडकरनगर, संतकबीरनगर, आजमगढ़ सीधे तौर पर लाभान्वित हुए हैं।

गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे तीव्र संपर्क तथा बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करेगा। साथ ही साथ संबंधित क्षेत्र के जनमानस को भी एक दूसरे के और निकट लाने में मदद करेगा।

